


सूर्योदय प्रातः 6:22 | सूर्यास्त संध्या 5:44 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. द्वितीया, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 13°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शुक्रवार, 14 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 05, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,138.97 | -32.11 (-0.04%) |
| निफ्टी | 23,031.40 | -13.85 (-0.06%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| 24 carat सोना | 85,630.00 |
| चांदी | 1070.00 |

## वक्फ विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट पहले राज्यसभा, फिर लोकसभा में हुई पेश

# दोनों सदनों में खूब बरपा हंगामा !

### राज्यसभा में मेधा कुलकर्णी ने पेश की रिपोर्ट, विपक्ष ने किया वॉकआउट

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट गुरुवार को राज्यसभा में पेश की गयी। रिपोर्ट को भाजपा सदस्य मेधा कुलकर्णी ने पेश किया। इस दौरान विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कई बार बाधित हुई। रिपोर्ट में असहमति वाली टिप्पणियों को शामिल नहीं किये जाने का आरोप लगाते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया।

जेपीसी रिपोर्ट सदन में पेश होने के बाद विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि रिपोर्ट में असहमति वाली टिप्पणियों को इसमें से हटा दिया गया है। खड़गे ने इसे निंदनीय और अलोकतांत्रिक बताते हुए सदन के सभापति से रिपोर्ट को खारिज करने और इसे वापस भेजने का आग्रह किया। जेपीसी रिपोर्ट को वापस भेजने की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। कर्नाटक से कांग्रेस के सदस्य सैयद नासिर हुसैन ने कहा कि रिपोर्ट से उनके असहमति नोट हटा दिये गये हैं। जेपीसी सदस्यों के बीच कोई चर्चा नहीं हुई।

खड़गे के दावों का विरोध करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ● शेष पृष्ठ 11 पर





पीठासीन : सभापति, श्री जगदीप धनखड

डा. सैयद नसीर हुसैन, आईएनसी, कर्नाटक

### जेपीसी की पूरी रिपोर्ट पेश की गयी, विपक्ष की आपत्तियां गलत : किरेन



**केन्द्रीय** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में पेश किये गये वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में विपक्ष की आपत्तियों को शामिल नहीं किये जाने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के तहत पूरी रिपोर्ट को पेश किया गया है। केवल समिति और अध्यक्ष के बारे में की गयीं टिप्पणियों को अध्यक्ष ने अपने अधिकार का उपयोग कर हटाया है। रिजिजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि आज वक्फ संशोधन विधेयक से सम्बन्धित रिपोर्ट को दोनों सदनों में पेश किया जाना था। आज पहले इसे राज्यसभा में पेश किया गया। विपक्ष ने इस पर आपत्ति जतायी कि इसमें उनकी आपत्तियों को शामिल ● शेष पृष्ठ 11 पर

### संसद के बजट सत्र का पहला भाग समाप्त, दोनों सदनों की कार्यवाही 10 मार्च तक स्थगित

**संसद** के बजट सत्र का पहला भाग गुरुवार को पूरा हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गयी। दोनों सदनों की कार्यवाही 31 जनवरी से शुरू हुई थी। इस दौरान दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा की गयी। वित्त मंत्री ने गुरुवार को राज्यसभा में बजट पर हुई चर्चा का जवाब दिया। लोकसभा और राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गयी। रिपोर्ट को पेश किये जाने के दौरान दोनों सदनों में विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष का कहना था कि रिपोर्ट में विपक्ष के नेताओं की असहमति के बिन्दुओं को हटाया गया है।

## जगदम्बिका पाल ने लोकसभा में पेश की रिपोर्ट, विपक्ष ने किया बहिर्गमन

### स्पीकर ने कहा

■ सभी विषयों को रिपोर्ट में शामिल किया गया

**राज्यसभा** के बाद लोकसभा में भी गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को पेश करने के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष ने आपत्ति जतायी कि उनके कई साथियों के असहमति नोट को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस सम्बन्ध में जिन भी विषयों को उनके समक्ष उठाया गया है, उन्हें रिपोर्ट के एनक्षर (अनुलग्नक) में शामिल किया गया है।

हालांकि, विपक्ष ने इस मुद्दे पर सांकेतिक बहिर्गमन किया।

जेपीसी अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने रिपोर्ट को लोकसभा में पेश किया। इसके बाद विपक्ष के नेता हंगामा करते हुए सदन के बीचों-बीच आ गये। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेताओं ने आपत्ति जतायी है कि उनके विमत (असहमति भरे नोट) शामिल नहीं किये गये हैं। वे अपनी पार्टी की ओर से आग्रह करते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष कार्यप्रणाली के तहत जो जोड़ना चाहें जोड़ें, उनकी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है।

इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के जेपीसी सदस्य उनसे मिले थे। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर विधेयक-2025



केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में बहुप्रतीक्षित नया आयकर विधेयक-2025 पेश कर दिया। नये आयकर विधयेक को सलेक्ट कमेटी के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 10 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक-2025 को पेश करते हुए कहा, 'हम आयकर धाराओं की संख्या घटा कर 536 ● शेष पृष्ठ 11 पर

### इमरान प्रतापगढ़ी ने महंगाई पर सरकार को संसद में घेरा

**राज्यसभा** में गुरुवार को केन्द्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा के दौरान कांग्रेस सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने संसद में पेश बजट प्रावधानों को नाकाफी बताते हुए वित्त मंत्री से अल्पसंख्यकों के बजट, मनरेगा, युवाओं के लिए रोजगार और किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाने की मांग की। उन्होंने महंगाई का मुद्दा उठाते हुए दूध, पेट्रोल सहित रोजमर्रा के लिए जरूरी चीजों के बढ़ते दामों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### सुनीता विलियम्स 12 मार्च को धरती पर लौटेंगी

**नयी दिल्ली** : अंतरिक्ष में 8 महीने बिताने के बाद भारतीय मूल की एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स आखिरकार 12 मार्च 2025 को धरती पर लौटेंगी। हालांकि, इतने लंबे समय तक माइक्रोग्रैविटी में रहने के कारण उनके शरीर पर कई प्रभाव पड़ सकते हैं, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

ऐसे में अनेक एक्सपर्ट बताते हैं कि वापसी के बाद उन्हें किन दिक्कतों से जूझना पड़ सकता है। चलने-फिरने में परेशानी अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण न होने के कारण मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। वहां चलने की जरूरत नहीं होती, इसलिए धरती पर लौटने के बाद शरीर को दोबारा गुरुत्वाकर्षण के अनुसार एडजस्ट होने में समय लगता है।

### उपराष्ट्रपति कल एसएमवीडीयू के दीक्षांत समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

**नयी दिल्ली** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 15 फरवरी को जम्मू में श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय (एसएमवीडीयू) के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे।

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 15 फरवरी को जम्मू (जम्मू और कश्मीर) का दौरा करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान, उपराष्ट्रपति श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय परिसर के मातृका ऑडिटोरियम में आयोजित 10वें दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे।

उपराष्ट्रपति सचिवालय ने बताया कि उपराष्ट्रपति श्री माता वैष्णो देवी मंदिर और भैरों जी मंदिर भी जायेंगे।

### पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' विकसित कर रहा है भारत

**नयी दिल्ली** : भारत का पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशन टेक्नोलॉजी (एनआईओटी), चेन्नई के माध्यम से एक मानवयुक्त पनडुब्बी ह्यमत्स्य 6000ह्ण विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य समुद्री अन्वेषण और अवलोकन के लिए वैज्ञानिक सेंसर के एक सेट के साथ तीन लोगों को समुद्र में 6000 मीटर की गहराई तक ले जाना है।

मानवयुक्त पनडुब्बी मत्स्य 6000 के 2026 तक बनने की संभावना है। इस बारे में बताते हुए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि डीप ओशन मिशन के अंतर्गत विकसित प्रौद्योगिकियां गहरे समुद्र में मानव-संचालित वाहन विकास के लिए देश की क्षमता का विस्तार करेंगी तथा गहरे समुद्र में सतत अन्वेषण और सजीव एवं निर्जीव संसाधनों के दोहन का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

## पश्चिम बंगाल के बर्दवान में डॉ. भागवत की सभा को मंजूरी नहीं

■ आरएसएस ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल पुलिस की तरफ से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की बर्दवान में प्रस्तावित सभा के लिए अनुमति नहीं दी जाने पर संघ की राज्य इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का रुख किया। पूर्व बर्दवान जिले के बर्दवान शहर में 16 फरवरी को आरएसएस प्रमुख डॉ. भागवत की सभा होनी थी, लेकिन जिला पुलिस ने माध्यमिक परीक्षा के मद्देनजर लाउडस्पीकर के उपयोग पर लगी पाबंदी का हवाला देते हुए इसकी अनुमति देने से इनकार कर दिया। पुलिस का कहना है कि प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है, जिससे परीक्षा प्रभावित हो सकती है। हालांकि, आरएसएस के समर्थन में तर्क दिया जा रहा है कि चूंकि यह सभा रविवार को होनी है, इसलिए परीक्षा में किसी तरह की बाधा नहीं आयेगी।

## राष्ट्रपति 14-15 को कर्नाटक व झारखंड के दौरे पर



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 एवं 15 फरवरी को कर्नाटक और झारखंड का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू 14 फरवरी को आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बेंगलुरु में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगी। अगले दिन 15 फरवरी को राष्ट्रपति मुर्मू रांची में बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह को सम्बोधित करेंगी।

### द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

- फ्लाइट पकड़नेवाले और मैट्रिक की परीक्षा देनेवाले जरूर दें ध्यान
- 14 फरवरी को सुबह 8:00 बजे से रात 10:00 बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित
- 14 फरवरी को दोपहर 03 बजे से शाम 7:00 बजे तक शहर में छोटे मालवाहक वाहनों का प्रवेश भी रहेगा वर्जित

**कौन से मार्ग रहेंगे बंद**

- 14 फरवरी को दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कांके, रातू, दलादली, काठीटांड़ और काठीटांड़ की ओर जानेवाले वाहन शहर के मुख्य मार्ग लालपुर रोड और कांटाटोली होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।
- 14 फरवरी ● शेष पृष्ठ 11 पर

## मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू, सीएम बीरेन सिंह पहले ही दे चुके हैं इस्तीफा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्र सरकार ने गुरुवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया। इससे पहले, 09 फरवरी को मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंप दिया था।

गौरतलब है कि जातीय हिंसा के चलते भारी दबाव के बाद बीरेन सिंह ने पद से इस्तीफा दिया था। मणिपुर में 03 मई 2023 से जातीय हिंसा जारी थी, जिससे राज्य में अशांति बनी हुई थी। 21 महीनों से जारी इस हिंसा को लेकर बीरेन सिंह पर इस्तीफे का दबाव था। विपक्षी पार्टियां भी एनडीए सरकार से लगातार इस मुद्दे पर सवाल पूछ रही थीं। इसके चलते 09 फरवरी को बीरेन सिंह ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था।

**कूकी समुदाय की मांग : अलग प्रशासन**

कूकी समुदाय की संस्था आईटीएलएफ के प्रवक्ता गिन्जा वूलजोंग ने कहा कि बीरेन सिंह ने अविश्वास प्रस्ताव में हार के डर से इस्तीफा दिया।

## महाकुम्भ : अब सिर्फ नागा साधु ही नहीं, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का अध्ययन भी कर रहे विदेशी पर्यटक

- विदेशी सैलानियों को मिली भारतीय संस्कृति की नयी ऊर्जा
- अफ्रीका के घाना से आये प्रतिनिधियों ने की अग्नि अखाड़े के सचिव महामंडलेश्वर सम्पूर्णानन्द जी से मुलाकात
- विदेशी सैलानियों ने भारतीय संस्कृति को नजदीक से देखा और अनुभव किया



एजेंसी

**महाकुम्भ नगर** : महाकुम्भ 2025 में इस बार विदेशी सैलानियों की रुचि में बड़ा बदलाव देखा गया है। पहले जहां विदेशी पर्यटक नागा साधुओं और उनके रहस्यमय जीवन को जानने के लिए आते थे, वहीं इस बार वे महाकुम्भ की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और सम्पूर्ण आयोजन प्रबंधन का अध्ययन करने भी आ रहे हैं। इस बार मेले में पहले से कहीं ज्यादा विदेशी सैलानी पहुंचे और उन्होंने भारतीय संस्कृति को नजदीक से देखा और अनुभव किया।

### पुणे में एक और जीबीएस मरीज की मौत

**मुंबई** : पुणे जिले के खडकवासला में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) पीड़ित एक और मरीज की मौत हो गयी है। जीबीएस से राज्य में अब तक मरनेवालों की संख्या बढ़ कर आठ हो गयी है। राज्य में अब तक जीबीएस के 203 मरीज मिल चुके हैं। इनमें से 109 लोगों को पूरी तरह ठीक होने के बाद छुट्टी दी जा चुकी है। सूबे के विभिन्न अस्पतालों में से 54 मरीज आईसीयू में इलाज करा रहे हैं, जबकि 20 वेंटिलेटर पर हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि खडकवासला क्षेत्रवासी 59 वर्षीय व्यक्ति की जीबीएस से मौत हो गयी है।

## नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं योजनाओं को गति दें : अलका

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गतिवाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया। मुख्य सचिव गुरुवार को रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ीं योजनाओं की हाई पावर कमिटी की बैठक में समीक्षा कर रही थीं। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी। ● शेष पृष्ठ 11 पर





■ रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हाई पावर कमिटी की बैठक

# पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन को भारत ने किया खारिज

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय सेना ने पाकिस्तान सीमा पर किसी भी तरह के संघर्ष विराम उल्लंघन से इनकार किया है। बॉर्डर पर दोनों ओर से भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिन्ता व्यक्त की गयी है।

सेना का यह बयान उस समय आया है, जब बुधवार शाम को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी सेना की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन किये जाने की जानकारी मिली। खबरों में बताया गया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके बाद भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय पक्ष में किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है।

सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम बरकरार है और भारत और पाकिस्तान सेनाओं के बीच सहमति के अनुसार इसका पालन किया जा रहा है। नियंत्रण रेखा पर क्रॉस-लाइन फायरिंग की कुछ छिटपुट घटनाओं और नियंत्रण रेखा पर एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट के कारण तनाव को स्थापित तंत्र के माध्यम से निपटाया जा रहा है। भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिंता व्यक्त की गयी है।

दरअसल, जम्मू जिले की नियंत्रण रेखा पर मंगलवार को अखनूर सेक्टर में दोपहर करीब 3.50 बजे भट्टल क्षेत्र में एक चौकी के पास एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट हुआ था। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने एक पोस्ट में कहा कि अखनूर सेक्टर के लालेली में बाड़ के पास गश्त के दौरान संदिग्ध इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में दो जवान शहीद हो गये। बलिदान हुए जवानों में एक जम्मू संभाग के सांबा जिले के कमिला गांव निवासी नायक मुकेश और दूसरे झारखंड निवासी कैप्टन करमजीत सिंह बख्शी थे, जिनके पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांवों को भेज दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के बाद पूरे इलाके में घेराबंदी करके सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। पिछले कुछ दिनों से पुंछ जिले की नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों की ओर से घुसपैठ की कोशिशें की जा रही हैं, जिसे सुरक्षाबल लगातार नाकाम बना रहे हैं। इसलिए सेना ने आज कहा कि सीमा पर स्थिति स्थिर बनी हुई है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना उच्च सतर्कता और नियंत्रण रेखा पर अपना दबदबा बनाये हुए है।

■ दोनों ओर से भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ



## अंदर के पन्नों पर


3 दीदियों के आजीविका संवर्धन पर हुई चर्चा...

5 लोको टैंक के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाने...

7 श्रम विभाग व जिला नियोजनालय की...

9 40 करोड़ की अफीम की फसल को पुलिस ने...

10 आरसीबी के नये कप्तान बने रजत पाटीदार...

## एक झलक

### चपाड़ी रेलवे ट्रैक से 40 साल के व्यक्ति का शव बरामद

**बेड़ो** : नरकोपी थाना क्षेत्र के चपाड़ी गांव के रेलवे ट्रेक के पोल संख्या 458/12 एवं 458/13 के बीच गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े दस बजे एक 40 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि 40 वर्षीय व्यक्ति की पहचान करकरी नवा टोली गांव के भनेश्वर उरांव पिता स्व सुना भगत के रूप में की गई। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें जीआरपी द्वारा दी गई। वहीं मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए शुक्रवार को रिम्स भेजा जाएगा। वही घटना को लेकर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अफीम की अवैध खेती के खिलाफ लोगों को किया गया जागरूक

**खंटी** : जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को कर्रा बाजार समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। जिला प्रशासन खूंटी का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गई।

### श्री श्री बजरंग बली मंदिर निर्माण का मना 13वां वार्षिक उत्सव

**अनगड़ा** : अनगड़ा के सिरका ग्राम के नया टोली में श्री श्री बजरंग बली मंदिर निर्माण का 13वाँ वार्षिक उत्सव को लेकर तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव आचार्य दिवाकर पाठक के हाथों भंडारा के साथ समाप्त हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संसद श्री राम टहल चौधरी, विशिष्ट अतिथि भाजपा रांची के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार,कामेश्वर महतो,कलेश्वर महतो उपस्थित हो श्री श्री बजरंग बली का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष जगेश्वर महतो, सचिव राजेश सिंह, कोषाध्यक्ष आशेष्वर मुंडा, संरक्षक धर्मनाथ महतो, धर्मेंद्र सिंह, प्रणव महतो, सदस्य फलिंद्र महतो, मदनलाल महतो, कर्मलाल महतो, लखी सिंह, सुखराम सिंह, दिलीप महतो, ब्रजेश सिंह, कमलू महतो, राजेंद्र महतो, नेवालाल महतो, जगनू महतो, दिनेश्वर महतो आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग किया।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में खूंटी को मिला तीन करोड़ का पुरस्कार

**खूंटी** : स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर नीति आयोग ने खूंटी जिले को तीन करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है। खूंटी जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन रहा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। खूंटी जिले ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण में उल्लेखनीय प्रगति की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग, जिंदा जले दम्पति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : सोनाहातू थाना क्षेत्र के डिबाडीह गांव के बोड़याटांड़ में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से एक घर के दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बुधवार रात 11 बजे के बाद की बताई जा रही है। डिबाडीह गांव के बोड़याटांड़ सिल्ली-टीकर - रांगामाटी सड़क पर पंचर बनाने वाली दुकान में आग लगी। पंचर की दुकान रंजीत साहू ( 46 वर्ष )आग से जिंदा जल गए जबकि इनकी पत्नी मीणा देवी ( 40 वर्ष ) की दम घुटने से मौत हो गई। आग इतनी भयानक थी कि ये दोनों घर से निकल ही नहीं पाये। पंचर बनाने की दुकान के पीछे एक छत वाला चार कमरे का मकान भी है। घटना के संबध में बताया जा रहा है कि शॉर्ट शर्किट से आग लगे के बाद पंचर दुकान में रखे ज्वलवनशील पदार्थ डीजल से आग



तेजी से पकड़ी। बताया जाता है कि बड़े बेटा ने छत से कूदकर अपनी जान बचाई और आवाज देकर लोगों को बुलाया ।बाद में फायर बिग्रेट को बुलाया गया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन दो लोगों की मौत के साथ काफी नुकसान कर गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी चंदन कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर दंपत्ति के जले शव को कब्जे में लेकरआवश्यक कारवाही के बाद गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। घटना के संबध में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि घटना दर्दनाक है। मामले की जांच की जा रही है। लोगों से अपील है कि घर में ज्वलवनशील प्रदार्थ न रखे। शॉर्ट सर्किट या अन्य कारण से आग लगी है इसका जांच की जा रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक दंपत्ति रंजीत साहू और मीणा देवी के दो बेटा है। बड़ा बेटा पूरन साहू घर में रह कर पिता व्यवसाय में मदद करता है। छोटा बेटा गांव के कुछ दूर तिलाईपीड़ी मोड पर अपना पंचर बनाने की दुकान चलाता है। आग लगने के समय मां बाप के साथ बड़ा बेटा पूरन साहू किसी तरह जान बचा कर घर के छत में गया और छलांग लगा कर जान बचाई। इसने ही लोगों को बुलाया और आग बुझाने का प्रयास किया। पुरन साहू ने बताया कि घर में ट्रैक्टर है जिस कारण एक गैलन में डीजल रखा हुआ था। डीजल में आग पकड़ने के बाद ही स्थिति भयावक हुई।उसने बताया कि आग लगने से पांच लाख से अधिक की नुकसान हुआ है। आग से एक बाइक जल कर राख हुआ है। जेवरात, कागजात,घरेलू समान, कपड़े, अनाज आदि सब जल कर राख हुए है। रंजीत साहू कई वर्षों से पंचर बनाने का काम करता था। छोटी बड़ी सभी प्रकार के वाहनों के टायर का पंचर बनाता था जिस कारण व्यापार जमा हुआ था।पिता के व्यापार का देख कर ही छोटा बेटा पंचर बनाने का व्यवसाय करता है। रंजीत का पत्नी गृहणी थी। मृतक रंजीत लोगों से काफी मिलजुल कर रहता था। आवश्यक होने पर रात में भी लोगों का टायर बना देता था। मां बाप के मौत के बाद दोनों बेटा का रो कर बुला हाल है। इधर घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। घटना के सूचना के बाद विधायक अमित महतो रात में ही गांव जाकर घटना की जानकारी लिया।मुखिया प्रतिनिधि फणीभूषण सिंह मुंडा ने भी मृतक के बेटा से मिलकर दुख व्यक्त किया।

## बोल और सुन भी नहीं सकती लड़की, दे रही मैट्रिक परीक्षा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : हम उस छात्रा की बात कर रहे है जो न बोल सकती है, और न ही सुन सकती है। इसके बावजूद अपने जज्बे के दम पर वह न सिर्फ पढ़-लिख सकती है, बल्कि इस बार दसवीं जैक बोर्ड की परीक्षा दे रही है। पम्मी कुमारी भले जन्म से ही मुंह व कान से दिव्यांग हो लेकिन हौसले में कोई कमी नहीं। इसी हौसले की बदौलत वह अन्य सामान्य छात्रों के साथ प्रखंड के जहानाबाज गांव स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय से 10वीं तक पढ़ाई कर के इस वर्ष जैक बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में पड़े सेंटर में परीक्षा दे रही है। प्रखंड के जहानाबाज गांव के रहने वाली पम्मी कुमारी पिता चंद्र महतो एक छोटे किसान हैं जो किसी तरह से अपने परिवार का गुजारा करते हैं। इधर बेटी बड़ी होने लगी तो मां-बाप कभी गुदगुदाकर उसे खिलखिलाने की कोशिश करते रहते। लेकिन कुछ महीने बाद परिवार को अजीब सा शक हुआ। वह जब भी उसे पुकारते तो उसका हाव, भाव या रिएक्शन नहीं मिलता था। इसी बीच पिता ने पम्मी को डाक्टर को दिखाया तो बोले की वह सुन और बोल नहीं पाएगी। वह जैसे बड़ी हुई तो सामान्य बच्चों की तरह उसकी पढ़ाई शुरू कराई। और वह अब देखकर लिखे शब्दों को पढ़कर लिखकर सब कुछ कहती और बताती चाहे वह खाना खाना हो या अन्य कार्यो के लिए वह लिखकर अपनी बात कहती है।

## मैट्रिक और इंटर के कई परीक्षार्थियों को नहीं मिला एडमिट कार्ड

■ छात्रों और अभिभावकों में भारी नाराजगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा 11 फरवरी से राज्य भर में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा ली जा रही है। इधर, कई परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड नहीं मिलने का मामला प्रकाश में आ रहा है। कुछ बच्चे परीक्षा से वंचित रह गए हैं और कुछ वंचित होने की कगार पर हैं। एक मामला के.के.सी.प्लस टू हाई स्कूल सयाल का सामने आया है। जहां 12वीं का छात्र सौरभ कुमार एडमिट कार्ड नहीं मिलने की वजह से इंटर की परीक्षा देने से चूक गया है। सेंट्रल सौंदा निवासी सह झामुमो कार्यकर्ता उदय मालाकार के पुत्र सौरभ ने बताया कि 10 फरवरी से स्कूल में एडमिट कार्ड बांटा जा रहा है। स्कूल पहुंचने पर टालमटोल किया जाता रहा और एडमिट कार्ड नहीं दिया गया। प्रधानाध्यापक, क्लर्क और शिक्षक सबसे बात हुई, लेकिन



सभी एक दूसरे पर जिम्मेवारी थोप चक्कर कटवाते रहे। बुधवार की शाम तक एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया था। एडमिट कार्ड नहीं मिला, जिससे आज परीक्षा में शामिल नहीं हो सका। मामले पर सौरभ के पिता उदय मालाकार ने कहा कि यह घोर लापरवाही है। स्कूल में टाल-मटोल करते हुए सौरभ को एडमिट कार्ड नहीं दिया गया। जिससे उसकी परीक्षा छूट गई। इसकी वजह से बच्चे का एक वर्ष बर्बाद होने को है। इसकी शिकायत झारखंड एकेडमिक काउंसिल रांची, डीसी रामगढ़ और जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ से की जाएगी। जरूरत पड़ी तो न्यायालय की शरण में भी जाएंगे। वहीं दूसरा मामला रामगढ़ जिले के घुटुवा स्थित सीसीएल प्लस टू हाई स्कूल का है। जहां दसवीं कक्षा के दो छात्र हेहल निवासी सूरज बेदिया और डुड़गी निवासी सुशांत मुंडा को मैट्रिक परीक्षा का एडमिट कार्ड अब तक नहीं मिल सका है। बच्चों को आगामी 18 फरवरी से परीक्षा में सम्मिलित होना है। बच्चे और उनके अभिभावक परेशान हैं और स्कूल के चक्कर काट रहे हैं। परीक्षार्थी सूरज बेदिया ने बताया कि प्रधानाध्यापक और क्लर्क स्कूल में किसी प्रकार की चूक से इंकार कर रहे हैं और जैक की गड़बड़ी बता रहे हैं। 10 फरवरी को जैक ऑफिस भी गया था। वहां भी कोई समस्या सुनने-समझने वाला नहीं मिला। वहीं एक अन्य छात्र सुशांत मुंडा को भी एडमिट कार्ड अब तक नहीं मिला है। कहा कि मामले को लेकर उपायुक्त रामगढ़ को आवेदन देने जा रहे हैं। बहराल, जिले में कई अन्य छात्रों के एडमिट कार्ड नहीं मिलने की बातें कही जा रही है।

## वेलेंटाइन वीक में प्रेमिका के साथ पकड़ा गया पति, थाने पहुंची पत्नी

**रामगढ़** : वेलेंटाइन वीक अपनी चरम सीमा पर है। ऐसे मौके पर प्रेमी युगल एक दूसरे से मिलने के लिए बेताब रहते हैं। 13 फरवरी को वेलेंटाइन वीक का "किस डे" मनाया जाता है। इस दिन एक महिला ने अपने पति को उसकी प्रेमिका के साथ उसके घर में ही पकड़ लिया। इसके बाद यह पूरा मामला थाने पहुंचा। पति और उसकी प्रेमिका दोनों पुलिस की हिरासत में पहुंच गए। यह पूरी घटना रामगढ़ थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के पीछे एक घर में घटी है। पुलिस की हिरासत में मौजूद प्रेमी भीम सिंह कुशवाहा और उसकी प्रेमिका कांति देवी एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसम खा रहे थे। इसी दौरान भीम की पत्नी संध्या कुमारी वहां पहुंची और उन दोनों को रंगे हाथों पकड़ा। उसने भीम और कांति को कमरे के बाहर बंद कर दिया और पूरे मोहल्ले को वहां जुटाया।

## बेड़ो में हाथियों का उत्पात जारी, कराह रहे किसान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : प्रखंड के गांवों में हाथियों का झुंड उत्पात मचा रहा है। इससे ग्रामीण व किसान परेशान हैं। पिछले एक महीनों से जंगली हाथियों ने उत्पात मचा रखा है। प्रत्येक दिन शाम होते ही हाथी गांव में प्रवेश कर जाते हैं। और गरीबों के आशियाने को तोड़कर व खेतों में फसलों को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर रहे है। जिससे किसान हताश और परेशान नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों को हर दिन जान माल का भी खतरा बना हुआ है। वन विभाग की ओर से सुरक्षा व हाथी को भगाने की मांग बेकार साबित हो रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वही गांव के लोग हमेशा हाथियों के डर से दहशत में रहे हैं। इनकी सुरक्षा का भरोसा देने के लिए कोई सामने नहीं आ रहा है। गांव के लोग रात्रि में खुद ही रात जग कर अपनी सुरक्षा करते है। जहां बुधवार की रात पांच हाथियों के झुंड ने प्रखंड के नगड़ी टोली गांव में रोहित कुजूर पिता एतवा कुजूर के एक एकड़ में लगे गेहूं की फसल को खाकर व रौंदकर बर्बाद कर दिया। वही गुरुवार की सुबह जब किसान अपने खेत पहुंचे तो अपनी खेतों की हालत देख हताश व निराश हो गए। इधर ग्रामीणों व किसानों का कहना है कि गांव में लोग हाथियों के आतंक से परेशान और भयभीत हैं। लेकिन प्रशासन और वन विभाग इनकी सुध नहीं ले रहा है। गांव वालों की मानें तो हाथी ने गांव के पास के जंगलों में ही बसेरा बना लिया है और रात होते ही गांव के घरों व फसल को निशाना बनाते हैं। वहीं जंगली हाथियों का उत्पात से रतजगा कर रहे किसान व ग्रामीणों का कहना है कि किसानों की नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन द्वारा जल्द उपाय किया जाए।



## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पशुओं का हुआ वितरण



■ ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालकों को प्रोत्साहित करना सरकार की है योजना : ममता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़)** : मुख्यमंत्री पशुधन योजना के अन्तर्गत गोला प्रखंड में पशु वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पशुपालकों के बीच बकरियों एवं मुर्गियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को प्रोत्साहन प्रदान करना और उनकी आय में वृद्धि कर उन्हें स्वावलंबी बनाना है। इस योजना से पशुपालकों को न केवल आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी, बल्कि यह क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देने का भी एक सशक्त माध्यम है। मौके पर डॉ. राजेश, बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो, तसलीम अंसारी, सगीर अंसारी, राजकुमार महतो, हेमलाल महतो, मिथलेश कोटवार सहित दर्जनों लाभुक शामिल थे।

## बाबा बुच्चा बांध ट्रस्ट पतरातु का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पतरातू** : बाबा बुच्चा बांध ट्रस्ट पतरातू का तीसरा वार्षिक महोत्सव गुरुवार को मनाया गया। अवसर पर शार्प साइट आई हॉस्पिटल लालपुर रांची के सुप्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डॉ श्वेता कुमारी, टेक्नीशियन आशीष प्रसाद, प्रकाश यादव, किशोर पांडेय और मुसरफ हक द्वारा 100 लोगों के आंख की जांच की गई ।जिसमें 15 लोगो में मोतियाबिंद पाया गया गया। वहीं ट्रस्ट की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने गीत संगीत पर आधारित एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मौके पर संरक्षक मुनी लाल सिंह, संतोष गुप्ता, गंगाधर महतो, महेश प्रसाद, राजाराम प्रजापति, वीरेन्द्र पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष उदय अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, सचिव सरोज प्रसाद, सह सचिव महेंद्र गोप, नारायण साहू कोषाध्यक्ष महानंद सिंह, सह कोषाध्यक्ष रवि दत्ता सहित कई मौजूद रहे।

## जैक बोर्ड परीक्षा : गृह विज्ञान में अनुपस्थित रहीं तीन छात्राएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित दशवीं बोर्ड की परीक्षा में गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में तीन परीक्षार्थियों ने गृह विज्ञान की परीक्षा में अनुपस्थित रही। जहां प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल पांच परीक्षा केंद्रों में राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 95 में 01 अनुपस्थित, राजकीय मध्य विद्यालय बालिका में 73 में 02 अनुपस्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 59 में सभी उपस्थित एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय में कोई परीक्षार्थी नहीं सरस्वती विद्या मंदिर में भी कोई परीक्षार्थी नहीं रहे। वही छात्राओं ने सीसीटीवी की निगरानी में कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा लिखे। परीक्षा पुर्णतः शांति पूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन को लेकर परीक्षा केंद्रों पर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक नियुक्त किए गए है। वही करम सिंह महतो को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो, हेंनरीता मिंज को एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय तरुण कुजुर को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बेड़ो मुक्ति रानी खलखो को राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मुक्ति रानी खलखो को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा अगले तीन मार्च तक ली जाएगी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बुढ़मू में मना परिवार कल्याण दिवस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़मू में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मोहम्मद तारिक अनवर की अध्यक्षता में परिवार कल्याण दिवस मनाया गया। जिसमे 12 नये जोड़े (योग दम्पति) को पारिवार नियोजन के चार गांठ के बारे मे बताया गया (1) लड़का हो या लड़की शादी का सही उम्र 21साल (2) पहला बच्चा शादी के दो साल बाद (3)दूसरा बच्चा तीन साल बाद और (4)दो बच्चों के बाद स्थाई विधि पुरुष नसबंदी या महिला बंध्याकरण और सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा जैसे महिला बंध्याकरण में होने वाली छतीपूर्ति के लिए प्रोत्साहन राशि और पुरुष नसबंदी मे मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के बारे मे बताया गया तथा अस्थाई विधि के बारे में भी चर्चा करते हुए मला एन, कॉन्डम,ई जी पिल, छाया को प्रयोग कैसे करें। इस बारे मे विस्तार से चर्चा किया गया। आखिर में 12 जोड़ो को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा पुरस्कृत किया गया !इस कर्यक्रम मे उपस्थित अबुल कलाम आजाद, लोकेश अभिमन्यु,अनीता किरण मिंज, विक्रम तिर्की, अजित कुमार, आश्रम मुंडा, त्रिभुवन प्रसाद, स्वेता देवी, सुनीता देवी सहिया समेत अन्य उपस्थित थे।

## माघ पूर्णिमा पर चिलदाग जोड़ा तालाब तट पर 40वां सती मेला आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा** : बुधवार को माघ पूर्णिमा पर चिलदाग जोड़ा तालाब तट पर 40वां सती मेला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए। मेला का उद्घाटन पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने किया उन्होंने कहा कि पूर्वजों की परंपराओं को बचाए रखना हमारी जिम्मेवारी है। मेले का मुख्य आकर्षण रंगारंग सांस्कृतिक नागपुरी कार्यक्रम, चौड़ल प्रतियोगिता एवं छोटे बच्चों के बीच खेलकूद किए गए। सभी प्रतिभागी सफल बच्चों व चौड़ल विजेता को पुरस्कृत किया गया ।सती मेला समिति द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया मेले का



अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामनाथ महतो व संचालन राजेन्द्र मुंडा ने किया। विधायक राजेश कच्छप कहा कि पिछले 40 सालों से लग रहे सती मेला का आयोजन करना अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने सांस्कृतिक धरोहर, पूर्वजों की परंपराओं और संस्कृति बचाने की जरूरत है । मेला में विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य अनुराधा मुंडा,प्रमुख दीपा उरांव,रणधीर चौधरी,अमर चौधरी, डॉ रीझू नायक,मुखिया दुर्गा पाहन, पसंस अनीशा खातून, लुपुंग पसंस कुंती देवी,पूर्व मुखिया कामेश्वर महतो,बीरेंद्र सिंह भोगता, सुरेन्द्र महतो,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, रब्बानी राज, डॉ दिनेश कुमार, सुनील महतो शामिल हुए। सफल आयोजन में इनका अहम भूमिका रही ग्रामप्रधान श्रीनाथ मुंडा, सचिव बाबूलाल महतो, कोषाध्यक्ष रामकुमार नायक, राजेन्द्र चौधरी, राजकिशोर महतो, तनीजर मुंडा, लखीराम मुंडा, मदन साहू,दुर्गा महतो, लालमोहन करमाली, जितेन्द्र महतो, नरेश महतो, सुनील नायक, शनि नायक, बिरेंद्र महतो, जीतलाल महतो, विकाश अहीर आदि का अहम योगदान रहा।

## पांच दिवसीय चकला नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को मिलता है बढ़ावा : राजेंद्र कुमार साहू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : प्रखंड के चकला पंचायत के चकला गांव के ग्रीन गार्डन बनाचिरा खेल मैदान में पांच दिवसीय चकला नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा दिन बुधवार को खेला गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन राजेंद्र मेटल के प्रोपराइटर राजेंद्र कुमार साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए राजेंद्र कुमार साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। साथ ही साथ सुदूरवर्ती इलाके के युवाओं को आगे बढ़ने



का मौका भी मिलता है, क्योंकि गांव के युवाओं में प्रतिभा छिपी होती है। जिन्हें इस तरह के आयोजन से अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। वहीं उन्होंने सभी मैचों में लगातार छः छक्का, चौका व हैट्रिक विकेट लेने वालों को 501 रुपया इनाम देने की घोषणा की। वहीं समाजसेवी सह टूर्नामेंट के संरक्षक अब्दुल कयूम अंसारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में असीम संभावनाएं छिपी है। जरूरत है अब इस क्षेत्र में अपना मंजिल बनाने की। उन्होंने राजेंद्र मेटल के मालिक राजेंद्र साहू के बारे में बताया कि उन्होंने हमेशा खेल के प्रति सजक व जागरूक रहते हैं खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहित करते हैं।वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष रितेश महतो, कोषाध्यक्ष रयान शना,सचिव अंकित पाहन,अली अहमद नूर, नेसारुल अंसारी,समाउद्दीन अंसारी उर्फ पप्पू ने बताया कि पहला मैच ओरमांझी बनाम नेवरी के बीच खेला गया। जिसमें नेवरी की टीम 5 विकेट से जीता। नेवरी के टीम के तरफ से अनुज को उम्दा प्रदर्शन करने के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं दूसरा मैच बरवे बनाम कुटे के बीच खेला गया। जिसमें बरवे 67 रन से जीत हासिल की। वही सहाब को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच बड़गाई बनाम नेवरी के बीच खेला गया। जिसमें बडागांई ने 9 रन से जीतकर सेमी फाइनल में जगह बना ली। मौके पर सादीम अंसारी, सहजहां अंसारी, दिलीप महतो, मीडिया प्रभारी एहसान राजा, मोहसिन आलम, मिटू, तबरेज, साहिल अमन, साहीद परवेज, जफर, फिरोज, एनामुल, फिरोज समेत सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने बुढ़मू प्रखंड में तीन नये प्रतिनिधियों को किया नियुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू** : कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने बुढ़मू प्रखंड में तीन नए प्रतिनिधियों को गुरूवार को नियुक्त किया है। सरवर आलम को जल संसाधन विभाग, बबलू उरांव को प्रखंड, और राजेंद्र यादव को पशु पालन विभाग का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति गुरुवार को बुढ़मू में आयोजित एक कार्यक्रम में की गई, जिसमें विधायक और उनके समर्थकों ने शिरकत की। मौके पर झामुमो नेता शमीम बड़ेहार और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष बलराम साहू, अख्तर हुसैन, गौरी शंकर महतो, अशोक महतो, राजू उरांव, शिव शंकर उरांव, श्यामलाल पहान ने भी शिरकत की और नए प्रतिनिधियों को बधाई दी।

## एक झलक

### शब-ए-बारात की छुट्टी आज

**रांची :** झारखंड सरकार ने शब-ए-बारात पर 14 फरवरी को छुट्टी की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 14 अक्टूबर 2024 में जारी अधिसूचना के तहत वर्ष 2025 में विभिन्न पर्वों और अवसरों पर झारखंड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालयों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इस अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए शब-ए-बारात के अवसर पर 14 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया जाता है।

### मौसम के तापमान में जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

**रांची :** रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को मौसम के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। तापमान में पिछले तीन चार दिनों से बढोत्तरी हो रही थी। लेकिन गुरुवार को उत्तर, उत्त?री -पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि फिलहाल तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर उत्तरी- पश्चिमी हवाओं के कारण आनेवाले दो तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद तापमान में फिर से बढोत्तरी होगी। वहीं गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को रांची में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसीप्रकार जमशेदपुर में 33.3 और 15.5, डालटेनगंज में 33.5 और 13.5, बोकारो में 32.5 और 12.1, चाईबासा में 34.4 और 13.2 तथा देवघर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिर कर मजदूर की मौत

**रांची :** पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर रोड नंबर 4 में निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरकर गुरुवार को एक मजदूर की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मजदूर निमार्णाधीन बिल्डिंग के ऊपर काम कर रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### भाजपा ने एकलव्य प्रशिक्षण और शिक्षा प्रोत्साहन योजना पर राज्य सरकार को घेरा

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने अक्टूबर 2023 में झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी दो निविदाओं एकलव्य प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना की स्थिति पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने वर्ष 2023 में इन दोनों योजनाओं की घोषणा की थी, जिनका उद्देश्य झारखंड के 35 हजार छात्रों को लाभ पहुंचाना था। इन योजनाओं के तहत छात्रों के लिए यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक पीओ, मेडिकल, इंजीनियरिंग, एसएससी, होटल मैनेजमेंट, मास कम्युनिकेशन, रेलवे बोर्ड आदि जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा, छात्रों को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान भी था। साह ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि इन दोनों योजनाओं के लिए लगभग 350 करोड़ का बजट डेढ़ साल पहले ही स्वीकृत किया गया था लेकिन, हैरानी की बात है कि आज तक इस पर कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि बिना किसी स्पष्ट कारण के इतनी महत्वपूर्ण योजना को रोककर झारखंड के हजारों छात्रों के भविष्य को अंधकार में क्यों धकेला गया।

### एक दिवसीय आईएफसी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

# दीदियों के आजीविका संवर्धन पर हुई चर्चा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सिल्ली प्रखंड के सभागार में गुरुवार को एक दिवसीय IFC उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरूआत जिला परिषद उपाध्यक्षा वीणा चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेन बड़ाईक, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचल अधिकारी अरुणिमा एक्का, उप प्रमुख आरती देवी सहित मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य लोवादाग, कोचों, हलमाद, पिस्का एवं पलाश JSLPS BPM अमिता राहिल टूटी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में पलाश जेएसएलपीएस जिला कार्यालय से जिला कार्यक्रम प्रबंधक निशिकांत नीरज सर, DPC लाइवलीहुड अभिषेक चांद सर ,जिला प्रबंधक देवाशीष चाकी सर एवं प्रखंड नोडल प्रमोद कुमार सर उपस्थित हुए। कार्यशाला का संचालन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता राहिल टूटी द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया की सिल्ली प्रखंड मे कुल पांच समेकित कृषि संकुल का गठन किया गया है। समेकित कृषि संकुल के तहत चयनित किसान को तीन से चार आजीविका गतिविधि से जोड़ा जायेगा। हर समेकित कृषि संकुल में 250-300 किसान को जोड़ना है जिसमें किसान की आय 1.5 लाख से 2 लाख कराना है। परियोजना 36 माह तक चलेगा। इसमें किसानों को समेकित कृषि सेक्टर के सफल मॉडल को अपनाया जायेगा। इस कार्यशाला में सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं जन प्रतिनिधिगण द्वारा इस समेकित कृषि संकुल के गतिवधि को सुचारु रुप से गांवों में क्रियान्वित कर इस परियोजना से किसानों को जोड़ने के संबंध में अपना विचार रखा गया और मार्गदर्शन दिया गया तथा चनित गांवों में बैठक कर योग्य लाभुकों का चयन करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम मे प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, आत्मा से इळट , मनरेगा कर्मी, पलाश JSLPS, Palash प्रखंड टीम से सभी कर्मी और सिल्ली , मुरी, बंता, लोटा संकुल संगठन की पदाधिकारी तथा आजीविका सखी मंडल से जुड़ी दीदी उपस्थित हुए।

## राज्यपाल से वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने की मुलाकात



रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल से उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदनीनगर (पलामू) के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन के निम्न स्तर का होने, निर्माण स्थल पर पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने तथा दरवाजा-खिड़की नहीं होने का उल्लेख किया। कई कमियों के बावजूद उक्त भवन, विश्वविद्यालय की ओर से स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्मित भवन की गुणवत्तापूर्ण जांच के लिए राज्यपाल से आग्रह किया। राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित की है। यह समिति 17 एवं 18 फरवरी को प्रश्नगत योजना का सम्पूर्ण निरीक्षण करेगी तथा प्राक्कलन एवं निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

## राज्यपाल से छात्र संघ के अध्यक्ष ने की भेंट



**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव ने राज भवन में भेंट। इस दौरान उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों में कुरमाली, कुड़ुख, मुंडारी, हो तथा संथाली भाषा की पढ़ाई के लिए पहल करने का आग्रह किया। वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रिंस आजवानी ने राज भवन में राज्यपाल से भेंट की और गोवंश की रक्षा के लिए पहल करने का आग्रह किया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल की प्राथमिक शाखा में खेलकूद महोत्सव फिटनेस एंड फेस्टा 2024-25 का वृहद आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** डीएवी पब्लिक स्कूल में खेलकूद महोत्सव फिटनेस एवं फेसटा 2024-25 का बृहद आयोजन हुआ। आयोजन के मुख्य अतिथि मुकुल टोप्पो प्रशाखा पदाधिकारी झारखंड स्पोर्ट्स एकेडमी खेलगांव एवं पुष्पा हासा ऑफिसर झारखंड स्पोर्ट्स अकादमी खेलगांव थे।मुख्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य सह ए आर ओ डी ए वी पब्लिक स्कूल्स झारखण्ड जोन जे ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया। इस अवसर पर संस्थान के गणमान्य सदस्य एमके सिन्हा प्राचार्य डी ए पब्लिक स्कूल कपिलदेव सह क्षेत्रीय निदेशक डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन बी, प्राचार्य तापस घोष बरियातू, एसके मिश्रा प्राचार्य पुंदाग, रोशी वाधवानी प्राचार्य , डी ए वी पब्लिक स्कूल आनंद स्वामी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि मुकुल टोप्पो ने गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में खेल महोत्सव फिटनेस एवं फेस्ट का ध्वज फहराकर शुभारंभ किया और कहा कि खेलकूद को अपने जीवन में अहम स्थान देना चाहिए। मैं आपकी हर संभव मदद करने को हमेशा तत्पर हूं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा सह क्षेत्रीय निदेशक डी ए वी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन जे एस के मिश्रा ने अपने उद्बोधन में खेलकूद को शैक्षिक वातावरण का एक अभिन्न अंग बताते हुए सभी छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया एवं सभी प्रतिभागियों की भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर बच्चों ने मार्च पास्ट करके ध्वज को सलामी दी। साथ ही नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के विद्यार्थियों द्वारा अद्भुत रंगारंग ड्रिल कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## एडीजी ने कर्मयोगी पोर्टल के निबंधन व प्रशिक्षण कराने के दिये निर्देश

**रांची :** कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन और प्रशिक्षण कराने को लेकर एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी जिले के एसएसपी और एसपी शामिल हुए। इस दौरान छह पाठ्यक्रमों को निश्चित रुप से पूर्ण कराने के लिए व्यापक समीक्षा की गयी। जिनमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, उभरती प्रौद्योगिकियों का परिचय, साइबर स्पेस में सुरक्षित रहें, मिशन लाइफ पर ओरिएंटेशन मॉड्यूल और कार्यस्थल पर योग ब्रेक शामिल हैं। समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि विगत एक सप्ताह के अंदर लगभग 3769 अनुसंधानकर्ताओं ने कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन किया है।

## इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में आरबीआई ने दी वित्तीय जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में वित्तीय जागरूकता केंद्र लगाया गया है। वित्तीय जागरूकता केंद्र का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने किया। क्षेत्रीय निदेशक ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक जो हमारे आर्थिक परिदृश्य में सुदृढ़ता, विकास और प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि आरबीआई इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रही है। इस अवसर पर वित्तीय समावेशन और जागरूकता के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक झारखंड राज्य के विभिन्न स्कूलों में 90 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित कर रहा है। इस पहल के अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, महिलौंग तथा कस्तूरबा प्लस 2 उच्च विद्यालय, खरसीदाग बिरसा आवासीय बाल विकास विद्यालय, कामड़े, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तिलता रातू के विद्यार्थियों ने वित्तीय साक्षरता केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस वित्तीय जागरुकता केंद्र में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता संबंधित पुस्तिकाएं प्रदर्शित की गई हैं। केंद्र में बैंकिंग संबंधी आवश्यक सूचनाएं व जानकारियों को ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है। वित्तीय साक्षरता स्टॉल में उपस्थित दर्शकों के लिए एक प्रश्नोत्तरी का आंयोजन किया गया, जिसमें हर वर्ग के दर्शकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को वित्तीय साक्षरता संबंधी पुस्तिकाएं व संदेश पत्र तथा आकर्षक उपहार भी दिए गए।

## झारखंड में प्रस्तावित शराब नीति 2025 पर अबुआ अधिकार मंच ने दिये अहम सुझाव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित शराब नीति 2025 को लेकर अबुआ अधिकार मंच के गौतम सिंह ने उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग को विभिन्न जनहितैषी सुझाव प्रेषित किए हैं। गौतम सिंह ने शराब नीति में व्यापक सुधार लाने की मांग करते हुए कहा कि इससे न केवल सामाजिक संतुलन स्थापित होगा, बल्कि अपराध दर में भी कमी आएगी। अबुआ अधिकार मंच ने शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों, अस्पतालों, खेल मैदानों और शहरी आबादी वाले क्षेत्रों से कम से कम 500 मीटर दूर शराब की दुकानों को लाइसेंस देने, ग्रामीण क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने के लिए ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य करने, शराब की बिक्री के लिए ऑनलाइन लाइसेंस प्रणाली लागू करने ताकि पारदर्शिता बनी रहे, हर दुकान पर अवैध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाना अनिवार्य किए जाने, शराब की बिक्री रात 9 बजे के बाद प्रतिबंधित की जाने जिससे अपराधों पर नियंत्रण पाया जा सके, प्रत्येक शराब दुकान के बाहर नशा मुक्त समाज से जुड़े जागरूकता पोस्टर अनिवार्य रूप से लगाए जाने, शराब विक्रेताओं के लिए सामाजिक जिम्मेदारी प्रशिक्षण अनिवार्य किए जाने ताकि वे नाबालिगों और नशे की लत वाले व्यक्तियों को शराब बेचने से बचाया जा सके।

# कई लोगों ने ली झामुमो की सदस्यता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में गुरुवार को रांची महानगर अंतर्गत डोरंडा बाजार के पास शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो के जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल कुमार मेहता, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं पूर्व पार्षद नसीम गद्दी, अफरोज आलम, कलाम आजाद, साहिल हबीब, आदिल इमाम, पुष्पा बरदेवा, सोहेल खान, रमजान रजा, माइकल रुंडा, समेत अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद नसीम गद्दी और साहिल हबीब का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रंजन कुमार सहाय, डॉ तुलसी साहू, बसंत राम, बीबी सिन्हा, दिलीप सिंह, ओपी उपाध्याय, शांति कुजूर, शीला उरांव, समेत अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और जिला और रांची महानगर के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का पट्टा पहनाकर और सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

## शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्षा राज्य मंत्री को समय नहीं मिला, न बीजेपी नेताओं को मौका मिला : राकेश सिन्हा




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जम्मू कश्मीर के अखनूर मे शहीद कैप्टन करमजीत सिंह का पार्थिव रांची लाया गया था परंतु इस अवसर पर शहिद को श्रद्धांजलि देने हेतु रांची से सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नहीं पहुंचने और अपने किसी प्रतिनिधि को नहीं भेजने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने इसे शहिद का अपमान बताया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए राकेश सिन्हा ने कहा कि शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्षा राज्य मंत्री को समय नहीं मिला न बीजेपी नेताओं को मौका मिला। छद्म राष्ट्रवाद की डिंगे बीजेपी कब तक हांकती रहेगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक्स पर लिखने में मजा आता है लेकिन शहीद होने वाले वीर शहीद को श्रद्धांजलि देने का समय नहीं मिलता, अब उनके राष्ट्र भक्ति की झूठी पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि बात-बात पर राष्ट्रवाद का दंभ भरने वाले भाजपा नेताओं से अब लोगों को सावधान रहने की जरूरत है भाजपा के लोगों में राष्ट्रवाद की छद्म भावना भरी हुई है।

### ललगुटुवा पंचायत भवन में जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाइल वैन से डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

## विशेष लोक अदालत में होगा विवाह व चेक अनादरण वादों का निस्तारण : कविता खाती

- रीता कुमारी महली व रीना देवी ने दी विशेष लोक अदालत की जानकारी
- एलएडीसीएस डिपुटी चीफ कविता कुमारी खाती ने बाल श्रम व बाल विवाह पर किया फोकस



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में गुरुवार को जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाईल वैन नगड़ी प्रखंड पहुंचा और ललगुटुवा पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ कविता कुमारी खाती, पीएलवी रिना लिंडा, सनम कुमारी, तनवीर अंसारी, रीता कुमारी महली, फुलमनी देवी एवं रीना देवी उपस्थित थे। एलएडीसी डिपुटी चीफ, कविता कुमारी खाती ने कहा कि 22 फरवरी को व्यवहार न्यायालय, रांची में विवाह व एन.आई.एक्ट वादों के संबंध में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त लोक अदालत में विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधि वादों का निस्तारण किया जायेगा। श्रीमति खाती ने बाल-विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या एवं नालसा 10 स्कीम के बारे में विचार रखीं। श्रीमति खाती ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए माननीय न्यायालय से वादकारियों को नोटिस भेजा जा रहा है। न्यायिक पदाधिकारियों को द्वारा बैठकें हो रही है और डालसा सचिव ने पीएलवी को संबंधित पोस्टर, बैनर प्रखंड, पंचायत एवं अन्य जनसमूह वाले जगहों में में लगाने को कहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके।

## सेना के कब्जेवाली जमीन फर्जीवाड़े मामले में इम्तियाज अहमद की जमानत याचिका खारिज

**रांची :** अपर न्यायायुक्त की अदालत ने भारतीय सेना के कब्जे वाली जमीन फजीर्वाड़े मामले में जेल में बंद इम्तियाज अहमद को जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। इम्तियाज इस मामले में 20 अगस्त 2024 से जेल में है। आरोपित पर अन्य आरोपितों के साथ मिलकर जाली कागजात आधार कार्ड, बिजली बिल बनाकर सेना की जमीन बेचने का आरोप है। आरोपित अन्य लोगों के साथ मिलकर रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस, कोलकाता के कर्मचारियों के प्रबंधन द्वारा फर्जी विलेख बनाने में भी शामिल था। इस मामले को लेकर बरियातू थाना में 4 जून 2022 को मुख्य आरोपित प्रदीप बागची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच के क्रम में इम्तियाज अहमद का नाम सामने आया। जांच अधिकारी की ओर से पूछताछ के दौरान सह-आरोपित अफसर अली ने होल्डिंग नंबर हासिल करने के लिए 90 हजार रुपये के लेनदेन की बात स्वीकार की।

## राज्यपाल को एनएसयूआई ने सौंपा याचना पत्र

- नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक नियुक्ति पूर्णतः रद्द कर जेपीएससी नियमावली से फ्रेस नियुक्ति करने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने नीड बेस्ड सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति पूर्णतः रद्द कर इसे JPSC द्वारा निर्मित नियमावली से नए सिरे से कराने का आग्रह राज्यपाल संतोष गंगवार से की है। इस बाबत उन्होंने गुरुवार को राज्यपाल को याचना पत्र सौंपा और उचित कार्रवाई की मांग की। श्री अहमद ने राज्यपाल को उक्त विषय पर अब तक की सभी गतिविधियों से अवगत कराते हुए कहा है कि राज्यभर के विश्वविद्यालयों में अनुबंध पर आवश्यकता आधारित सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति की जानी थी किंतु JPSC द्वारा निर्मित नियमावली का अनुसरण नहीं कर राज्यभर के विश्वविद्यालय UGC द्वारा निर्मित नियमावली का अनुसरण कर रहे थे, जिससे राज्यभर के आदिवासी मूलवासी अभ्यर्थी इस नियुक्ति से वंचित हो गए थे जबकि राज्य से बाहर के 97 फीसदी अभ्यर्थी नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल थे और उनका शैक्षणिक दस्तावेज सत्यापन किया जा रहा था। UGC स्वयं यह मानती है कि सहायक प्राध्यापक नियुक्ति में राज्य सरकार या राज्य के विश्वविद्यालय UGC द्वारा निर्मित नियमावली मानने को बाध्य नहीं हैं बल्कि वह उनके राज्य में स्थित लोक सेवा आयोग द्वारा निर्मित नियमावली को मानकर उक्त नियुक्ति को पूरा कर सकते हैं और स्थानीय योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति में अधिकाधिक अवसर प्रदान कर सकते हैं। बावजूद राज्य के विश्वविद्यालयों में मनमाने तरीके से नियुक्ति की जा रही थी। सबसे अधिक गड़बड़ी रांची विश्वविद्यालय में थी, जिसकी सूचना माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, विभागीय सचिव एवं निदेशक को दी गई।

# कैनवास एक्रेलिक पेंटिंग से उकेरेंगे विकसित भारत का रूप : डॉ जाकिर हुसैन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गुरुवार को राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय इंस्टीट्यूट ऑफ अडवांस्ड स्टडीज इन एजूकेशन रांची झारखंड सरकार के ट्रेनी टीचर्स ने कैनवास एक्रेलिक पेंटिंग जिसमें राम उरांव, लक्ष्मण उरांव, विशाल, चंद्रशेखर, प्रामाणिक, चंदन, अनिल उरांव, शम्स तबरेज, राकेश ने विभिन्न पेंटिंग को कैनवास पर उकेरा। महाविद्यालय के शिक्षक एवं लिटररी इवेंट्स के कॉर्डिनेटर डॉ ओम प्रकाश ने बतलाया कि राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के परफॉर्मिंग एंड फाइन आर्ट्स डिपार्टमेंट के अध्यक्ष डॉ जाकिर हुसैन के निर्देशन में भारत सरकार सूचना एवं तकनीकी मंत्रालय के अधीन नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी रांची के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के थीम कुशल भारत और क्षमता निर्माण एवं vikshitbharat@2047 पर कैनवास एक्रेलिक पेंटिंग की प्रतियोगिता होगी। इस अवसर पर कांके थाना से विजय कुमार, कांके ब्लॉक से चितरंजन टुडू, शिक्षक प्रो भागीरथ आर्य, डॉ ओम प्रकाश, डॉ जाकिर हुसैन, डॉ मजहरूल हक, डॉ चंद्र माधव, प्रो दुलाल, प्रो पंकज, डॉ रितेश, प्रो धनंजय, डॉ समीर ने ट्रेनी टीचर्स के पेंटिंग्स की सराहना की। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण कुमार झा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## हरिओम टावर में जेसीआई रांची ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जेसीआई रांची ने लालपुर स्थित हरिओम टावर में रक्तदान शिविर का आयोजन गुरुवार को किया। इस शिविर को नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से पूरा किया गया। शिविर में 40 से अधिक लोगो ने हिस्सा लिया जिसमे महिला छात्राएं भी शामिल थी। 25 यूनिट रक्त का कुल संग्रह किया गया। अध्यक्ष प्रतीक जैन ने साल के पहले रक्तदान शिविर की शुरूआत की। संस्था के अन्य सदस्यों और उनके परिचित ने भी रक्तदान दिया। जेसी प्रतीक जैन ने सभी को संदेश दिया की हमे नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए इससे हमारे शरीर के अंदर का रक्त भी समय समय पर बदलता है और किसी को जरूरत के समय बोहोत काम आता है। इसीलिए रक्तदान को महादान कहा जाता है। इस शिविर का सफलता पूर्वक संचालन नितिन पोद्दार और साहित्य पवन ने किया और उनका साथ डायरेक्टर ब्लड किशन अग्रवाल, वीपी कम्युनिटी अभिषेक जैन, सेक्रेट्री सनी केडिया ने दिया। संस्था के अन्य सदस्यों ने भी अपना सहयोग दिया।

## एक झलक

### वार्षिक माध्यमिक तथा इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 से संबंधित आवश्यक सूचना

**हजारीबाग** : वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 का आयोजन 11 फरवरी से किया जा रहा है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड की अधिसूचना संख्या-10/सा०अ००-03-02/2024 का0-780 दिनांक 13 फरवरी 2025 के द्वारा दिनांक 14 .02 .2025 (शुक्रवार) को कार्यपालक आदेश के तहत शब ए बारात के अवसर पर अवकाश घोषित किया गया है। उक्त आदेश के आलोक में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2025 से संबंधित सभी छात्र/छात्राओं उनके अभिभावकों, विद्यालय महाविद्यालय के प्रधानों एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 14 .02 .2025 को आयोजित होनेवाली माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा स्थगित की गई है जो अगले माह 4 मार्च होगा।

### बर्तन दुकान में चोरी को लेकर थाने में आवेदन, कार्रवाई की मांग

**बड़कागांव** : बड़कागांव में बुधवार की रात चोरों ने दैनिक बाजार स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर के एक बर्तन दुकान का छप्पर उजाड़कर नकद व जरूरी कागजात भरा बक्सा, काउंटर का जेवर एवं अन्य सामग्री अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया। उपरोक्त मामले को लेकर बर्तन दुकान के संचालक आदित्य प्रसाद पिता स्व. भोला साव ने चोरी की घटना को लेकर एक लिखित आवेदन बड़कागांव थाना में दिया है। सूचना मिलते ही बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक के निर्देश पर एस आई आशीष भगत सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राधा कृष्ण मंदिर परिसर के कई दुकानों में चोरियां होने की शिकायत पिछले कई वर्षों से मिलती आ रही है । परंतु अब तक चोरों का पता नहीं चल पाया। इस घटना की जानकारी दुकानदार को तब हुई जब गुरुवार की सुबह उन्होंने दुकान खोला तो दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा था और दुकान के ऊपर का छप्पर उजड़ा हुआ है तो उन्होंने तुरंत बड़कागांव थाना को इसकी जानकारी दी और छानबीनकर उपरोक्त चोरों के खिलाफ कार्यवाई की मांग की है।

### जब तक सूरज-चांद रहेगा, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का नाम रहेगा

**हजारीबाग** : जम्मू-कश्मीर के अखनूर में हुए आईईडी विस्फोट में भारतीय सेना के हजारीबाग के वीर सपूत कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी वीरगति को प्राप्त हुए हैं उनका अंतिम यात्रा काफिला को कांग्रेस ऑफिस चौक पर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में फूल माला और श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा की उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर रहेगा। हजारीबाग समेत पूरा देश उनकी वीरता, साहस और राष्ट्रभक्ति के प्रति कृतज्ञ रहेगा। ईश्वर से प्रार्थना है कि अमर शहीद की आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवारजनों को इस कठिन समय में संबल दें।

### शहीद करमजीत का सेना में भर्ती होने के जूनून को लोग सदा याद रखेंगे : विकास राणा

**हजारीबाग** : झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आईईडी ब्लास्ट में सेना के 2 जवानों के शहीद होने की खबर है। इस घटना में हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी वीरगति को प्राप्त हो गये। हजारीबाग के लिए अत्यंत दु:खद खबर है हजारीबाग जनता ने नम आखों से आज उनको बिदाई दी। इस दु:ख की घड़ी में भगवान उनके माता पिता, उनके परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करे। भगवान वीर सपूत की आत्मा को शांति दें। पूरा हजारीबाग एकजुट होकर आपके साथ खड़ा है। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि शहीद करमजीत सिंह बख्शी में सेना में जाने के जूनून को लोग सदा याद रखेंगे।

### तिरंगे में लिपटा वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर पैतृक घर हजारीबाग पहुंचा

# शहीद कैप्टन करमजीत को सेना ने दी सलामी, पंचतत्व में विलीन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जम्मू के अखनूर सेक्टर के आतंकवादी हमले में शहीद हुए पंजाब रेजिमेंट के वीर जवान शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव गुरुवार को तिरंगा में लिपटा उनके आवास हजारीबाग पहुंचा।



उपायुक्त नैंसी सहाय ने पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शहीद जवान का पार्थिव शरीर आज नई दिल्ली से हजारीबाग पैतृक घर पूरे सम्मान के साथ लाया गया। इस मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मौजूद थे। उपायुक्त ने तिरंगे झंडे में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर के ताबूत के सामने ससम्मान नमन किया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को सलाम है। पूरे देश को इन वीर जवानों पर गर्व है। जम्मू के अखनूर सेक्टर में एल ओ सी नियंत्रण रेखा के पास आई डी ब्लास्ट में हजारीबाग के वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी शहीद हो गये। आज उनकी अंतिम यात्रा में पूरा हजारीबाग का जन सैलाब उमड़ पड़ा। अंतिम यात्रा में पूरे शहर वासियों ने नम आंखों से विदाई दी। वहीं दिवंगत की मां और पिता ने भी सलामी दी उसके उपरांत वीर शहीद पंच तत्व में विलीन हो गए।

## शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की वीरता को सदैव याद रखा जायेगा : प्रदीप प्रसाद

**जम्मू-कश्मीर** के अखनूर में हुए कायराना आईईडी हमले में भारतीय सेना के वीर अधिकारी कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी जी वीरगति को प्राप्त हुए। इस हमले में दो जवान शहीद हुए, जिनमें से एक हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी थे। उनका बलिदान न केवल हजारीबाग बल्कि पूरे झारखंड और भारतवर्ष के लिए गर्व और शोक का विषय है। गुरुवार को जब शहीद का पार्थिव शरीर हजारीबाग पहुंचा, तो पूरे जिले में शोक और सम्मान का माहौल देखा गया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहीद के निवास स्थान, जुलु पार्क पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार से मुलाकात की और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक ने



नम आंखों से कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा की कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी जी ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा है। भारत माता के इस वीर सपूत को कोटि-कोटि नमन। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम उनके परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करें।शहीद के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां हजारों की संख्या में आमजन, समाजसेवी और युवा शामिल हुए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अंतिम यात्रा में भाग लिया ।पूरे रास्ते गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा।

## हर्ष अजमेरा ने करमजीत सिंह बक्शी के बलिदान पर गहरा शोक जताया

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग के जुलु पार्क निवासी वीर सपूत करमजीत सिंह बक्शी उर्फ पुनीत जी ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। भारतीय सेना के इस जांबाज योद्धा ने कर्तव्य पथ पर अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया और अपने सर्वोच्च बलिदान से पूरे राष्ट्र का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया। उनका यह बलिदान मातृभूमि के प्रति उनकी अटूट निष्ठा, देशभक्ति और त्याग का प्रतीक है।इस दुखद घटना पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा की करमजीत सिंह बक्शी जैसे वीर सपूतों के बलिदान के कारण ही आज हमारा राष्ट्र सुरक्षित और गौरवान्वित है।



उनका यह सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। एक सच्चे योद्धा की तरह उन्होंने अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखा और अपने प्राणों की आहुति देकर देश की सेवा की। युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने यह भी कहा कि करमजीत सिंह बक्शी की शहादत को सदैव याद रखा जाएगा, और उनके अदम्य साहस और बलिदान से आने वाली पीढ़िया प्रेरणा लेंगी। उनका यह योगदान राष्ट्र की रक्षा और सम्मान के लिए एक अमूल्य धरोहर है। भारत माता के इस वीर सपूत को संपूर्ण राष्ट्र नमन करता है।

## गुमला में अंडा उत्पादन व मुर्गी पालन के रोजगार से दूसरे जिलों को सीख लेने की जरूरत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को गुमला जिले के बसिया का दौरा किया। यहां मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अंडा उत्पादन और मुर्गी पालन से जुड़ी महिला समिति की दीदियों से लंबी चर्चा की। आज के दिन गुमला के बसिया में फेडरेशन का गठन कर राज्य के कई जिलों के महिला समितियों को इससे जोड़ा गया है, वर्तमान में फेडरेशन से करीब 5 हजार 300 महिलाएं जुड़ी है। यहां एक महिला समिति जिसमें 300 के करीब महिलाएं शामिल है वो अंडा उत्पादन और मुर्गी पालन के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। इस महिला समिति से जुड़ी हर एक महिला का सालाना आय 40 हजार तक पहुंच गया



है, जो आज के दिन स्वरोजगार और खुद को स्वावलंबी बनाने का एक जीता जगता उदाहरण है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि बाजार में अंडा और चिकन दोनों के काफी डिमांड है। गुमला जिले की बसिया की महिला समिति से जुड़ी दीदियों के इस काम को दूसरे जिले के महिला समिति से जुड़ी दीदियों को अपनाने की जरूरत है। इसमें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग भी हर संभव मदद करेगा . विभाग के द्वारा अंडा उत्पादन और मुर्गी पालन के इस व्यापार में नोडल अधिकारी का होना बहुत जरूरी है, ताकि विभाग के द्वारा इस व्यापार को बढ़ाने और सरकारी सहायता प्रदान करने तक मॉनिटरिंग हो सके। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जोहार परियोजना के तहत 600 के बजाय 220 शेड निर्माण की जानकारी ली . उन्होंने कहा है कि समिति से जुड़ी महिलाओं को सब्सिडी के तहत शेड की योजना दे कर उन्हें सीधे तौर पर लाभान्वित किया जा सकता है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बसिया के बनई और जोलो गांव की दीदियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उनके काम की चर्चा दूसरे जिले और दूसरे राज्य तक हो रही है। समय के साथ इसे और व्यवस्थित और रोजगार मुखी बनाने की जरूरत है। अपने गांव अपने घर अपने परिवार के बीच रहते हुए इससे बेहतर रोजगार नहीं हो सकता है।

## उपायुक्त ने तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण, बिजली विभाग जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में उपायुक्त ने हॉस्पिटल, स्कूल, आंगनबाड़ी के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने डीएमएफटी के तहत क्रियान्वित योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की भी समीक्षा की। बैठक में उपायुक्त ने सभी पदाधिकारियों को पूर्व को योजनाओं और छोटे योजनाओं को भी प्राथमिकता देते हुए ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का टेंडर हो गया है उसे शीघ्र शुरू करें। उपायुक्त ने सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेशित किया कि अपने अधीनस्थ कार्यरत कांट्रेक्टर्स के साथ बैठक कर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा कीजिये। जिनका प्रोग्रेस कम है उसका रिपोर्ट कीजिये। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसकी सूचना देना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त नैंसी सहाय के अलावे उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विनोबा भावे विवि समेत राज्य के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में अविलम्ब हो स्थाई कुलपतियों की नियुक्ति : नवलेश सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य नवलेश सिंह ने महामहिम राज्यपाल से राजभवन में मुलाकात किया। महामहिम ने गर्मजोशी से श्री सिंह का स्वागत किया। अभाविप के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य श्री सिंह ने महामहिम राज्यपाल को राज्य में उच्च शिक्षा की वर्तमान परिस्थितियों से अवगत कराते हुए इसकी संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा महामहिम से किया व इनकी चुनौतियों से भीनिपटने की बात हुई,साथ हीं विनोबा भावे विवि समेत राज्य के सभी राजकीय विश्व-विद्यालयों में स्थाई कुलपति नियुक्ति प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूरा करने का आग्रह किया, श्री सिंह ने महामहिम का ध्यान राजकीय



विश्व- विद्यालयों की और आकृष्ट कराते हुए बताया कि पिछले लगभग दो वर्षों से विनोबा भावे समेत राज्य के अधिकतर विश्व- विद्यालयों में स्थाई कुलपति समेत सभी प्रमुख प्रशासनिक पद रिक्त पड़ें हैं या तो प्रभार में चल रहे हैं, जिसके कारण शिक्षा व्यवस्था चरमरा गया है, साथ हीं साथ विश्व - विद्यालयों का विकास भी ठप सा पड़ गया है जिसका सीधा प्रभाव विद्यार्थीयों पर पड़ रहा है, शैक्षणिक वातावरण भी प्रभावित हो रहा है, छात्र कल्याणकारी नीतियों का सही ढंग से क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। श्री सिंह ने महामहिम का ध्यान शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों के घोर कमी की और भी आकृष कराते हुए स्वीकृत पदों पर अविलंब नियुक्ति कराने का आग्रह किया।

## विधायक ने सांढ़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय के जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ के जीर्णोद्धार निर्माण कार्य का विधायक रोशन लाल चौधरी ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम के पूर्व संवेदक पूर्व मुखिया पारसनाथ प्रसाद सहित ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को सांढ़ इमली चौक से गाजे बाजे के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सांढ मुख्य चौक से शिलान्यास स्थल तक जुलूस निकाला गया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़का गांव के हर पंचायत के गली मोहल्ले में मूलभूत सुविधा मुहैया कराना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। पहले स्वास्थ्य, शिक्षा को दुरुस्त करना है। ताकि क्षेत्र के बच्चे स्वस्थ व शिक्षित हो और क्षेत्र की चौमुखी विकास हो



इसी के उद्देश्य से आज सांढ मध्य विद्यालय में जीर्णोद्धार के लिए शिलान्यास हुआ। इस अवसर पर उप प्रमुख वचन देव कुमार मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, मुखिया सुलेखा कुमारी देवी, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद। पूर्व जिला परिषद सदस्य सह पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा भवानी प्रसाद दीपककुमार, गिरेन्द्र प्रसाद, संजय कुमार, दीपक कुमार, तपेश्वर कुमार तापस, घनश्याम कुमार, राजकुमार राणा, पूनम कुमारी, दिनेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बरहीडीह छठ घाट सूर्य मंदिर महायज्ञ महोत्सव को लेकर ध्वजारोहण व भूमिपूजन सम्पन्न

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : हजारीबाग रोड स्थित बरहीडीह के प्राचीन छठ घाट सूर्य मंदिर में महायज्ञ महोत्सव को लेकर भव्य ध्वजारोहण और भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और उन्होंने विधिवत रूप से ध्वजारोहण किया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महायज्ञ महोत्सव की शुरूआत विधिवत पूजन और ध्वजारोहण से हुई, जिसका नेतृत्व विधायक मनोज यादव ने किया। उन्होंने महायज्ञ की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। मौके पर



भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजसिंह चौहान, सचिव राजवंशी सिंह, कोषाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया शमशेर आलम, कैलाशपति सिंह, नागेश्वर प्रसाद केसरी, राजकुमार केशरी, लखन सिंह, लोकेश ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह, भुनेश्वर साव, उदय साव, विजय केसरी, किशोर ठाकुर, उपेंद्र राणा, मकुंदी राणा, मुकेश सिंह, प्रमोद सिंह, विजय केशरी, राजू पाण्डेय, दिनेश प्रजापति, भोली पासवान, टिंकू आलम, विजय सिंह, विनय सिंह, उपेंद्र राणा, मुकुंद राणा, दशरथ रजक, इंद्र भैया, मुकेश चंद्रवंशी, रामचन्द्र पाण्डेय, कृष्णा पाण्डेय, राजकुमार केशरी, मोती सिंह, नागेश्वर प्रजापति, चंद्रदेव राणा, शंकर राणा, सन्नी कुमार, कृपाल राणा, संजय कुमार साव, भागीरथ ठाकुर, भुनेश्वर साव, प्रवीन सिंह, सुरेश राणा, अजय पाण्डेय, लखन सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सैकड़ों एकड़ में फैली अवैध अफीम की फसल नष्ट

**चौपारण** : गुरुवार को भी प्रशासन द्वारा अफीम की खेती के खिलाफ जारी रहा अभियान। चौपारण थाना अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में चौपारण के जंगली क्षेत्रों में लगभग लगभग अफीम कि फसल को नष्ट कर अफीम खेती करने वालों और अफीम तस्करों के मनसूबे पर पानी फेर दिया है, वे लगातार नशे के अवैध कारोबार को नेस्नाबुद्ध बुद्ध करने में लगे हुए हैं और अवैध कारोबारियों कि कमर तोड़ रहे है। इसी क्रम में चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चौपारण प्रखंड में प्रशासन ने अवैध अफीम की खेती के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

## आईआईटी के पूर्व छात्र अजीत रंजन बर्धन पश्चिम बंगाल राज्य सतर्कता आयुक्त नियुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स) [IIT (ISM)] को गर्व है कि इसके प्रतिष्ठित पूर्व छात्र, अजीत रंजन बर्धन, को पश्चिम बंगाल के सतर्कता आयुक्त के रूप में नियुक्त किया गया है। श्री बर्धन, जो IIT (ISM) के पूर्व छात्र हैं, ने 1986 में अप्लाइड जियोलॉजी में अपनी डिग्री पूरी की और 1987 में मिनरल एक्सप्लोरेशन में एम.टेक किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के एक प्रतिष्ठित अधिकारी, उन्हें हाल ही में पश्चिम बंगाल कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार (ढ&अफ) विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इस उच्च पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद पर उनका कार्यकाल पांच वर्षों तक रहेगा। श्री बर्धन का शानदार करियर 1988 में



शुरू हुआ जब उन्होंने पहले ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन में काम किया, उसके बाद 1989 में कअर कैडर में शामिल हुए। वर्षों में उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण पदों पर कार्य किया, जिनमें शामिल हैं...

- जिलाधिकारी, मालदा
- सचिव, पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत बोर्ड (WBSEB)
- सचिव, लोक निर्माण विभाग
- प्रधान सचिव (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार)
- प्रधान सचिव (पर्यटन)
- प्रधान सचिव (खेल एवं युवा सेवा)
- प्रधान सचिव (श्रम)
- प्रधान सचिव (सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी)
- प्रधान सचिव (पंचायत एवं ग्रामीण विकास)
- अतिरिक्त मुख्य सचिव, उत्तर बंगाल विकास विभाग
- आयुक्त, जलपाईगुड़ी डिवीजन

श्री बर्धन मई 2023 में अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में सेवानिवृत्त हुए, जिससे उनकी उत्कृष्ट और निष्कलंक प्रशासनिक सेवा का एक शानदार समापन हुआ। ओड़िशा के जगतसिंहपुर जिले के मूल निवासी बर्धन ने प्रशासन और सुशासन में महतत्वपूर्ण्योगदान दिया है।

अपने प्रशासनिक कौशल के अलावा, श्री बर्धन एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी भी हैं, जो टेनिस और गोल्फ दोनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। उनकी बहुमुखी प्रतिभा और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। IIT (ISM) अजीत रंजन बर्धन को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देता है और पश्चिम बंगाल राज्य सतर्कता आयुक्त के रूप में उनकी नयी भूमिका में निरन्तर सफलता की कामना करता है।

# तीन दिवसीय कार्यशाला "Seismic Modelling and Migration using SeisRTM" का IIT धनबाद में समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद** : आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में 08 से 10 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला "Seismic Modelling and Migration using SeisRTM" का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. एम.के. सिंह, डीन (अकादमिक), IIT (रूट) थे, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये।

अपने सम्बोधन में प्रो. सिंह ने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने में ऐसी कार्यशालाओं के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने National Supercomputing Mission के तहत विकसित Indigenous शक्तिशाली सॉफ़्टवेयर की भूमिका पर जोर दिया, जो Seismic Imaging में तकनीकी विशेषज्ञता और अनुसंधान को बढ़ावा देता है। समापन समारोह में प्रो. सजित कुमार पाल, प्रमुख, एप्लाइड जियोफिज़िक्स विभाग, IIT (ISM), और ऋचा रस्तोगी, वैज्ञानिक F, C-DAC पुणे, भी उपस्थित रहे। प्रो. पाल ने प्रो. सुकुमार मिश्रा, निदेशक, IIT (ISM); प्रो. धीरज कुमार, डिप्टी डायरेक्टर; और प्रो. मृत्युंजय कुमार, डीन (अकादमिक) के सतत समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यशाला के सफल संचालन के लिए आयोजन समिति की भी सराहना की। इस कार्यशाला का आयोजन संयुक्त रूप से Seismic Data Processing (SDP), C-DAC पुणे; एप्लाइड जियोफिज़िक्स विभाग, IIT (ISM) धनबाद; और पृथ्वी विज्ञान



विभाग, IIT रुड़की द्वारा किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य SeisRTM सॉफ़्टवेयर की पहुंच को बढ़ाना, इसके आगे के विकास को बढ़ावा देना और Seismic Imaging में अनुसंधान को प्रोत्साहित करना था। IIT धनबाद के एप्लाइड जियोफिज़िक्स विभाग से प्रो. एस. दत्ता गुप्ता, जिन्होंने कार्यशाला के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने कहा, "SeisRTM एक उन्नत और उच्च अनुकूलन योग्य Reverse Time Migration सॉफ़्टवेयर है, जिसे कुशल Seismic Imaging के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यशाला में 140 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और यह IIT (ISM) धनबाद के न्यू लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स के लैब 3 में आयोजित की गई। तीन दिनों तक प्रतिभागियों ने Seismic Imaging तकनीकों पर व्यावहारिक अनुभव और सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त किया। कार्यशाला के पहले दिन बुनियादी विषयों का परिचय दिया गया, जिसमें LINUX और PBS कमांड, 2D मॉडल और ज्योमेट्री निर्माण, और 2D Isotropic Modelling का उपयोग करके Seismic Data उत्पन्न करने की प्रक्रियाएं शामिल थीं। इस दौरान C-DAC पुणे की वैज्ञानिक F, ऋचा रस्तोगी ने Seismic Modelling पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। व्यावहारिक सत्रों का नेतृत्व C-DAC पुणे की सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर नीतू मंगालथ, प्रोजेक्ट इंजीनियर स्नेहा बिडवे और प्रोजेक्ट इंजीनियर भरत कृष्णन ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को SeisRTM सॉफ़्टवेयर की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। दूसरे दिन, IIT रुड़की के पृथ्वी विज्ञान विभाग के प्रमुख, प्रो. आनंद जोशी ने फ्लट के सैद्धांतिक पहलुओं पर एक जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया। अंतिम दिन प्रतिभागियों को SEGY डेटा प्रदान किया गया, जिससे उन्होंने RTM एप्लिकेशन का निष्पादन किया और कार्यशाला में सीखी गयीं अवधारणाओं पर आधारित चर्चा की। इस कार्यशाला की सफल समाप्ति IIT (ISM) धनबाद की Geophysical Research को आगे बढ़ाने और अकादमिक व अनुसंधान संगठनों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्यक्रम भारत में Seismic Imaging Technologies के विकास और प्रसार में एक और महत्त्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## एक झलक

### डीएवी बनियाहीर में स्वामी दयानन्द सरस्वती की जन्मशदी हर्षोल्लास के साथ मनी

**जोरापोखर (धनबाद):** जोरापोखर, डीएवी बनियाहीर मे आर्यसमाज के संस्थापक, महान विचारक और कर्म योगी स्वामी दयानन्द सरस्वती की 201 वीं जन्मशदी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य एजाज अहमद ने स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वेदों के महान प्रचारक के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

इसके उपरांत विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र कुमार पाणिनि, शुभांकर सरकार, विनय कुमार सिन्हा आदि शिक्षकों ने भी अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर डीएवी संस्था के प्रति बनाए गए उनके आदर्शों को याद किया।

### नाला निर्माण में लोगों ने की अनियमितता की शिकायत

**धनबाद:** निरसा विधानसभा अंतर्गत चिरकुंडा नगर परिषद स्थित गोसाईं पाड़ा में लगभग 5 लाख की कीमत से नाला निर्माण किया जा रहा है लेकिन यदि जमीनी हकीकत देखी जाए तो जहाँ नाला निर्माण हो रहा है उस नाले से कम ओर नाले के बगल से ज्यादा पानी एवं गंदगी की निकासी हो रही है। जब निमार्णाधीन नाले के विषय में लोगो से पूछा गया तो जनता ने साफ शब्दों में कहा की निर्माण कार्य में काफी अनियमितता है पैसों का बंदरबाट साफ पता चलता है देखने वाला कोई नहीं है ठेकेदार से शिकायत करने पर संवेदक कहता है किसी से भी शिकायत करो कुछ नहीं होगा । स्थानीय लोगों को आने जाने में भी काफी परेशानी हो रही है । इस संबंध में जब चिरकुण्डा नगर परिषद कार्यपालक अभियंता विजय कुमार हांसदा से पूछा गया तो उन्होंने साफ शब्दों में आश्वासन दिया कि स्थालीय निरीक्षण किया जाएगा ओर यदि निर्माण कार्य में अनियमितता देखी गयी तो निश्चित तौर पर आवशयक कार्यवाही की जाएगी।

### एमपीएल के अधीनस्थ कांटा स्टाफ ने कर दिया बंदी का एलान

**धनबाद:** एमपीएल ने एक अनुचित कदम उठाया है। जहां एक ओर महंगाई भत्ता और मजदूरी बढ़ाई जा रही है, वहीं एमपीएल के अधीनस्थ कांटा में काम करने वाले स्टाफ के पेमेंट से जबरन पैसा काटी जा रहा है, जो ग्लोबल इंटरप्राइजेज द्वारा किया जा रहा है। जिसके कारण कांटा स्टाफ ने कल बुधवार की रात्रि से बंदी पर बैठे हुए हैं।

### दो बाइक सवार आपस में टकराये, तीन की स्थिति गम्भीर

**कतरास (धनबाद):** रामकनाली ओपी अंतर्गत 8 लेन मोड़ के समीप जमुआटांड़ में बुधवार की देर शाम दो बाइक आपस में भीड़ गए। एक बाइक पर एक व्यक्ति और दूसरे बाइक पर तीन व्यक्ति सवार थे। इधर घटना में तीन की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से सभी को धनबाद के निजी अस्पताल ले जाया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। इधर धनबाद पहुंचने के बाद रामकनाली प्रशासन जायजा लेने पहुंची।

### पेड़ से लटका मिला कोलियरी कर्मी का शव, जांच में जुटी पुलिस

**निरसा (धनबाद):** निरसा थाना क्षेत्र के चापापुर 10 नंबर माइंस के पास गुरुवार को एक व्यक्ति का शव रहस्यमय प्रस्थिति में पेड़ से लटकता हुआ मिला। मृत व्यक्ति की पहचान नंदू राय के रूप में हुई है जो कालीमाटी का रहने वाला था। मृतक चापापुर कोलियरी में कर्मी था। इधर घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वही निरसा पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुट गई है। मृतक के पुत्र धनंजय राय ने बताया कि पिता कल दोपहर में घर से निकले थे। काफी देर तक घर नहीं आने के बाद हमलोगों ने देर रात तक खोजबीन किया पर वे नहीं मिले।

घटना के बाद तुरंत इसकी सूचना थाना को दी। इसी दौरान सुबह पता चला कि पिता का शव पेड़ में लटका मिला है। वही मौके पर पहुंचे निरसा थाना के एएसआई शशिकांत पांडे ने कहा कि शव फंदा लगाकर फांसी से झूला हुआ है। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है।

# लोको टैंक के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने गुरुवार को अमृत 2.0 के तहत किए जा रहे लोको टैंक के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने लोको टैंक के चारों ओर किए जा रहे निर्माण कार्य, निमार्णाधीन बाउंड्री वॉल, टिकट घर, शौचालय, स्टेप्स इत्यादि की समीक्षा की। साथ ही कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।



निरीक्षण के दौरान संवेदक मनमोहन ग्रोवर ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे वाले क्षेत्र को छोड़कर लोको टैंक के तीनों तरफ मॉर्निंग वॉक ट्रैक बनाया जाएगा। लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही आमजनों के लिए पार्क, गजिबो, ओपेन जिम, स्ट्रीट लाइट तथा पार्किंग स्थल उपलब्ध रहेगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, प्रकाश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, नगर निगम के कार्यपालक अभियंता व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मध्य विद्यालय इंड्रस्टीज में झरिया विधायक ने किया शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास



**झरिया (धनबाद) :** मध्य विद्यालय इंड्रस्टीज परिसर में गुरुवार को झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शौचालय निर्माण कार्य भवन निर्माण विभाग धनबाद द्वारा किया जायेगा। उक्त शौचालय का निर्माण 9 लाख की लागत से होगी। मौके पर विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि मध्य विद्यालय इंड्रस्टीज के छात्राओं को काफी परेशानी हो रही थी। लोगों ने इस समस्या से अवगत कराया। जिसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए विद्यालय में शौचालय निर्माण कराया जा रहा है। शौचालय का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण होने चाहिए। क्योंकि यह विद्यार्थियों की भविष्य का सवाल है। शौचालय बन जाने से यहां के छात्राओं को काफी सुविधा होगी। मौके पर प्राचार्य अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण, संतोष शर्मा, मनोज गोप, पप्पू पासवान, बप्पू बाउरी, शमीर्ला देवी, अनीता देवी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ का 19वें त्रैमासिक अधिवेशन का दूसरा दिन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**धनबाद :** अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के 19 वें त्रैवार्षिक पर अधिवेशन के दूसरे दिन गुरुवार को केंद्रीय कोयला खान मंत्री भारत सरकार जी किशन रेड्डी ने अपने सम्बोधन में भारतीय मजदूर संघ की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए, कोयला जगत में कार्यरत विभागीय एवं ठेका मजदूर के लिए संघ द्वारा पूर्व में सौपी गई मांग पत्र के अनुरूप आज मंच से कुछ प्रमुख घोषणाएं की। 1. सभी मजदूरों (विभागीय और आउटसोसिंग के लिए बीमा लागू। 2. सी.एम.पी.एफ. में हुए घोटाले की निष्पक्ष जांच कराते हुए पैसों की रिकवरी की जायेगी। 3. सभी मजदूरों को यूनिफॉर्म देकर कार्यस्थल पर ड्रेस कोड लागू करवाएंगे। 4. मजदूरों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाते हुए वैधानिक पदों को भरा जायेगा। 5. किसानों/रैयतों की ली गई जमीन उत्खनन कार्य हेतु को, उचित मुवावजा के साथ पुनर्स्थापना कर उत्खनन जनित जमीन को पर्यावरण के अनुकूल विकसित करना। 6. मजदूरों के बच्चों के उच्च शिक्षा हेतु व्यवस्था करना। 7. चिकित्सा एवं रेफरल केस में सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों के दायरा बढ़ाते हुए। देश के और भी प्रतिष्ठित अस्पतालों को कोल इंडिया की इंपैनल सूची में सम्मिलित करने की मंजूरी। मंत्री बीएमएस को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस तरह से मानव के दो आंख होते हैं ठीक उसी तरह से बी एम एस एक आंख से मजदूरों के हितों को देखते हैं तो दूसरी आंख से राष्ट्र की निरंतर प्रगति को ध्यान में रख आंदोलन करते हैं। यही खूबी बीएमएस को अन्य मजदूर संगठनो से अलग पहचान दिलाती है। उक्त अधिवेशन में डीके सीएस से प्रमुख लोगों ने भाग लिया। जिसमें मुरारी तांती अध्यक्ष, अयोध्या मिश्रा, उपाध्यक्ष एबीकेएमएस उमेश कुमार महामंत्री, राघवेंद्र कोषाध्यक्ष, के.के.सिंह संगठन मंत्री, ओम सिंह, सुशील कुमार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बीएमएस के अलावे 100 कार्यकर्ता शामिल थे।

## सीबीएसई 10वीं व12वीं की परीक्षा के दौरान सभी सेंटर पर रहेगी निषेधाज्ञा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा जिले के 20 परीक्षा केंद्रों में संचालित की जाएगी। अनुमंडल दंडाधिकारी राजेश कुमार ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि तक धारा 163 बी.एन.एस.एस. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि 15 फरवरी 2025 से 4 अप्रैल 2025 तक जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल मुनिडीह, डीएवी मोडल स्कूल सीएफआरआई, इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग कतरास मोड़, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार, दिल्ली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल बनियाहीर, धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, गोविंदपुर रोड, सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह कतरास, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल झरिया, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल बैंक मोड़, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बरवाअड्डा, द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी बिहाइंड पॉलिटेक्निक, मोंटफॉर्ट अकैडमी तोपचांची, स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा, केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 धनबाद, केंद्रीय विद्यालय मैथन डैम तथा जवाहर नवोदय विद्यालय बेनागरिया में परीक्षा आयोजित की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगना, मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का उपयोग करना एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने आदि पर प्रतिबंध रहेगा। उपरोक्त आदेश 14 फरवरी 2025 की रात्रि 12:00 बजे से 4 अप्रैल 2025 तक, परीक्षा अवधि में लागू रहेगा।

## एफसीआईएल प्रबंधन के पीपी एक्ट नोटिस मामले में संयुक्त मोर्चा ने की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** संयुक्त संघर्ष मोर्चा सिंदरी का एक विशेष बैठक बिरसा समिति सिंदरी में गुरुवार को आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता विकास कुमार ठाकुर एवं सुरेश रावत की संचालन में संपन्न हुई। बैठक में मोर्चा में शामिल सभी घटक दल के प्रमुख नेता एवं सिंदरी में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रमुख साथी उपस्थित थे। बैठक में एफसीआईएल प्रबंधन द्वारा पीपी एक्ट के माध्यम से नोटिस देकर सिंदरी को टुकड़े-टुकड़े में उजाड़ने की साजिश का एकजुट होकर विरोध करने का फैसला लिया गया। एफसीआई प्रबंधन द्वारा सिंदरी को उजड़ने के नीति के खिलाफ आगामी 18 फरवरी




को एफसीआई के मुख्य द्वार पर प्रस्तावित महाधरना को सफल बनाने के लिए। सिंदरी में जन जागरण एवं प्रचार अभियान चलाने का फैसला लिया गया। इसके तहत नुक्कड़ सभा, प्रचार वाहन एवं मसाल जुलूस निकाला जाएगा। उपस्थित सभी वक्ताओं ने सिंदरी के गांव शहर के सभी लोगों से अपील की है कि सिंदरी के अस्तित्व रक्षा की इस लड़ाई में अपना भागीदारी निभाएं। और 18 फरवरी को प्रस्तावित महाधरना को ऐतिहासिक बनाकर एफसीआई प्रबंधन को मुंहतोड़ जवाब दें। बैठक में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष अजय कुमार, सीपीआई (एमएल) के वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नगर अध्यक्ष अशोक महतो, राष्ट्रीय जनता दल के नेता सुरेश राउत, सीपीआई (एम) सिंदरी बलियापुर लोकल कमेटी सचिव विकास कुमार ठाकुर, शाखा सचिव गौतम प्रसाद, सूर्यकुमार सिंह, विमल रवानी, मंगल महतो, ध्रुव दास, सहदेव सिंह, विरिची महतो, दशरथ ठाकुर, अमर सिंह, परशुराम सिंह, सोहन सोरेन, हेमन्त जयसवाल, शिवू राय, छोटन चटर्जी, राजीव मुखर्जी, दिलीप मिश्रा, विदेशी सिंह, विनय कुमार सिंह, नरेंद्र नाथ दास, दीपक बनर्जी, राजन तिवारी, सुरेश सिंह ने अपना वक्तव्य रख लोगों में जोश भरने का काम किया।

## राज्य सरकार किसानों व आम जनता के हित में निरंतर प्रयासरत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** राज्य सरकार किसानों और आम जनता के हित में निरंतर प्रयासरत है, और जरूरत है कि लोग विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर सशक्त बनें। यह बातें कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री श्रीमती नेहा शिल्पी तिर्की ने अपने गुमला दौरे के दौरान कहीं। वे एराउज संस्था द्वारा आयोजित संत इग्नेशियस उच्च विद्यालय में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। मंत्री श्रीमती तिर्की ने कहा कि उनका यह दौरा विशेष रूप से किसानों की स्थिति का आकलन करने और उनके सशक्तिकरण की संभावनाओं को समझने के लिए था। उन्होंने गुमला जिले में कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन के क्षेत्र में किए जा रहे बेहतर कार्यों की सराहना की और किसानों



से आग्रह किया कि वे परंपरागत खेती से आगे बढ़कर समूह बनाकर संगठित खेती करें। साथ ही, पशुपालन और मत्स्य पालन जैसी अन्य आजीविका योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि समूह आधारित खेती से किसानों को न केवल उचित बाजार मूल्य मिलेगा, बल्कि विपणन की सुविधाएं भी बढ़ेंगी। कुछ स्थानों पर इस मॉडल को अपनाने से सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने एराउज संस्था के ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और पलायन रोकने के प्रयासों में भी संस्था के योगदान की प्रशंसा की।इससे पूर्व, अतिथियों का स्वागत रेक्टर फादर फ्लोरेंस कुजूर ने किया और विभिन्न संस्थाओं की गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी, जिला कृषि पदाधिकारी श्री विजय कुजूर, जिला मत्स्य पदाधिकारी श्रीमती कुशमलता, जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीमती तमन्ना प्रवीण, कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री चैतू उरांव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारम्भ



**कटकमसांडी :** वृहस्पतिवार को पेलावल पंचायत में विभिन विभिन्न डीलरों द्वारा झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारंभ वितरण करके किया गया। जिनमे मदन डीलर, एकराम डीलर, मोहम्मद मुजीबुर्रहमान डीलर, मोइन अंसारी डीलर अब्दुल वहाब डीलर सभी ने इस कार्य का शुभारंभ किया अपने-अपने वितरण दुकानों पर लाभुकों को इस योजना का लाभ पहुंचाया। मदन डीलर और एकराम डीलर ने बताया कि यह योजना सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है जो साल भर में दो बार लाभुकों को दिया जाता है जिससे गरीबों को बहुत सहायता मिलती है वहीं मौके पर मौजूद पेलावल पंचायत के दोनों मुखिया मोहम्मद एखलाख एवं मुखिया नूरजहां ने सरकार की इस योजना की जमकर तारीफ की।

# जतिन ने जेईई प्रथम सत्र के परीक्षा में पाया 98.62 प्रतिशत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बीसीसीएल के कुसुंडा क्षेत्र में वरीय ओवरमैन के पद पर कार्यरत विनय कुमार ठाकुर के पुत्र जतिन स्वराज ने जेईई प्रथम सत्र के परीक्षा में 98.62 परसेंटाइल अंक लाकर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रोशन किया है। जतिन स्वराज ने अपने सफलता का श्रेय अपने अभिभावक एवं शिक्षक को दिया है। आगे चलकर जतिन किसी आई आई टी से कंप्यूटर साइंस में बी टेक करना चाहते है। जतिन के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद अरविंद सिंह, संजय सिंह, मनीष शर्मा, रामस्वरुप सिंह, घनश्याम गिरी, नागेंद्र मिश्रा, संदीप सिंह, दिनेश, चंडी आदि ने बधाई दिया।

## जेईई मेंन सेशन 1 में अनमोल को मिला 96 .27 परसेंट

**झरिया (धनबाद):** झरिया किड्स गार्डन के प्लस टू की छात्र अनमोल कुमार जेईई 2025 सेशन 1 के परिणाम में 96.27 लाकर स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। अनमोल के पिता पंकज कुमार धनबाद सिविल कोर्ट में अधिवक्ता है अनमोल अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता और चाचा को दिया है। चाचा नीरज कुमार धनबाद के पत्रकार है, साथ में कोचिंग और स्कूल का भी सपोर्ट बताया है वर्तमान में अनमोल धनबाद के तपोवन कॉलोनी में रह कर आगे की तैयारी कर रहे हैं। अंतिम शब्द में कहा कि भगवान पर भरोसा रखें और मेहनत करते जाएं।

## होंडा की नयी पेशकश, दमदार एनएक्स 200 बाइक हुई लॉन्च



**रांची :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नई एनएक्स 200 को लॉन्च करने की घोषणा की है। होंडा के प्रतिष्ठित एडवेंचर बाइक लाइन-अप से प्रेरित यह बाइक उन राइडर्स (सवारों) के लिए बनाई गई है जो रोमांच के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों के लिए एक बेहतरीन वाहन चाहते हैं। ऑल-न्यू एनएक्स 200 की कीमत रु. 1,68,499 (एक्स-शोरूम, दिल्ली) रखी गई है और यह अब पूरे भारत में सभी एचएमएसआई रेड विंग और बिग विंग डीलरशिप पर उपलब्ध है।नई एनएक्स 200 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष और सीईओ, त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ¹होंडा हमेशा अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नई तकनीकों और इनोवेशन पर काम करता रहा है। एनएक्स 200 इसी सोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जो रोमांचक राइडिंग का नया अनुभव देगा। लोकप्रिय एनएक्स 500 से प्रेरित यह बाइक ज्यादा से ज्यादा लोगों को एडवेंचर का आनंद लेने का मौका देगी और हर सफर को यादगार बनाएगी। इस अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर, योगेश माथुर ने कहा, हमें बेहद खुशी है कि हम एनएक्स 200 को भारत में लॉन्च कर रहे हैं।

## श्री महावीर मंदिर बुटी तृतीय वार्षिकोत्सव 21 से, तैयारी जोरों पर

**रांची :** श्रवण कुमार (बबलू) के अध्यक्षता में काफी हर्षोल्लास के साथ पूरा बूटी गांव में तैयारी शुरू हो रही है । इस वर्ष कलश यात्रा जो कि 21 फरवरी को होने जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में राम भक्तों कि जुटने की संभावना है। प्राण प्रतिष्ठा संचालन समिति कि ओर से दावा किया जा रहा है कि इस वर्ष बूटी ग्रामवासीयो के द्वारा इतिहासिक कलश यात्रा निकाला जाएगा जिसमे बूटी ग्राम के साथ साथ खिजूर टोला, बड़ागांई, महुरम टोली, बी.आई.टी, मेसरा, केदल तक के राम भक्त शामिल होने जा रहे हैं। वर्षगांठ के कार्यक्रम जो इस प्रकार है:-21 फरवरी दिन शुक्रवार को सुबह 8 बजे कलश यात्रा। 1 बजे बेदी पूजन के बाद मंडप प्रवेश। संध्या आरती के बाद खीर भोग।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार धनबाद की कार्यसमिति घोषित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद टेंपल रोड, पुराना बाजार स्थित अग्रसेन भवन में चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को हुई। अध्यक्षता सोहराब खान ने और संचालन महासचिव पवन सोनी ने किया। बैठक में सत्र 2025-26 के कार्यकारणी की घोषणा कर दी गई। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार की आम सभा गत 23 जनवरी को आयोजित की गई थी,आम सभा में बड़ी संख्या में पुराना बाजार के दुकानदारों ने भाग लिया था और चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के प्रथम अध्यक्ष के तौर पर सोहराब खान, महासचिव पवन सोनी और कोषाध्यक्ष कुणाल कुमार का चयन निर्विरोध किया गया था। 21 सदस्यीय संरक्षक मंडली, 1 वरीय उपाध्यक्ष,1 सह कोषाध्यक्ष 6 उपाध्यक्ष,




6 सचिव, 1प्रवक्ता सहित अन्य 12 कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। संरक्षक मंडली में चैंबर के संस्थापक सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव, पूर्व कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ व्यवसायों का चयन किया गया है जिसमें भिखू राम अग्रवाल, राजेश गुप्ता, प्रदीप नारनौली, रामभगत अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, हाजी नौशाद खान, संजय सिंघानिया, सुनील तुलसियान, राज कुमार गुप्ता, फहीम उल हक, श्यामा कांत गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, दीपक ठक्कर, दयानंद प्रसाद, कमल कुमार साहा, दिनेश कुमार साव, नारायण गंगवानी, जफरूद्दीन अलाम, संजय सांवरिया, रविप्रीत सिंह सलूजा.वरीय उपाध्यक्ष- संजय कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता विजय कुमार सैनी, उपाध्यक्ष अमरजीत कुमार सिंह, नवनीत रिटोलिया, इमरान अली, संजय भट्टाचार्य, सरदार नारायण सिंह, सचिव- नितिन अग्रवाल, सुमित मोदी, आशीष मेहता, दीपक कुमार सिंह, मुमताज आलम, जय प्रकाश केजिवाल, संगठन सचिव- रोहित कुमार सरावगी, सह कोषाध्यक्ष- दीपक झा, लीगल एडवाइजर-अधिवक्ता संतोष कुमार सिंह, चार्टर्ड अकाउंटेंट-सीए राहुल सिंघानिया, कमलेश केजरीवाल, भावेश राठौर, गोपाल प्रसाद, दिनेश प्रसाद,तनवीर अंसारी, चंद्र मोहन मिश्रा, जितेंद्र अग्रवाल, इबरार मल्लिक, सुरेंद्र साव, शिवम जुनेजा, रफीक अलाम, सौरव लोहनी, प्रशासनिक विभाग प्रभारी-राजेश गुप्ता, प्रदीप नारनौली, प्रदीप अग्रवाल एवं अन्य बिजली विभाग प्रभारी-राजेश गुप्ता, प्रदीप नारनौली, प्रदीप अग्रवाल एवं अन्य नगर निगम प्रभारी-राजेश गुप्ता, प्रदीप नारनौली, प्रदीप अग्रवाल एवं अन्य जीएसटी विभाग प्रभारी - राजेश गुप्ता, कुणाल कुमार एवं अन्य सामाजिक कार्य प्रभारी - सलाउद्दीन महाजन, रोहित सरावगी, चन्द्र मोहन मिश्रा एवं अन्य चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान और महासचिव पवन सोनी ने बताया कि कार्यकारणी टीम में पुराना बाजार के हर क्षेत्र को प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया गया है ताकि सम्पूर्ण पुराना बाजार के समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# धनबाद में पहली बार एशियन हॉस्पिटल में किया गया मरीज के फेफड़े की गम्भीर बीमारी का इलाज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** एशियन हॉस्पिटल धनबाद सेंटर के अनुभवी एवं विशेषज्ञ पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. बंदिका पृथ्वीराज ने 60 वर्षीय मरीज का जो 2 सालों से फेफड़ों में पानी आने की जटिल गंभीर बीमारी से ग्रसित था उसका नवीनतम तकनीक से सफलता पूर्वक इलाज कर पूर्ण रूप से स्वस्थ किया। फेफड़े के इस गंभीर समस्या से ग्रसित मरीज ने कई शहरों के तमाम हॉस्पिटल में दिखाएं लेकिन पूर्ण रूप से स्वस्थ नहीं हुए।फेफड़ों से पानी का कारण नहीं मिल सका। मरीज की इस गंभीर बीमारी को चुनौती पूर्ण स्वीकार करते हुए डॉक्टर बंदिका पृथ्वीराज ने फेफड़ों से पानी का पता करने के लिए एडवांस मिनिमम इनवेसिव मेडिकल थ्रोकोस्कोपी किया। इस प्रक्रिया के द्वारा फेफड़ों के साइड से अंदर जाकर फेफड़े का डायग्नोज किया गया और पानी के सोर्स का पता लगाया गया। इसके रिपोर्ट पर आधारित समस्या फेफड़े का यह सफल इलाज धनबाद में पहली बार डॉक्टर बंदिका पृथ्वीराज के द्वारा किया गया। इसके




एक्यूरेट रिपोर्ट के आधार पर मरीज का सही एविडेंस बेस्ड ट्रीटमेंट किया जा रहा है जिससे मरीज स्वस्थ है और राहत का श्वास ले रहा है। डॉ. बन्दीका पृथ्वीराज ने बताया कि फेफड़ों में पानी आने के सैकड़ो कारण होते हैं। धनबाद शहर दूसरे शहरों की तुलना में आंकड़ों के अनुसार एक बहुत ही प्रदूषित शहर है। इसलिए छाती एवं फेफड़े की बीमारियों से सावधान एवं सतर्क रहना आवश्यक है। छोटी सी खांसी को भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए इस समस्या को अच्छे डॉक्टर से दिखाना चाहिए। छाती की बीमारियों जैसे खांसी, श्वास लेने में दिक्कत, खांसी के वक्त खून गिरना, वजन घटना छाती की बीमारियों के लक्षण होता है। इन दिक्कतों में मरीज को तुरंत स्पेशलिस्ट पालमोलॉजिस्ट डॉक्टर से दिखाना चाहिए और पूर्ण रूप से जांच करवाना चाहिए ताकि छाती की बीमारियों की जड़ का पता चल सके और मरीज का पूर्ण रूप से चिकित्सा हो सके।और सिगरेट सेवन से परहेज,डस्ट वाले क्षेत्र में मास्क पहनना, बैलेंस डाइट लेना और नियमित रूप से योगा एक्सरसाइज बहुत ही आवश्यक है। डॉ. बंदिका पृथ्वीराज ने छाती के अच्छे स्वास्थ के संदर्भ में महत्वपूर्ण संदेश दिया कि हाइली पोल्यूटेड शहरों में प्रदूषण के कारण फेफड़े के हेल्थ पर ध्यान देना बहुत ही आवश्यक है।बताया कि बरटांड़ स्थित एशियन हॉस्पिटल धनबाद सेंटर में रेस्पिरेटरी और पल्मोनोलॉजी का सारा चिकित्सा और स्पेशल रेस्पिरेटरी आईसीयू सपोर्ट और अब डॉक्टरों बंदिका पृथ्वीराज और डॉक्टर दिनेश एचओडी क्रिटिकल केयर के नेतृत्व में अनुभवी एवं विशेषज्ञ टीम एवं नवीनतम जांच के द्वारा इलाज और निदान उपलब्ध है। अब बड़े शहरों के अस्पतालों में अधिक खर्च करके इलाज के लिए जाने की आवश्यकता नहीं है। फेफड़ों के रोगियों को यह महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए डॉक्टर बंदीका पृथ्वीराज के साथ एशियन हॉस्पिटल के सेंटर हेड सी राजन एवं पदाधिकारी मो. ताजुद्दीन उपस्थित थे।

## सम्पादकीय.....

# क्या विपक्षी एकता रहेगी कायम

**अति** आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था,जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही उम्मीदवार विजय प्राप्त करता है,शेष पराजित होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपने भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती। वैसे विपक्ष को इसकी आदत-सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और था। वर्तमान राजनीतिक उतार-चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित रणनीति अपनाई, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है,स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक-दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाइश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं।

## ● किसने क्या कहा



बौद्धिक व मूल्यों की शिक्षा के समन्वय से ही भारतीय शिक्षा का हो सकता है उत्थान

**वी नारायण**
**इसरो के अध्यक्ष**



वर्चुअल टूर से मिलेगी मप्र के इतिहास व संस्कृति की जानकारी

**डॉ. मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री (मध्य प्रदेश)**

# आखिर क्या है केमिस्ट्री ऑफ लव

**विशेष** — **योगेश कुमार गोयल**

> प्यार की 'मेनियक' नामक अगली किस्म में प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे को इस कदर चाहने लगते हैं कि वे अपने प्यार को हासिल न कर पाने की स्थिति में जान लेने अथवा जान देने के लिए भी तत्पर हो जाते हैं। यह एक तरह से प्यार का उन्मादी रूप होता है। प्यार की एक अन्य किस्म 'प्रेग्मा' में प्रेमी-प्रेमिका भावनाओं के समन्दर में न बहकर पहले एक-दूसरे के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हासिल करते हैं और उसके बाद प्यार जैसा कदम उठाते हैं। इस प्रकार जांच-परख कर और एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानने-समझने के बाद किया गया प्यार ही पूरी तरह से सफल 'प्यार' की श्रेणी में आता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मानव मस्तिष्क में मौजूद एक विशेष अंग 'हाईपोथेलेमस' में जब 'डोपेमाइन' तथा 'नोरपाइनफेरिन' नामक दो न्यूरोट्रांसमीटरों की अधिक मात्रा हो जाती है तो यह शरीर में उत्तेजना व उमंग पैदा करने लगती है।

**प्यार** को सदैव दिल से जोड़कर देखा जाता रहा है, दिमाग से नहीं। प्यार के संबंध में अक्सर यह भी कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है और यह ऊंच-नीच, अमीरी-गरीबी, जात-पात इत्यादि सामाजिक बंधनों की परवाह नहीं करता। हालांकि मनोवैज्ञानिकों का यही मानना है कि अचानक किसी से प्यार हो जाना या उसे दिलोजान से चाहने लगना, यह सबकुछ अपने आप नहीं होता और न ही इसमें हमारे दिल की कोई बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है बल्कि हमारे मस्तिष्क में होने वाली कुछ रासायनिक क्रियाएं तथा जीन संबंधी संरचनाएं एवं विशेषताएं ही प्यार हो जाने का प्रमुख आधार होती हैं और इन्हीं की बदौलत प्यार और उसकी गहराई तय होती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि युवावस्था के साथ-साथ बुढ़ापे की अवस्था में भी यदि किसी के दिल की धड़कनें किसी विपरीत लिंगी को देखकर बढ़ने लगती हैं और वह उससे प्यार का दावा करने लगता है तो यह सब उसके शरीर के भीतर की जैव वैज्ञानिक क्रियाओं का ही परिणाम होता है, जिसका एक वैज्ञानिक आधार होता है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि वास्तव में प्यार का एक मनोविज्ञान होता है, जिसे समझ पाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता।



यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ लंदन के वेलकम न्यूरोइमेजिंग विभाग के डॉ. एंड्रियाज बारटेल्स तथा प्रो. समीर जकी का कहना है कि प्यार 'खींचो और धकेलो' की पद्धति पर काम करता है। वह कहते हैं कि जब किसी से प्रेम होता है तो व्यक्ति उसकी तरफ खिंचा चला जाता है और उसके बारे में नकारात्मक बातों व उसकी बुराइयों को नजरअंदाज करता जाता है। डॉ. बारटेल्स व प्रो. जकी के अनुसार यह उसकी बुराइयों के प्रति आंख मूंदने या अंधा होने जैसा है और यही कारण है कि प्यार के बारे में अक्सर कहा जाता है कि प्यार अंधा होता है। कुछ मनोवैज्ञानिकों ने अपनी लंबी खोज के बाद दावा किया कि प्यार की अलग-अलग तरह की कुल छह किस्में होती हैं। इनमें से पहली तरह के प्यार को वैज्ञानिकों ने 'रोस' नाम दिया, जिसमें केवल शारीरिक भूख मिटाई जाती है। ऐसे प्यार में शादी-विवाह जैसे बंधनों का कोई अस्तित्व नहीं होता। प्यार की दूसरी किस्म को 'ल्यूड्स' नाम दिया गया, जिसमें प्रेमी-प्रेमिका के बीच हुई दोस्ती प्यार में बदलने लगती है लेकिन इसमें गंभीरता का अभाव पाया जाता है। तीसरी तरह के प्यार 'अगापे' में प्रेमी-प्रेमिका के बीच एक अटूट प्रेम होता है और उनमें एक-दूसरे पर मर मिटने तथा एक-दूसरे के लिए बलिदान देने के लिए तत्पर रहने की भावना जन्म ले चुकी होती है। प्यार की 'मेनियक' नामक अगली किस्म में प्रेमी-प्रेमिका एक-दूसरे को इस कदर चाहने लगते हैं कि वे अपने प्यार को हासिल न कर पाने की स्थिति में जान लेने अथवा जान देने के लिए भी तत्पर हो जाते हैं। यह एक तरह से प्यार का उन्मादी रूप होता है। प्यार की एक अन्य किस्म 'प्रेग्मा' में प्रेमी-प्रेमिका भावनाओं के समन्दर में न बहकर पहले एक-दूसरे के बारे में अच्छी तरह से जानकारी हासिल करते हैं और उसके बाद प्यार जैसा कदम उठाते हैं। इस प्रकार जांच-परख कर और एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानने-समझने के बाद किया गया प्यार ही पूरी तरह से सफल 'प्यार' की श्रेणी में आता है।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार मानव मस्तिष्क में मौजूद एक विशेष अंग 'हाईपोथेलेमस' में जब 'डोपेमाइन' तथा 'नोरपाइनफेरिन' नामक दो न्यूरोट्रांसमीटरों की अधिक मात्रा हो जाती है तो यह शरीर में उत्तेजना व उमंग पैदा करने लगती है। ये न्यूरोट्रांसमीटर मस्तिष्क में उस समय सक्रिय होते हैं, जब दो विपरीत लिंगी मिलते हैं। कभी-कभी समलिंगियों के मामले में भी ऐसा देखा जाता है। जब भी इन्हें एक-दूसरे की कोई बात आकर्षित करती है तो उनके मस्तिष्क का यह हिस्सा अचानक सक्रिय हो उठता है। जब मस्तिष्क के इस हिस्से की सक्रियता के कारण 'डोपेमाइन' नामक रसायन का स्तर बढ़ता है तो यह मस्तिष्क में आनंद, गर्व, ऊर्जा तथा प्रेरणा के भाव उत्पन्न करता है। डोपेमाइन के कारण ही एक अन्य रसायन 'ऑक्सीटोक्सिन' का स्राव भी बढ़ता है, जो साथी को बाहों में भरने के लिए प्रेरित करता है जबकि 'नोरपाइनफेरिन' के कारण 'एड्रिनेलिन' रसायन का स्राव बढ़ता है, जो दिल की धड़कनें तेज करने के लिए उत्तरदायी है। 'वेसोप्रेसिन' रसायन आपसी लगाव बढ़ाने तथा अटूट बंधन के लिए होता है। न्यूयॉर्क की एक जानी-मानी समाजशास्त्री तथा मानव संबंधों की विशेषज्ञा डॉ. हेलन फिशर इस सिलसिले में बहुत लंबा शोध कार्य कर चुकी हैं। उनका भी यही मानना है कि मस्तिष्क में पाए जाने वाले रसायनों 'डोपेमाइन' तथा 'नोरपाइनफेरिन' से ही प्यार की भावना का सीधा संबंध है। इन्हीं कारणों से प्रेमियों में असाधारण ऊर्जा का विस्फोट होता है और प्यार करने वालों की नींद और भूख गायब होने की भी यही प्रमुख वजह है।

# शिन्देशाही से महाराष्ट्र में नयी रार

**गौरतलब** — **राकेश अचल**

> आपको याद होगा कि शरद पंवार की आधी पार्टी को उनके भतीजे अजित पंवार पहले ही भाजपा के साथ जोड़ चुके हैं। शरद पंवार अब अकेले पड़ गए हैं और उन्हें अपनी बेटी सुप्रिया के राजनीतिक भविष्य की चिंता सता रही है। माना जाता है की वे अपने जीते जी सुप्रिया का राजनितिक भविष्य सुरक्षित करने के लिए भाजपा से गठजोड़ कर सकते हैं ,अर्थात जिस महाराष्ट्र विकास अघाड़ी को उन्होंने ही बनाया था उसे वे तोड़ सकते हैं।

**शिन्देशाही** का मामला हालाँकि महाराष्ट्र का है लेकिन ये हमारे शहर ग्वालियर से भी जुड़ा है इसलिए मै इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। ग्वालियर में शिंदे यानि सिंधिया शासन की नीव रखने वाले महान योद्धा महादजी सिंधिया के नाम पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार देने और एनसीपी के सुप्रीमो शरद पंवार द्वारा एकनाथ की तारीफ करने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर उबाल आ गया है। एकनाथ शिंदे महारष्ट्र के बिभीषण हैं। उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर सत्ता हासिल करने के लिए शिवसेना से बगावत कर एक नई शिव सेना बना ली थी। उन्होंने महाराष्ट्र विकास अगाडी की सरकार का तख्ता पलटने में मुख्य भूमिका निभाई थी, उन्हीं एकनाथ को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में शरद पंवार की मौजूदगी ही नहीं बल्कि उनके द्वारा शिंदे के कसीदे काढ़ना महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के सहयोगियों को रास नहीं आया और शिवसेना [उद्धव ठाकरे गुट] ने पंवार को आड़े हाथ ले लिया।आपको बता दूँ कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मंगलवार को न्यू महाराष्ट्र सदन में महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। पुणे स्थित सरहद संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने शिंदे को पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे ,क्योंकि महादजी शिंदे उनके पूर्वज थे।।

शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि शरद पवार को ऐसे कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहिए क्योंकि शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए की सरकार गिरा दी थी। राजनीति में कुछ चीजों से बचना होता है। जिसे हम महाराष्ट्र का दुश्मन समझते हैं उसे ऐसा सम्मान देना, महाराष्ट्र के गौरव पर आघात है। राउत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी-एसपी के सांसद अमोल कोल्हे ने कहा कि -राउत अपनी निजी राय जाहिर कर सकते हैं। यह अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का हिस्सा था। उन्होंने कहा, पंवार साहब ने स्टेट्समैनशिप को दिखाया है जहां हर चीज में कोई राजनीति को नहीं लाता। मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। वह कार्यक्रम में अध्यक्ष थे। इस विवाद के पीछे राजनितिक षड्यंत्र देखा जा रहा है। समझा जा रहा है कि इस कार्यक्रम के बहाने भाजपा हाईकमान ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंदिया के जरिये शरद पंवार को भाजपा में लाने की कोशिश की जा रही है। सिंधिया भाजपा के पुराने बिभीषण है।

## आज का इतिहास

- गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह की 1537 में पुर्तगालियों से बच कर भागने के दौरान डूबने से मौत।
- पंजाब के गुरुदासपुर जिले के कलानौर में 1556 में 13 वर्ष उम्र में अकबर का राजाभिषेक हुआ।
- शाहजहां 1628 में आगरा की गद्दी पर बैठा।
- कनाडा 1663 में फ्रांस का एक प्रान्त बना।
- हेनरी पेलहम 1743 में ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने।
- भारत के पहले होमयोपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना 1881 में कोलकाता में हुई।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1899 में संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी।
- लंदन के पास ग्रोटन शहर में 1912 में पहली डीजल पनडुब्बी बनाई गई।
- पोलिस-सोवियत युद्ध 1919 से आरंभ।
- शिकागो में महिला मतदाता लीग की स्थापना 1920 में की गयी।
- न्यूयॉर्क में आइबीएम की स्थापना 1924 में हुई।
- पेरू, चिली, पराग्वे और इक्वाडोर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य 1945 में बने।
- अमेरिका ने 1972 में चीन के साथ व्यापार प्रतिबंधों में ढील की घोषणा की।
- अमेरिका ने 1978 में सऊदी अरब, मिस्र, और इसरायली को अरबों डॉलर के हथियार बेचने की घोषणा की।
- काबुल में अमेरिकी राजदूत एडोल्फ डक्स की मुस्लिम उग्रवादियों द्वारा 1979 में हत्या।
- भोपाल गैस कांड की जिम्मेदारी यूनियन कार्बाइड 1989 में सरकार को मुआवजा देने पर राजी हुई थी।
- बंगलौर में इंडियन एयरलाइंस 605 पर सवार 92 लोग 1990 में विमान दुर्घटना में मारे गये।
- भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कपिल देव ने 1993 में 400 विकेट और 5000 रनों का रिकार्ड बनाया।
- इम्फाल में 1999 में पांचवे राष्ट्रीय खेलों की शुरूआत हुई।

## सुविचार

स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेना सबसे श्रेष्ठ और महानतम विजय होती है

**प्लेटो**

हमारी पहचान हमेशा हमारे द्वारा छोड़ी गयीं उपलब्धियों से होती है

**अमरीकी कहावत**

## अंकजाल - 7819

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 15 | 19 | 21 | ■ | 36 | 16 | 14 | 19 | ■ |
| 14 | | 7 | | ■ | | 5 | | 9 | 26 |
| 15 | 7 | | 3 | ■ | 8 | | 7 | | 20 |
| 12 | | 2 | | ■ | | 9 | | 7 | 26 |
| 21 | 2 | | 7 | | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | | 9 | | 3 | 29 |
| 26 | 8 | | 6 | | ■ | | 6 | | 13 |
| 18 | | 2 | | 6 | ■ | 3 | | 7 | 14 |
| 29 | 8 | | 5 | | ■ | | 4 | | 12 |
| ■ | 21 | 15 | 16 | 30 | ■ | 21 | 16 | 16 | ■ |

**अंकजाल 7818 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 20 | 17 | 24 | ■ | 33 | 15 | 19 | 12 | ■ |
| 20 | 7 | 5 | 8 | ■ | 5 | 4 | 9 | 2 | 20 |
| 15 | 7 | 5 | 3 | ■ | 8 | 2 | 7 | 3 | 20 |
| 12 | 4 | 2 | 6 | ■ | 7 | 9 | 3 | 7 | 26 |
| 21 | 2 | 5 | 7 | 2 | 5 | ■ | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 29 |
| 26 | 8 | 5 | 6 | 7 | ■ | 3 | 6 | 4 | 13 |
| 18 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ | 3 | 4 | 7 | 14 |
| 24 | 8 | 6 | 4 | 6 | ■ | 8 | 7 | 3 | 18 |
| ■ | 21 | 13 | 15 | 28 | ■ | 23 | 19 | 17 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## भगवान की नजर में हर इनसान बराबर

**इतिहास** के पन्नों को उलट करके देखेंगे तो पाएंगे कि आज जितना ऊंच-नीच एवं अमीर-गरीब का भेद-भाव है वह वैदिक काल के आरंभ में नहीं था। उस समय सामाजिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए कर्म के अनुसार वर्ग विभेद किया गया। लेकिन बाद में व्यवस्थाओं में जटिलता आती गयी और भेद-भाव बढ़ता गया। लेकिन यह भेद-भाव ऊपरी स्तर पर है। मूल में कहीं भेद-भाव नहीं है। मूल ईश्वर है और ऊपरी दुनिया वह है जहां हम मनुष्य और जीव-जन्तु विचरण करते हैं। भगवान की नजर में सभी एक समान हैं। ईश्वर की दृष्टि में न तो जात-पात है और न लिंग भेद। श्री रामानंदाचार्य ने कहा है जात-पात पूछे न कोई। हरि को भजे सो हरि का होई।। भगवान कभी किसी के साथ किसी आधार पर भेद-भाव नहीं करते हैं। केवट ने भगवान से प्रेम किया तो भगवान बिना किसी भेद-भाव के केवट की नैया में बैठे और केवट की जीवन नैया को पार लगा दिया। श्री राम के चरण रज को पीकर केवट परम पद पाने में सफल हुआ। भगवान की दृष्टि में सभी बराबर हैं इसका उदाहरण भक्त सबरी के जीवन की एक घटना है। सबरी भील जाति की एक महिला थी। राम की भक्ति इनके मन में ऐसी बसी की राम में ही खुद को अर्पित कर दिया।

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखायी धमक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी।

हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था।

लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं का मनोबल भी बढा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है।

उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था।

## राशिफल

**मेष** — कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**वृष** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मिथुन** — सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कर्क** — कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगा।

**सिंह** — रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**कन्या** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा।

**तुला** — विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक** — कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु** — आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए।

**मकर** — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**कुंभ** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मीन** — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें।

# सिर्फ लूटते हैं फर्जी ट्रैवल एजेंट, एजेंसी और वेबसाइट

**गौरतलब** — **डॉ. सत्यवान सौरभ**

> भारत में, हाल ही में धोखाधड़ी करने वाली ट्रैवल एजेंसियों में उछाल आया है जो अयोग्य व्यक्तियों को विदेश भेजने का वादा करती हैं। भले ही बड़ी संख्या में लोगों को गिरफ्तार किया गया हो, लेकिन निस्संदेह अभी भी बड़ी संख्या में लोग धोखाधड़ी से काम कर रहे हैं। अवैध छुट्टियों के पैकेज, पंजीकरण धोखाधड़ी और मनोवैज्ञानिक दिमागी खेल का उपयोग करके, ये बेईमान ट्रैवल एजेंट अपना व्यवसाय चलाते हैं। यात्रियों को इन धोखेबाजों से सावधान रहने की चेतावनी दी जाती है क्योंकि उनके साथ काम करना बहुत महंगा हो सकता है।

**अवैध** आव्रजन तब होता है जब कोई व्यक्ति अपने मूल देश को छोड़कर आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करते हुए दूसरे देश में रहने के लिए चला जाता है। यह एक महत्त्वपूर्ण और नाजुक मामला है। अक्सर, बिना नौकरी वाले युवा लोग जो निर्दोष हैं, विदेश में रोजगार पाने की कोशिश में अवैध आव्रजन के जाल में फंस जाते हैं। विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति को उसकी पसंद के देश में भेजने के बजाय, अनधिकृत एजेंट और एजेंसियाँ उसे दूसरे देश में भेज देती हैं। सरकार ने लोगों, खासकर युवाओं को चेतावनी दी है कि वे बेईमान अनधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों से सावधान रहें जो उन्हें काम, शिक्षा या अन्य कारणों से विदेश भेजने के लिए झांसा देते हैं। इनमें से कई स्थितियों में, विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति की जान भी जोखिम में होती है। भुगतान करने से पहले, लोगों को उन ट्रैवल एजेंसियों और कंपनियों से संपर्क करना चाहिए जिन्हें सरकार ने विदेश यात्रा करने की अनुमति दी है और उनसे अपने सभी सवाल पूछने चाहिए। राज्य सरकार द्वारा लोगों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे केवल अधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों के माध्यम से ही विदेश यात्रा करें। कई एजेंट जो विदेश में पैसे भेजने का दिखावा करके लोगों को ठगते हैं, अक्सर अपंजीकृत पाए जाते हैं। ये धोखेबाज या बिना मंजूरी वाले एजेंट विभिन्न मीडिया में अपने विज्ञापन पोस्ट और प्रसारित करते हैं, जिससे जनता को धोखा मिलता है और उन्हें अपनी मेहनत की कमाई, संपत्ति, गहने और अन्य संपत्ति से हाथ धोना पड़ता है। पंजाब और हरियाणा में ऐसे मामलों की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक है। यह चिंताजनक है कि पिछले छह वर्षों में, हरियाणा में अवैध अप्रवास के मामलों की संख्या में वार्षिक वृद्धि देखी गई है। इन मामलों में तुलनात्मक रूप से कई ग्रामीण निवासी शामिल हैं। ट्रैवल एजेंसियाँ बेरोजगार लोगों को काम और शिक्षा वीजा पर विदेश यात्रा करने के लिए लुभाने के लिए रोजगार के वादे करती हैं। भुगतान करने और वीजा के लिए आवेदन करने के बाद, व्यक्ति को अक्सर पता चलता है कि उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है। इसके बाद, ट्रैवल एजेंट 'डंकी रूट' की सलाह देता है। इस प्रक्रिया में शामिल अधिकांश लोगों को सीमा पर रोक लिया जाता है, हिरासत में लिया जाता है और वापस भारत भेज दिया जाता है। ऐसे उदाहरण हैं जहाँ पीड़ितों को उनके रिश्तेदारों द्वारा अवैध रूप से हिरासत में लिया जाता है और उनसे ज्यादा भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ट्रैवल एजेंट द्वारा फर्जी टिकट और वीजा प्रदान किए जा सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को हवाई यात्रा से मना किया जा सकता है। लोग कभी-कभी ईमेल आदि के जरिए भेजे गए फर्जी नौकरी के ऑफर और आधिकारिक दिखने वाले दस्तावेजों के जरिए ठगे जाते हैं। इसके अलावा, एजेंट दूसरे देश का वीजा पाने के झूठे बहाने से लोगों को रूस और यूक्रेन जैसे देशों में भेज सकते हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### प्रवेश पत्र नहीं आने से छात्राएं परीक्षा से हुई वंचित

**मेदिनीनगर** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा जिला संयोजक नितीश दुबे की अध्यक्षता में जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं झारखंड एकेडमिक काउंसिल को संज्ञान में दिया गया कि योध सिंह नामधारी महिला महाविद्यालय के लगभग एक दर्जन छात्राओं का महाविद्यालय प्रशासन की गलती की वजह से प्रवेश पत्र नहीं आने से छात्राएं परीक्षा से वंचित हो गई महाविद्यालय के ढूल मूल रवैया की वजह से एक दर्जन छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ प्रतीत होता है जो बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है महाविद्यालय प्रशासन गौर जिम्मेवाराना हरकत करते हुए छात्राओं का भविष्य अधर में लटका रही है उक्त अवसर पर उपस्थित झारखंड प्रदेश सह मंत्री अभय वर्मा ने कहा कि अगर छात्रोंओ का भविष्य अधर में गया तो विद्यार्थी परिषद महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ जोरदार आंदोलन करेगी एवं भक्तभोगी छात्रोंओ का भविष्य अधर में डालने वाली प्राचार्या को बर्खास्तकी की मांग करेगी इस अवसर पर मुख्य रूप से परिषद के प्रदेश लॉज संपर्क प्रमुख रामाशंकर पासवान,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव, राहुल कुमार चेरो खुशी कुमारी, गुलशन कुमारी आदि छात्राएं मुख्य रूप से उपस्थित थी।

### मिशन वात्सल्य योजना के तहत 37 नये आवेदन अनुमोदित

**लातेहार** : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को मिशन वात्सल्य अंतर्गत प्रायोजन एवं पालन-पोषण देखरेख अनुमोदन समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम ने समिति के सदस्यों को योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत एकल माता के बच्चों, अनाथ बच्चों, एचआईवी पीड़ित बच्चों, दिव्यांग जनों के बच्चों को 4000 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह सहयोग तीन वर्षों तक या 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने तक दिया जाता है। वर्तमान में 209 बच्चे इस योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। बैठक में समिति के समक्ष कुल 37 नए आवेदन अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किये गये, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गयी। इन बच्चों को अब देखरेख एवं संरक्षण हेतु आर्थिक सहायता दी जाएगी। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल

**लातेहार** : जिले के बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर गुरुवार को असंतुलन के कारण एक बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बालूमाथ के उमेश साव का पुत्र आशीष कुमार साहू (36) अपनी मोटरसाइकिल से पकरी गांव से लौट रहा था। पकरी मोड़ के समीप अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और बाइक फिसलकर सड़क पर गिर गई।दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आशीष को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ. प्रकाश बड़ाइक और डॉ. अलीशा टोप्पो की टीम ने प्राथमिक उपचार किया। प्रारंभिक जांच में युवक के पैर में गंभीर चोट और फ्रैक्चर की पुष्टि हुई, जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया।

### 22 फरवरी को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**गुमला** : आगामी 22 फरवरी 2025 को होने वाले विशेष लोक अदालत एवं आठ मार्च को होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा अधिवक्ताओं न्यायिक पदाधिकारीयों एवं अन्य स्टैकहोल्डर के साथ लगातार बैठक कर पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया जा रहा है ताकि आगामी विशेष शलोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत में भारी से भारी संख्या में मामलों का निष्पादन हो सके ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## श्रम विभाग व जिला नियोजनालय की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में श्रम विभाग एवं जिला नियोजनालय के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थिति पर विचार-विमर्श किया गया। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, लातेहार की प्रशिक्षण अधिकारी ने अपने संस्थान की विस्तृत जानकारी प्रदान की और नामांकन प्रक्रिया सहित अन्य विवरण उपायुक्त को अवगत कराए। उपायुक्त ने विभिन्न ट्रेडों में रिक्त सीटों को भरने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया, ताकि आगामी सत्र में अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित हो सके। इसके बाद औद्योगिक प्रशिक्षण




संस्थान, बरवाडीह के प्रशिक्षण अधिकारी ने संस्थान की स्थिति पर प्रकाश डाला। उपायुक्त ने पठन-पाठन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए और भवन सुदृढ़ीकरण के लिए विभागीय स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आदेश दिया। इसी क्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, चंदवा एवं महुआडाड़ के प्रभारी प्राचार्यों ने भी अपने-अपने संस्थानों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने जिला नियोजनालय, लातेहार द्वारा आयोजित रोजगार मेले, भर्ती कैंप एवं करियर काउंसलिंग संबंधी जानकारी साझा की। समीक्षा बैठक के दौरान श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के खर्च की स्थिति पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने संबंधित योजनाओं का शत-प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, श्रम कानूनों एवं प्रवधानों के लाभ से अधिक से अधिक लोगों को अवगत कराने हेतु श्रम अधीक्षक श्री दिनेश कुमार को प्रचार-प्रसार बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत, सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रभारी प्राचार्य, प्रशिक्षण अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

## 15 से 17 फरवरी तक साहित्य के रंग में रंगेगा गुमला

- त्रिदिवसीय साहित्य उत्सव के दौरान बिरसा मुंडा पार्क, गुमला में होगी फ्री एंट्री
- पहले दिन नीलोत्पल मृणाल के कार्यक्रम से आरम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : साहित्य उत्सव अंतर्गत 15 फरवरी को बिरसा मुंडा पार्क में शाम 04 बजे से कार्यक्रम आरम्भ होगा । कार्यक्रम के पहले दिन अपराह्न चार बजे कुड़ुख साहित्य के बदलते स्वरूप पर डाक्टर नारायण भगत और प्रेमचंद उरांव की परिचर्चा होगी एवं उसके बाद राष्ट्रीय स्तर के लेखक, कवि, सोशल मीडिया के रचनाकार तथा सामाजिक कार्यकर्ता नीलोत्पल मृणाल का कार्यक्रम होगा। नीलोत्पल मृणाल डार्क हॉर्स और औघड़ नामक प्रसिद्ध उपन्यास लिख चुके हैं तथा सोशल मीडिया पर उनकी कविताएं काफी प्रसिद्ध हैं। देश में युवाओं को मिलने वाला सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान साहित्य अकादमी युवा अवार्ड से सम्मानित नीलोत्पल मृणाल बिहार झारखंड से संबंध रखते हैं तथा साहित्य समाज सेवा के लिए इन्हें बिहार गौरव अवार्ड से नवाजा जा चुका है । इनके लिखे दोनों उपन्यास डार्क हॉर्स एवं औघड़ हिन्दी बेस्ट सेलर में शामिल रहे हैं । इनकी रचनाओं में गांव का सौंधापन और वास्तविकता का अनूठा संगम होता है। इस साहित्य उत्सव में राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न प्रकाशकों द्वारा पुस्तक मेला भी लगाया जा रहा है जहां हिंदी और अंग्रेजी साहित्य के साथ नागपुरी, कुड़ुख आदि जनजातीय साहित्य की किताबों की प्रदर्शनी लगेगी तथा ये बिक्री के लिए भी उपलब्ध होंगी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियों से संबंधित स्टॉल भी लगाया जाएगा तथा पार्क में फ्री एंट्री होगी।

## कैदी के फरार होने के बाद एसपी ने किया अस्पताल के वार्ड का निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पिछले दिनों मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के कैदी वार्ड से एक कैदी भागने के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जानकारी के अनुसार अस्पताल से फरार कैदी ऋषिकेश दुबे हत्या के एक मामले में दिसंबर 2023 से पलामू सेंट्रल जेल में बंद था। टीबी की बीमारी एवं सांस लेने की तकलीफ के कारण उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया था।



ऋषिकेश दुबे के भागने के बाद पुलिस विभाग पर कई सवाल उठ रहे हैं। इसे लेकर गुरुवार को पलामू एसपी रिष्मा रमेशन अस्पताल के कैदी वार्ड पहुंच कर वार्ड के विभिन्न जगहों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एसपी रीष्मा रमेशन ने वहां पर तैनात पुलिस जवानों से कैदी के हॉस्पीटल में हाथ मुंह धोने के बहाने ऋषिकेश दुबे फरार हो गया। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में कैदी वार्ड है, जहां सेंट्रल जेल के बीमार कैदियों का इलाज किया जाता है। कैदी वार्ड में पिछले 09 दिनों से ऋषिकेश दुबे का इलाज चल रहा था।

## बारियातू में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन

# ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की नयी राह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के बारियातू में महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की गई। गुरुवार को एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया, जहां ग्रामीण महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई और हस्तशिल्प का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर लातेहार अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने कहा कि यह प्रशिक्षण केंद्र महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के अवसरों की कमी के कारण ग्रामीण महिलाएं अब तक अपने हुनर का सही उपयोग नहीं कर पाती थीं, लेकिन इस केंद्र के माध्यम से वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकेंगी। इस पहल से उपस्थित महिलाओं ने खुशी जताते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल रोजगार के नए अवसर खोलेगा बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी देगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वे अपने घर से ही सिलाई और कढ़ाई का कार्य कर सकती हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। इस अवसर पर इस अवसर पर लातेहार अंचल के अंचल - अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद , सचिव राजेंद्र सिन्हा, मनमोहन राम कोषाध्यक्ष, पवन कुमार प्रसाद, पुरुषोत्तम शर्मा संरक्षक, वीरेंद्र प्रसाद सत्येंद्र प्रसाद, राजीव कुमार, बजरंग प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## छोटे लाल कमाने गया था महाराष्ट्र लौटा उसका शव, गांव में पसरा मातम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सदर प्रखंड के मजदूर छोटे लाल उरांव (25) की मौत सोमवार को महाराष्ट्र के पुणे जिले के मंचर शहर में पांच मंजिला मकान से गिरने से हो गई। वह तरवाडीह पंचायत के हरतुआ गांव का रहने वाला था। इधर छोटेलाल का शव संवेदक के द्वारा बुधवार की मध्य रात्रि एंबुलेंस से उसके गांव पहुंचाया गया। इधर शव गांव में पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद गुरूवार की सुबह गांव का माहौल गमगीन हो उठा। मृतक की पत्नी प्रतिमा देवी और परिजनों में चीत्कार और कोहराम मच गया। जबकि संवेदक द्वारा दो दिन बाद गांव में शव पहुंचाने के खिलाफ ग्रामीणों में रोष देखा गया। मृतक के भाई झाबर उरांव ने थाने में संवेदक के खिलाफ आवेदन देकर लापरवाही का आरोप लगाया हैं। मृतक के भाई ने कहा कि गत आठ जनवरी को मेरे भाई छोटेलाल उरांव को शहर के डुरूआ, रेलवे स्टेशन निवासी अमित कच्छप उर्फ अकमल हुसैन के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड का काम कराने के नाम पर महाराष्ट्र के पुणे जिले के मंचर शहर में ले जाया गया। परंतु वहां उससे गार्ड का काम न कराकर मजदूरी में लगा दिया गया। मेरे भाई के साथ गांव के ही संजय उरांव भी गये थे। परंतु अचानक दस फरवरी दिन सोमवार को गांव के संजय उरांव ने बताया कि संवेदक के कहने पर वहां के मालिक के द्वारा बिना सेफ्टी बेल्ट और बिना हेलमेट के मेरे भाई को काम हेतु पांच मंजिला मकान पर चढ़ा दिया। जहां गिरने के कारण उसके सर पर गंभीर चोटें आई और मौके पर ही उसकी मौत हो सकी। मृतक के भाई ने बताया कि अमित कच्छप उर्फ अकमल हुसैन के द्वारा गांव के भोल भले ग्रामीणों को बहला फुसलाकर और झांसा देकर काम कराने के लिए बाहर के राज्यों में ले जाया जात हैं और की गई मजदूरी का भुगतान भी नहीं दिया जाता हैं।

## सीबीएसई परीक्षा को लेकर निषेधाज्ञा घोषित

- परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू रहेगी निषेधाज्ञा
- परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर सभी फोटो स्टेट की दुकान बंद रखने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : केन्द्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड परीक्षा-2025 का संचालन पलामू अंतर्गत विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर 15 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 तक होगी। इन तिथियों में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा पूर्वाह्न 10 बजे से 01:30 बजे तक संचालित होगी। पलामू जिले के सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत चार परीक्षा केन्द्र यथा एमके डीएवी पब्लिक स्कूल, चियांकी, रोटरी स्कूल, चैनपुर, आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल, बीसीसीएल रेहला, एवं हेरिटेज इंटरनेषनल पब्लिक स्कूल चियांकी में बनाया गया है। परीक्षा केन्द्रों पर काफी संख्या में भीड़ की संभावना को देखते हुए विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर सदर अनुमंडल दंडाधिकारी सुलोचना मीणा ने अपने अधिकारिता क्षेत्र अंतर्गत उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों पर निषेधाज्ञा घोषित की हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए उक्त परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में परीक्षा की तिथि को परीक्षा के दौरान बीएनएसएस के अंतर्गत निषेधाज्ञा घोषित की गई है। यह निषेधाज्ञा परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। अनुमंडल दंडाधिकारी ने सभी आरक्षी पदाधिकारी एवं दंडाधिकारियों को निषेधाज्ञा के आदेश का पालन सख्ती से कराना सुनिश्चित करने का निदेश दिया है। इसके तहत परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बुढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भाला, गड़ासा, छूरा, अग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेगा। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्ति एक साथ मजमा बनाकर नहीं चलेंगे। यह दाह-संस्कार, धार्मिक एवं शादी-विवाह के जुलूस पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी संस्था/व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग वर्जित होगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ वीक्षक/ परीक्षार्थी/ पुलिस बल को छोड़कर कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की परिधि में नहीं जायेगा। साथ ही निर्धारित परिधि में कोई भी व्यक्ति मटरगश्ती नहीं करेगा या चिट-पूजा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा।

## गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त व अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतनेवाले कर्मियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्रवाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले में प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के निदेशानुसार गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त एवं अपने दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिले के तीन कर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है, तथा आगे भी जांचोपरांत संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। निदेशक डी आर डी ए श्विद्या भूषण द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, उप विकास आयुक्त, गुमला के प्रतिवेदन के आधार पर एकलाखु रहमान वारसी, सहायक अभियंता



(संविदा आधारित), जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, गुमला, जो वर्तमान में जिला परिषद, गुमला में पदस्थापित थे, को संवेदक से अवैध राशि की मांग एवं भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने के कारण तत्काल प्रभाव से उनकी प्रतिनियुक्ति से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि सम्बन्धित कार्यालयों के सभी अभिलेख कार्यालय प्रधान को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार, प्रमोद कुमार, प्रधान लिपिक, जिला पंचायत शाखा, गुमला, जो वर्तमान में जिला परिषद, गुमला में प्रतिनियुक्त थे, को संवेदकों से अवैध राशि की मांग, असंसदीय भाषा के प्रयोग एवं भ्रष्टाचार में संलिप्तता के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विशुनपुर अंचल कार्यालय निर्धारित किया गया है।

## स्वास्थ्य केन्द्र में मोतियाबिंद मरीजों के बीच नि:शुल्क चश्मा व दवा का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पांकी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जन विकास मार्ग के संयुक्त तत्वाधान में कल देर रात तक 72 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन निशुल्क किया गया, जिसके बाद आज गुरुवार को ऑपरेशन कराने वाले महिला पुरुषो के बीच में पांकी प्रमुख पंचम प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, भाजपा ओबीस मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी महेंद्र प्रसाद व जीप सदस्य पति मुकेश सिंह चंदेल ने संयुक्त रूप से चश्मा,दवा, ड्रॉप इत्यादि निशुल्क वितरण किया। इसके साथ में पांकी अस्पताल का निरीक्षण भी किया गया, जहां निरीक्षण के दौरान सवास्थ कार्मियों को साफ सफाई का निर्देश दिया गया। मौके पर डॉ विनोद कुमार, अनुज सिंह, जयकिशोर प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, शशिभूषण पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में मना राष्ट्रीय महिला दिवस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय महिला दिवस पर कोकिल के जन्मदिवस के अवसर पर धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत कोकिला सरोजिनी नायडू के चित्र पर मलयार्पण तथा पुष्पार्चन करके किया गया। इसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल राहुल घोष ने बताया की भारत में हर साल 13 फरवरी को नेशनल वुमन्स डे (राष्ट्रीय महिला दिवस) के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत की महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और समाज में उनके योगदान को समर्पित है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक




उपलब्धियों को सराहना और उन्हें समानता और सम्मान दिलाने के लिए जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष रामलखन सिंह ने अपने संदेश में कहा की नेशनल वुमन्स डे का इतिहास भारत की एक महान महिला नेता और स्वतंत्रता सेनानी सरोजिनी नायडू से जुड़ा हुआ है। सरोजिनी नायडू का जन्म 13 फरवरी 1879 को हुआ था (Saojini Naidu Birth Anniversary) और उन्हें भारत की नाइटिंगेल ऑफ इंडिया (भारत कोकिला) के नाम से भी जाना जाता है। वह न केवल एक कवयित्री और लेखिका थीं, बल्कि एक प्रखर वक्ता और समाज सुधारक भी थीं। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई और महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनीं और देश की पहली महिला राज्यपाल (उत्तर प्रदेश) भी रहीं।

## जीवन जीने की कला सिखाता है श्री रामचरितमानस : रूचिर तिवारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटेनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने ग्राम -ताली में चल रहे श्री रामचरितमानस नवाह पारायण पाठ महायज्ञ समिति के 16वें अधिवेशन के अवसर पर शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष मार्कंडेय तिवारी ने स्वागत किया मौके पर श्री रूचिर तिवारी ने कहा कि श्री रामचरितमानस मानव जीवन को जीने की कला सिखाती है। भगवान श्री राम मनुष्य रूप में अवतरित होकर सारे कष्टों को सहते हुए अपना कर्म किया एवं माता-पिता, भाई, बंधु तथा एक राज्य के प्रति क्या कर्तव्य और मयार्दा होता है इसको हूबहू बताने का काम किया



वही शबरी का झूठा बेर खाकर जाति धर्म के बंधन से भी मुक्त होकर, मनुष्य के साथ-साथ अन्य जीव जंतुओं वानर,भालू गिद्धराज जटायू से प्रेम करना श्री राम ने सिखाया, यही कारण है कि उनको मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम कहा गया है।

## जिला प्रशासन, एनडीआरएफ के सहयोग से ग्रासीम इंडस्ट्रीज में हुआ मॉक ड्रिल

# आपदा से निपटने के लिए किया गया मॉक ड्रिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ 9वीं वाहिनी, पटना बिहार के संयुक्त तत्वावधान में रेहला स्थित ग्रासीम इंडस्ट्रीज में केमिकल, बॉयलोजिकल, रेडियोलॉजिकल एवं न्यूक्लियर/केमिकल डिजास्टर (रसायनिक आपदा) पर मॉक ड्रिल किया गया। आपदा पूर्व जागरूकता एवं तैयारी को लेकर किए गए मॉक ड्रिल ग्रासीम इंडस्ट्रीज में क्लोरिन गैस के रिसाव उपरांत वहां कार्यरत कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभिक रूप से बचाव एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने में तत्परता बरतते हुए सुरक्षित बचाने का प्रदर्शन किया गया। वहीं




एनडीआरएफ टीम के विशेषज्ञों द्वारा गैस रिसाव को बंद करते हुए सिल किया गया तथा गैस से प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से इंडस्ट्रीज में कार्यरत कर्मचारियों को आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार करना एवं उनके बीच की प्रतिक्रिया का आकलन किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में कर्मचारियों को सुरक्षित स्थान पर रहने, सुरक्षित निकलने, आपातकालीन स्थिति में प्रभावित कर्मचारियों को सुरक्षित निकालने, कर्मचारियों में घबराहट की स्थिति नहीं आये और फैक्ट्री की सम्पत्ति की क्षति भी कम-से-कम हो आदि के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में अग्निशामक यंत्रों का सही इस्तेमाल आदि के बारे में जानकारी दी गयी। मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट रंजीत कुमार, विश्रामपुर के अंचल पदाधिकारी राकेश तिवारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव, जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार, एनडीआरएफ के एसआई सूरज कुमार के अलावा रेहला थाना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर की टीम एवं ग्रासीम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी एवं उनकी पूरी टीम व इंडस्ट्रीज के कर्मचारी मौजूद रहे।

## संत रविदास का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत : लवली गुप्ता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू** : पांकी प्रखंड क्षेत्र के लुकुआ, लोहरसी, गणेशपुर, बचदोहर, कोनवाई मे संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। जयंती कार्यक्रम समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पांकी पूर्वी के पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष लवली गुप्ता मौजूद थी। सर्वप्रथम लवली गुप्ता ने संत शिरोमणि रविदास जी व बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए लवली गुप्ता ने कहा कि 15वीं सदी के सतगुरु रविदास जी भारत के उन चुनिंदा महापुरुषों में से एक थे जिन्होंने अपने रूहानी वचनों से सारे संसार को एकता भाईचारा मे



पिरोने का कार्य किया है। वे सिर्फ कवि ही नहीं बल्कि महान समाज सुधारक दार्शनिक भविष्य द्दष्टा जैसी अनेक विशेषताओं से विभूषित थे। उनके व्यक्तित्व को एक जाति विशेष तक सीमित नहीं किया जा सकता है, संत रविदास को जयदेव नामदेव और गुरु नानक जैसे महान संतों की अविरल परंपरा की महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में जाना जाता है। श्रीमति गुप्ता ने ये भी कहा कि संत रविदास भक्ति भाव और सदाचार के महत्व पर जोर देते रहे। वे मनुष्य के जन्म की सार्थकता पर विश्वास रखते थे। संत रविदास ने अपनी अनेक रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी लोकवाणी में अद्भुत प्रयोग से मानव धर्म और समाज पर अमिट प्रभाव पड़ा जिसका असर आज भी देखने को मिलता है।

## एक झलक

### यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए बैठक

**बोकारो** : बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रवीण कुमार सिंह एसडीपीओ चास, आलोक रंजन सिटी डीएसपी, विद्या शंकर डीएसपी ट्रैफिक बोकारो के कार्यालय में यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के संबंध में बैठक हुई। जिसमें संरक्षक संजय वैद ने मांग किया की मुख्य सड़क पर खड़े रहने वाले बड़े व्यावसायिक वाहनों से दुर्घटना की समस्या बनी रहती है इस पर अंकुश लगाया जाए। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा मांगे जाने वाले माल की आपूर्ति करने वाले वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। वहीं अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चास में पार्किंग क्षेत्र चिह्नित कर उसे विकसित कर निगम क्षेत्र में वाहनों की गति सुनिश्चित की जाए। बाई पास रोड में लगी रेलिंग में छोड़े गए जगह को बंद करवाया जाये ताकि मोटरसाइकिल उससे निकल ना सके। इससे भी कभी-कभी जाम लग जाता है और दुर्घटना भी हो जाती है। महासचिव राजकुमार जायसवाल ने कहा कि नया मोड़ बस स्टैंड के अंदर ही बसों के पड़ाव सुनिश्चित किये जायें अधिकतर बसे मुख्य सड़क पर ही खड़ी होकर सवारियां उठाती है,सेक्टर 12 मोड, नया मोड़, सिटी सेंटर सेक्टर 4 मोड आदि पर पड़ाव चिन्हित कर छोटे-छोटे व्यावसायिक वाहनों का ठहराव वहीं पर किया जाए। एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने समाधान के लिए विशेष बैठक करने की बात कही। जिसमे कई संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। मौके पर नरेंद्र सिंह, सुभाष जैन,अनूप भलोटिया, शैलेंद्र जायसवाल, अंकित चोपड़ा सहित कई अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

### संत रविदास सामाजिक कुरीतियों के सुधारक थे : बहादुर सिंह

**बोकारो** : राजद के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती सेक्टर 2डी में राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव (दलित प्रकोष्ठ) के रामलाल राम की अध्यक्षता में संत शिरोमणि के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर जयंती मनायी गयी। मौके पर झारखंड प्रदेश राजद के प्रदेश महासचिव बहादुर सिंह यादव ने कहा कि संत रविदास जी ने सामाजिक कुरीतियों के सुधार के लिए पाखंडियो एवं धार्मिक ढोगियों पर कड़ा प्रहार किया था। उनका कहना था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा अगर आपके मन में किसी के प्रति बैर-बैमनस्व भाव नहीं है, कोई लालच या द्वेष नहीं है तो आप का मन ही भगवान का मंदिर, दीपक और धूप है। किसी जाति में जन्म होने के कारण कोई नीचा या छोटा नहीं होता है, उसका कर्म नीचा बना देता है।

## पेयजल व स्वच्छता योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

# किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : मंत्री योगेंद्र प्रसाद, पेयजल एवं स्वच्छता उत्पाद एवं मध निषेध विभाग, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में संबंधित जिलों में संचालित पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। समीक्षा बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, विधायक, राजमहल मो. ताजुद्दीन, उपायुक्त,साहेबगंज हेमंत सती, उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज अमित कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ प्रभात कुमार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य साहेबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिलों में पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था। बैठक में मंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पदाधिकारियों से योजनाओं के वर्तमान कार्यों, उनकी प्रगति मेंआ रही चुनौतियों एवं समाधान के उपायों पर चर्चा की। मंत्री ने



पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने जल आपूर्ति परियोजनाओं की स्थिति पर विशेष जोर दिया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रत्येक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि स्वच्छता मिशन के तहत बनाए गए शौचालयों की स्थिति की नियमित जांच की जाए और जो भी कमियां हैं, उन्हें शीघ्र सुधार किया जाये। बैठक में कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति परियोजनाओं के कार्यों में धीमी प्रगति हो रही है, जिसे लेकर मंत्री ने पदाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री ने कहा कि स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियानों को और प्रभावी बनाया जाए। साथ ही हैंडपंपों एवं पाइपलाइन जलापूर्ति योजनाओं के नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में मौजूद पदाधिकारियों ने मंत्री को आश्वासन दिया कि वे निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। बैठक में मंत्री ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे लगातार क्षेत्रीय दौरा कर जमीनी हकीकत की समीक्षा करें और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल एवं स्वच्छता का अधिकार हर नागरिक को मिलना चाहिए।

## योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में उत्पाद व मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

# राजस्व संग्रह में लायें तेजी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,झारखंड के मंत्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में नया परिसदन भवन में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, विधायक राजमहल मो. ताजुद्दीन, उपायुक्त, साहेबगंज हेमंत सती, उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज अमित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ प्रभात कुमार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने साहेबगंज, पाकुड़ और



गोड्डा जिलों के राजस्व संग्रह की विस्तृत जानकारी ली। पदाधिकारियों ने बताया कि वार्षिक लक्ष्य के करीब राजस्व संग्रह किया जा चुका है, जबकि शेष बचे राजस्व संग्रह में कुछ दिक्कतें आ रही हैं। मंत्री ने इन समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली और पदाधिकारियों को राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को राजस्व संग्रह में तेजी लाने के साथ-साथ सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और कई अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई की गयी है।

### हर सरकारी योजना जरूरतमंदों तक पहुंचेगी : राम प्रताप यादव

**भवनाथपुर** : प्रखंड अंतर्गत कैलान पंचायत में राज्य के सभी पंचायतों को क्रियाशील बनाने, पंचायत सचिवालय को गतिशील सेवा प्रदान करने वाले के रूप में तैयार करने के लिए विभाग द्वारा कई योजनाओं की शुरू की गई हैं। पंचायत सचिवालय को जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए एकीकृत केंद्र के रूप में विकसित किए जाने का लक्ष्य है। उक्त कार्यों के संचालन के लिए पूर्व से पंचायत में कार्यरत पंचायत स्वयंसेवक को ही पंचायत सहायक के रूप में चयनित किए जाने का प्रावधान है। इसके तहत भवनाथपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में भवनाथपुर बीडीओ नंदजी राम ने चिट्ठी जारी कर ग्रामसभा के माध्यम से पंचायत सहायकों का चयन कराया।

## जेईई मेन्स में 99.73 % प्राप्त कर लावण्या प्रकाश बनी झारखंड गर्ल्स टॉपर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर** : सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त +2 मिलिनियम पब्लिक स्कूल 12 वीं की छात्रा लावण्या प्रकाश जे.ई.ई. मेन्स की परीक्षा में 99.73% नंबर प्राप्त कर झारखंड गर्ल्स टॉपर बनी. इससे विद्यालय परिवार में उल्लास का माहौल है। विद्यालय निदेशक मो मुमताज राही एवं चेयरपर्सन नूरजहां बेगम ने लावण्या प्रकाश के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये लावण्या की भूरी भूरी प्रशंसा की.ज्ञात हो इस विद्यालय की पूर्ववर्ती छात्राएं भी बैंकिंग, जेई ई; नीट; आईआईटी, रेलवे तथा निफ्ट की परीक्षा में अग्रणी स्थान प्राप्त की है। राज्य तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर सुशोभित हैं तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे अच्छे विश्व विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। निदेशक मुमताज राही ने कहा की विद्यालय हमेशा से आधुनिक शिक्षा




के साथ-साथ प्रायोगिक कार्य में विशेष भूमिका निभाते हुये अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहा है, ताकि आने वाली हमारी पीढ़ी आत्म निर्भर हो. विकसित देशों के साथ- साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश को आगे बढ़ाये. यह विद्यालय आर्टस, साइंस कॉमर्स तीनों संकायों में आधुनिक प्रायोगिक शिक्षा प्रदान करती है. विद्यालय आईआईटी. जेईई. नीट, बैंकिंग रेलवे तथा निफ्ट जैसे परीक्षाओं में छात्र छात्राओं को परिपूर्ण कर सफल बनाते आ रहा है विगत कई वर्षों से यह विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में अपना परचम राज्य तया राष्ट्रीय स्तर पर लहरा रहा है।

**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY**
**(Ranchi Region)**
5th Floor JIADA Central Office, Namkum Industrial Area Lowadih Ranchi-834010
Website-jiada.co.in, Email Id-riada.rnc@gmail.com

Letter No.-111 Dated-13.02.2025

**Corrigendum**

**Sub: Extension for submission of online application form for IT Tower in Namkum Industrial Area, Ranchi**

With reference to the Advertisement PR No. 344472 date 18.01.2025, the deadline for submitting online applications for the 30-year lease of a state-of-the-art IT Tower in Namkum Industrial Area, Ranchi, has been extended to March 04, 2025. Eligible IT/ITeS sector organizations are invited to apply through following websites:- www.advantage.jharkhand.gov.in /www.jiada.co.in

Sd/-
Regional Director

PR 346435 (RIADA (JIADA))24-25*D

# फॉसिल्स पार्क व बांसकोला गांव में चलाया गया वन अग्नि सुरक्षा अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो** : फॉसिल्स पार्क व बांसकोला गांव में वन विभाग के वन अग्नि सुरक्षा अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों को जंगलों में आग लगने के कारणों, उसके दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग एवं वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे मुख्य रूप से उपस्थित थे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों और पर्यटकों को यह संदेश दिया गया कि जंगलों की आग केवल पर्यावरण को ही नहीं, बल्कि वन्य जीवों और मानव जीवन को भी गंभीर नुकसान पहुंचाती है। डीएफओ प्रबल गर्ग ने इस अवसर पर सभी वन रक्षियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि वन संरक्षण में जनभागीदारी बेहद आवश्यक है और इस तरह के कार्यक्रम लोगों को जिम्मेदारी समझने में मदद करते हैं।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल की बैठक में नये पदाधिकारियों का चयन

# शैक्षणिक उपलब्धियों पर हुई चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा (झुमरीतिलैया)** : सेक्रेड हार्ट स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की बैठक गुरुवार को हुई। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा और संचालन



निदेशक प्रमोद कुमार ने किया। बैठक में लगातार अनुपस्थित रह रहे सदस्यों और पदाधिकारी के स्थान पर नए पदाधिकारी और सदस्यों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसमें मौसमी विश्वास को नए अध्यक्ष और आरिफ अंसारी को नए उपाध्यक्ष के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने विद्यालय की उपलब्धियां को गिनाया और कहा कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 इस स्कूल के लिए उपलब्धियां से भरा रहा। खेल से लेकर एकेडमी के क्षेत्र में भी कई सारी उपलब्धियां बच्चों ने स्कूल के लिए हासिल की। बैठक में स्कूल की वार्षिक परीक्षा और सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त करने पर विचार- विमर्श किया गया। इसके अलावा इस वर्ष स्कूल का शैक्षणिक सत्र अप्रैल के प्रथम सप्ताह से शुरू करने का निर्णय लिया गया।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**

**अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना– 99/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 22/02/2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 24/02/2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24/02/2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Additional Work for Aluminum Three Track Windows MS Grill at Arts block D RU Morabadi Campus ranchi | 4991100 | 99900 | 5000 | Two month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 346425 (Building) 24-25 (D)

## नि :शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

# 50 से अधिक लोगों का हुआ मेजरमेंट

- कोलकाता की चिकित्सकीय टीम ने किया सहयोग, आज मिलेगा कृत्रिम अंग
- क्लब अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा : जरूरतमंदों के लिए हम हैं उम्मीद की किरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : रोटरी क्लब कोडरमा एवं महावीर सेवा सदन कोलकाता हजारीबाग जागृति रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन रोटरी भवन मे लगाया गया आज 50 लोगों से अधिक कृत्रिम हाथ पांव लगाने का मेजरमेंट कोलकाता नारायणी सेवा सदन से आए डॉक्टर और उनकी टेक्नीशियन टीम ने लिया जिन्हें कृत्रिम अंग बनाकर कल दिनांक 14 तारीख शुक्रवार को प्रदान किया जाएगा क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि रोटरी क्लब कोडरमा आम जनों जरूरतमंदों के लिए उम्मीद की किरण है निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर में 100 से अधिक लोगों के कटे हाथ पैर लगाने एवं शरीर के कई निशक्त अंगों को कृत्रिम रूप से लगाने का कार्य है हम सभी रोटेरियन की कोशिश है कि पूरे जिले के लोग जरूरतमंद लाभुक लोग इसका लाभ ले सभी का इलाज निशुल्क किया जा रहा है परियोजना निदेशक संदीप सिन्हा ने कहा कि कल प्रातः भी मेजरमेंट लिया जाएगा रोटरी क्लब के मीडिया प्रभारी ने कहा कि मानवता के अमूल्य सेवा के इस शिविर में मरकच्चो सतगामा डोमचांच हजारीबाग गिरिडीह नवलशाही कोडरमा झुमरी तिलैया नगर परिषद के जरूरतमंदों ने भाग लिया।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में पांच दिवसीय व्याख्यान शृंखला कार्यक्रम का समापन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई क्यू ए सी) के तत्वाधान में पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला कार्यक्रम का सफल समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन डॉ. लक्ष्मी सरकार, महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ संजीता कुमारी, प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत, एवं सभी सहायक प्राध्यापक द्वारा दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मृदुला भगत द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। रिसोर्स पर्सन डॉ. लक्ष्मी सरकार द्वारा प्रकरण - क्रियात्मक अनुसंधान पर विस्तृत



जानकारी साझा किया। साथ ही अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों से अवगत कराया। रिसोर्स पर्सन ने अपने संबोधन में कहा कि क्रियात्मक अनुसंधान के द्वारा छात्रों के दैनिक जीवन की समस्याओं के निदान में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

# सर कटी युवती के शव का पुलिस ने किया उद्भेदन, पिता व दो भाई गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मरकच्चो** : मरकच्चो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ब्रहमटोली में एक नाबालिग लड़की के लापता होने की सूचना प्राप्त हुई। नाबालिक लड़की के परिजनों द्वारा दिये गये लिखित आवेदन पर मरकच्चो थाना में कांड संख्या-07/25 दिनांक 05-02-2025 को दर्ज किया गया। सूचना के सत्यापन एवं नाबालिक लड़की की बरामदगी के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय, कोडरमा द्वारा एक टीम गठन किया। गठित टीम के द्वारा लापता नाबालिक लड़की की खोजबीन की जाने लगी। खोजबीन के क्रम में दिनांक 12-02-2025 को पंचखेरी नदी के जमुनिया घाट किनारे बालू में



एक शव गड़ा हुआ मिला, जिसकी जांच पड़ताल पुलिस द्वारा की जाने लगी। पुलिस द्वारा शव की पहचान हेतु परिजनों को पंचखेरी नदी के जमुनिया घाट किनारे बुलाया गया, जहां पर तीनों परिजनों ने ही शव को पहचानने से इंकार कर दिया। पुलिस द्वारा मृतिका के घर पर सेप्टी टैक का नया निर्माण कार्य पाये जाने के कारण शक होने पर लापता लड़की के परिजनों से बार-बार विभिन्न बिन्दु पर सवाल किया गया। बार-बार विभिन्न बिन्दु पर पूछताछ करने पर परिजन अपने ही बात पर उलझते गए एवं अन्त तक परिजनो द्वारा लड़की को हत्या कर शव को छिपाने एवं शव को धड़ से अलग करने की बात स्वीकार किये। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर हत्या कर शव को छिपाने के लिए प्रयोग में लाए गए साइकिल, बोरी एवं टांगी को बरामद किया तथा हत्या कर शव को छिपाने के लिए प्रयोग में लाए गए सैप्टी टैक की पहचान की गई, जहां से मृतिका के सिर के बाल को जप्त किया गया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त मृतिका का भाई ज्योतिष कुमार पाण्डेय के द्वारा बताया गया कि मृतिका किसी लड़के से बात करती थी। फलस्वरूप अभियुक्त ज्योतिष कमार पाण्डेय ने कई बार मृतिका को डॉट-फटकार किया एवं बात करने से मना किया था। घटना के दिन दिनांक 02-02-2025 को पुनः बात करते हुए ज्योतिष कुमार पाण्डेय ने देख लिया, जिसे गुस्से में आकर दिन समय करीब 12:30 बजे दिन में अकेला पाकर गला दबाते हुए जान से मार दिया और शव को छिपाने हेतु सेप्टी टैंक में गाड़ दिया। पुलिस के लगातर सक्रियता के कारण शव को दिनांक-10/11-02-2025 की रात्रि में सेप्टी टैक से उखाड़कर पंचखेरी नदी के जमुनिया घाट के किनारे ले जाकर मृतिका के पिता मदन पाण्डेय के द्वारा सिर को शरीर से अलग कर गाढ़ दिया।

**कार्यालयः– प्राचार्य, सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची**
**गुँगु टोली, बहु बाजार, 834001**
E-mail:- principalranchi@gmail.com

पत्रांक....25...../स0प्र0के0, राँची/दिनांक 07/02/2025

**आवश्यक सूचना संख्या–01**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र, राँची अन्तर्गत नव–निर्मित प्रशिक्षण केन्द्र फुदी (खूँटी) में Refilling Fire Extinguishers सम्बन्धित कार्य कराया जाना है, जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 | विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1. | ABC TYPE FIRE EXTINGUISHER REFILLING CAPACITY 6 kg (1 YEARS WARRANTY) SUITABLE FOR CLASS A, B, C, & D FIRES INVOLVING COMBUSTIBLE MATERIAL LIKE WOOD PAPER, CLOTH FLAMMABLE GAS LIQUID PETROL, PAINTS SOLVENTS & ELECTRICITY STARTED FIRES & ALL CLASSES OF FIRE . | 79 |
| 2. | Co2(CARBON DI OXIDE) TYPE FIRE EXTINGUISHER REFILLING CAPACITY 4.5 kg (1 YEARS WARRANTY) SUITABLE FOR CLASS B & C FIRES INVOLVING MATERIAL LIKE FABRIC, OIL, GASES, LIVE ELECTRIC & DELICATE MACHINERIES . | 14 |
| 3. | NEW ABC PIPE | 18 |
| 4. | NEW Co2 PIPE | 15 |
| 5. | PROVIDING & FIXING OF FIRE HYDRANTS WITH 63 mm DAI SOUTLETS AND WITH INSTANTANEOUS TYPE PIPE THREADED MAKE COUPLING FOR CONNECTION TO HOSE CONFORMING TO I.S: 5290 INLETS FLANGED, MOUNTED ON A80 mm DIA STAND POST WITH COMPANION FLANGES, COMPRESSED ASBESTOS GASKET, BOLTS, NUTS AND WASHERS COMPLETE, SS . | 02 |

उपरोक्त उल्लेखित कार्यों को करने के इच्छुक एजेन्सी/फर्म निम्न शर्तों के अधीन अपना कोटेशन (Quotation) परिवहन शुल्क एवं GST सहित दिनांक 21.02.2025 के अपराह्न् 1:30 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय सहकारिता प्रशिक्षण केन्द्र (राँची) गुँगु टोली, बहु बाजार में जमा कर सकते हैं।

शर्तें :–
(i)एजेन्सी/फर्म ISO Certified होना चाहिए।
(ii)एजेन्सी/फर्म को कोटेशन (Quotation) के साथ निविदत कार्य का अनुभव प्रपत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(iii)चयनित एजेन्सी/फर्म को कार्य अवधि में Fire Extinguisher उपकरण आदि के रख–रखाव की जिम्मेवारी भी होगी।
(iv)चयनित एजेन्सी/फर्म का कार्य संतोषप्रद रहने पर अगले दो वर्षों के लिए अवधि विस्तार किया जा सकता है।

ह०/– प्राचार्य
स0प्र0के0, राँची

PR 346360 (Co-opretive)24-25*D

## एक झलक

### सरोजिनी नायडू की जयन्ती राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनी

**अररिया** : फारबिसगंज के तिरसकुंड के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई।इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि देकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन एवं सहायक शिक्षक रिंकू कुमार पासवान ने बच्चों को उनकी जीवनी के बारे में बताया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर चर्चा करते हुए बताया गया कि उन्होंने महात्मा गांधी और गोखले से मिलकर भारत छोड़ो आंदोलन और सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ली और जेल का सफर भी तय की। अपनी कविता को ऐसी सुरीली आवाज में सुनाती थी कि महात्मा गांधी ने उन्हें भारत की कोकिला के नाम की उपाधि प्रदान की। इस तरह उनको स्वर कोकिला के नाम से भी जाने जाने लगा।

### गर्भाशय कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान प्रारम्भ

**भागलपुर** : जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल मायागंज अस्पताल के ओपीडी परिसर में गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने गर्भाशय कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर हेमशंकर, जिला प्रतिरक्षक पदाधिकारी डॉक्टर धनंजय कुमार सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। इस मौके पर बताया गया कि 450 डोज टीका की आपूर्ति की गई है। जिला स्वास्थ्य समिति ने इससे संबंधित सूची भी जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्रों को गर्भाशय के मुंह यानी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए निशुल्क एचपीवी टीका पड़ेगा, जिसको लेकर आज से इस अभियान के पहले चरण में 9 से 14 वर्ष तक कि छात्रों का टीकाकरण होगा।

### बीएयू में मनाया गया विश्व रेडियो दिवस

**भागलपुर** : बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में गुरुवार को विश्व रेडियो दिवस का आयोजन किया गया। यूनिस्को द्वारा वर्ष 2025 के रेडियो दिवस का थीम रेडियो और जलवायु परिवर्तन रखा गया है। इस मौके पर वक्ताओं ने रेडियो द्वारा विकासात्मक संचार में रेडियो की भूमिका पर प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डी. आर. सिंह ने कहा कि बिहार कृषि विश्वविद्यालय उन चुनिंदा विश्वविद्यालय में से है जिसके अंतर्गत तीन सामुदायिक रेडियो स्टेशन संचालित है। एक अन्य रेडियो कटिहार से शुरू होने जा रहा है। विश्वविद्यालय ने स्थानीय समुदाय के उत्थान में रेडियो की प्रसंगिकता को साबित किया है।

### डीएम व एसपी ने ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**फारबिसगंज/अररिया** : अररिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अनिल कुमार एवं अररिया पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने गुरुवार को संयुक्त रूप से इंडोर स्टेडियम परिसर स्थित ईवीएम- वीवी पैट वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया। इस संबंध में बताया गया कि निर्वाचन विभाग के दिशा निर्देश के आलोक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्येक माह में एक बार बाह्य एवं प्रत्येक तीसरे माह में एक बार आंतरिक निरीक्षण किया जाता है। माह फरवरी 2025 का मासिक बाह्य निरीक्षण किया गया तथा सभी संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. राम बाबू कुमार, जिला अग्निशमन अधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत एवं भवन प्रमंडल सहित राजनैतिक पार्टी के प्रतिनिधि सीपीआई, जेडीयू, रालोजपा के प्रतिनिधि तथा अन्य प्रतिनिधिगण आदि मौजूद थे।

## 40 करोड़ की अफीम की फसल को पुलिस ने किया नष्ट

# नक्सलियों ने की थी खेती

एजेंसी

**पटना** : नवादा जिले के रजौली क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत के पेल्मो जंगल में गुरुवार को बड़े पैमाने पर हो रहे अफीम की खेती को रजौली पुलिस और वन विभाग की टीम ने नष्ट कर दिया है, जिसकी कीमत 40 करोड़ बताई जा रही है। सूचना मिली कि नक्सलियों ने हथियार खरीदने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की थी ।संयुक्त कार्रवाई कर लगभग एक एकड़ में लहलहाते अफीम की फसल को विनष्ट किया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घने जंगल और दुर्गम रास्तों को पार करते हुए अफीम फसल को नष्ट के लिए टीम ने यह सफलता पाया है। जंगल में बरसाती नालों के पास एवं छोटी पहाड़ी की घाटियों के बीच छुपी हुई ।जमीन पर लगी अफीम की फसल लगभग तैयार हालत में थी,जिसे नष्ट किया गया है। छापेमारी करने के दौरान में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।



**क्या कहते हैं एसपी**

**नवादा** एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर सवैयाटाड़ पंचायत के पेल्मों के जंगल में लगे एक एकड़ में लगी अफीम को फसल को नष्ट किया गया है ।छापेमारी करने के क्रम में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। अफीम की फसल तैयार करने वालों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने बुंडू में 70 एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू** : बुंडू पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अलग अलग दो टीमें बनाकर छापामारी अभियान चला रही है ।थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा के अनुसार बुधवार को बुचाडीह, तीलाईपीढ़ी एवं बारूहातु गांव स्थित जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में 70 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल नष्ट की।

## टाटा सफारी में रखे 43 किलो गांजा के साथ एक नेपाली तस्कर गिरफ्तार



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण** : भारत-नेपाल सीमा से सटे झरौखर थाना पुलिस व एसएसबी 71वीं वाहिनी के जमुनिया कैंप के जवानो ने गुरुवार की सुबह संयुक्त कारवाई करते हुए नेपाल की ओर से आ रही टाटा सफारी में रखे 43 किलों गांजा के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर नेपाल के रौतहट जिला के मौलापुर थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी लक्ष्मी नारायण साह है ।एसएसबी के अधिकारियो ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की नेपाल से झरौखर बॉर्डर होकर तस्कर गांजा लेकर जाने वाले है,जिसके बाद चेक पोस्ट पर चौकसी बढा दी गई ।इसी बीच बार्डर के पिलर संख्या 357/3 के निकट उक्त टाटा सफारी गाड़ी को देखा गया,जिसकी तलाशी के दौरान 8 पैकेटो में रखे 43 किलो गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया। झरौखर थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया नेपाली तस्कर द्वारा भारतीय टाटा सफारी गाड़ी संख्या बीआर01 पी बी 0110 से गांजा की खेप घोड़ासहन में किसी को डिलवरी करने जा रहा था ।पुलिस उक्त भारतीय नंबर गाड़ी वास्तविक मालिक की पहचान में जुटी है ।साथ ही तस्कर के पास से बरामद मोबाइल के कॉल डिटेल से इसके लिंकेज खंगालने में जुटी है ।उन्होने बताया कि तस्कर ने कुछ नामो का भी खुलासा किया है,जिसके विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

## नवादा में 16 वर्षीय युवक की निर्मम हत्या

**नवादा** : नवादा शहर के चौधरी नगर सोनसिहारी रेलवे ट्रैक के समीप गुरुवार को पुलिस ने एक शव बरामद किया है। मृतक युवक नवादा जिले के कुम्भी गांव के निवासी है, जो नवादा के मिजार्पुर मोहल्ले में रहकर पढ़ाई करता था। वह पिछले 8 फरवरी 2025 से लापता था,जिसकी सूचना घर के परिजन ने पुलिस को दी थी ।मगर कई दिनों तक पता नहीं चला। आज अचानक नवादा से सटे चौधरी नगर के आगे सनोखरा से सटे रेलवे लाईन के किनारे झाडी में एक शव फेंका हुआ पाया गया ।तब मृतक लड़का की पहचान सुमित कुमार, कुम्भी, बेलदारिया, वारिसलीगंज के रूप में हुई,जो कई साल से नवादा के मिजार्पुर मोहल्ले मे रहकर पढ़ाई करता था तथा विगत दिनों से गायब था।

## पांचवा महाराजा मदरा मुन्डा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी

- मैन ऑफ द मैच डेविड को मिला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : महाराजा मदरा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रेन्डो पतरातू चट्टू पंचायत में खेले जा रहे पांचवा महाराजा मदरा मुन्डा फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी 2025 का आठवाँ दिन का दूसरा सेमीफाइनल मैच ए डी आर एफ सी असम बनाम बी पी एस एस दुबलिया के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें 0-0के बराबरी पर समाप्त हुआ ।जिसका निर्णय ट्राई ब्रेकर के द्वारा लिया गया जिसमें असम के टीम ने 5-4 से विजय रही ।इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे डेविड को मुख्य अतिथि नेवरी पंचायत समिति मदन महतो एवं विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार के द्वारा पुरस्कार दिया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य संरक्षक कांके प्रखंड प्रमुख श्री सोमनाथ मुंडा एवं मैच के अध्यक्ष संजय मुंडा उपाध्यक्ष रंजन लकड़ा सचिव अजय एक्का कोषाध्यक्ष प्रेम किशोर महतो संरक्षक हाजी हेयात अंसारी, नसीमुद्दीन अंसारी, इम्तियाज अंसारी पुलिस मेंस एसोसिएशन उपाध्यक्ष श्री देवचंद मुंडा, सूरज प्रकाश महतो,संदीप राम,मदन महतो ,मंगराज मिंज दिनेश लोहरा। आज फाइनल मैच बी ए डी आर एफ सी असम बनाम मुंडा ब्रदर्स रांची के बीच खेला जाएगा।

## श्री श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2025 में सुंदरकांड का पाठ आयोजित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गुरुवार को श्री श्याम परिवार रांची द्वारा आयोजित श्री श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2025 में सुंदरकांड का पाठ आयोजित हुआ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से महोत्सव का शुभारंभ श्री गणेश पूजन, श्री श्याम प्रभू एवं हनुमान जी महाराज का निशान पूजन के साथ प्रातः 10:00 बजे से किया। संध्या 6:00 बजे से श्री सुरेश जी बजाज के नेतृत्व में सस्वर पुरूष एवं महिलाओं द्वारा संगीतम तथा भावपूर्ण सुन्दर काण्ड का पाठ किया जिसमें श्री हनुमान जी के भजन - वानर बाको रे लंका नगरी .... थारे झांझ नगाड़ा बाजे रे सालासर के मंदिर में..... जैसे भजनों का रस स्वादन सभी भक्तों द्वारा किय गया। सुंदरकांड प्रसंग के माध्यम से श्री हनुमान जी महाराज को भांति भांति के फलों का भोग लगाया गया। श्री श्याम परिवार, रांची के अध्यक्ष श्रवण जालान, मंटू जालान, पवन शर्मा, कमल जालान, जयदीप राज, अजय वशिष्ट, आशीष शर्मा, पंकज शर्मा बालचंद जैन, तथा महोत्सव संयोजक प्रकाश दालानियां आदि सदस्य सपरिवार उपस्थित थे जिसकी जानकारी अमित चौधरी जी ने दी।

## मुबारक और फजीलतवाली रात मानी जाती है शब-ए-बरात : सैयद हसन

एजेंसी

**भागलपुर** : खानकाह पीर दमड़िया के 15वें सज्जादानशीन सैयद शाह फखरे आलम हसन ने गुरुवार को कहा कि शब-ए-बरात, जो कि शाबान महीने की पंद्रहवीं रात होती है, इस्लामी परंपराओं में एक बहुत ही मुबारक और फजीलत वाली रात मानी जाती है। यह रात रहमत, मगफिरत और बख्शिश की रात कहलाती है, जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास इनायत फरमाता है। हालाँकि कुरआन में शब-ए-बरात का तख़्सीस के साथ ज़िक्र नहीं आया, लेकिन कुछ मुफस्सिरीन ने सूरह अद-दुखान की शुरूआती आयतों को इस रात से जोड़ा है, जहाँ लैलतुम मुबारकह (बरकत वाली रात) का ज़िक्र मिलता है



लेकिन ज्यादातर मुफस्सिरीन की राय यही है कि वहाँ लैलतुल कद्र की बात हो रही है। हदीसों में शब-ए-बरात की अजमत को खुलकर बयान किया गया है। अल्लाह तआला शाबान की पंद्रहवीं रात को अपनी मखलूक की तरफ तवज्जो फरमाता है और सबकी मगफिरत कर देता है, सिवाय मुशरिक और दिल में कीना रखने वाले के। जब शाबान की पंद्रहवीं रात आए तो उसमें इबादत करो और दिन को रोजा रखो, क्योंकि अल्लाह तआला इस रात गुरूब-ए-आफताब के बाद आसमान-ए-दुनिया पर नुजूल फरमाता है और फरमाता है। ह्यहै कोई मगफिरत मांगने वाला कि मैं उसे बख़्श दूँ? है कोई रिज्क मांगने वाला कि मैं उसे अता कर दूँ?ह्व शब-ए-बरात तौबा और इस्तिगफार की रात है। इस रात अल्लाह तआला बेशुमार गुनाहगारों को बख़्श देता है, सिवाय उन लोगों के जो शिर्क, कीना, रिश्तेदारों से कटाव, माँ-बाप की नाफरमानी या दूसरे बड़े गुनाहों में मुब्तिला हों और तौबा न करें। इस रात में ज्यादा से ज्यादा इबादत करना, नवाफि ल पढ़ना, कुरआन की तिलावत, दुरूद शरीफ और तौबा-इस्तिगफार में मस्रूफ रहना बड़ी बरकतों का बाइस है।

## कुख्यात अपराधी मुन्ना मिश्रा को एके 47 और मैगजीन बरामद मामले में 10 साल की जेल और 50,000 रुपये जुर्माना

एजेंसी

**गोपालगंज** : व्यवहार न्यायालय के एडीजे-10 मानवेंद्र मिश्रा की कोर्ट ने कुख्यात मुन्ना मिश्रा को एके 47 और मैगजीन बरामद मामले में 10 साल की जेल और 50,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर 6 माह के अतिरिक्त सजा सुनाई गई है। अभियोजन पक्ष से एपीपी जयराम साह और बचाव पक्ष से अधिवक्ता खजांची मिश्र और देवनन्दन सिंह की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने बुधवार को ही दोषी करार दिया था। इसके बाद गुरुवार को फैसला सुनाया गया। मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से कुल 7 गवाह पेश किए गए थे ।बताया जाता है कि कटेया थाना की पुलिस ने 23 जुलाई 2021 को पकहा तीन मोहानी के पास से प्रतिबंधित एके 47 एसाल्ट राइफल, मैगजीन और 28 जिंदा कारतूस के साथ कटेया थाने के पानन खास गांव के निवासी कुख्यात मुन्ना मिश्रा उर्फ मनोज मिश्रा उर्फ दिलीप मिश्रा को गिरफ्तार किया था। मामले को लेकर तत्कालीन कटेया थाना प्रभारी सुमन कुमार मिश्र ने अपने स्वलिखित बयान के आधार पर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले में 17 सितंबर 2021 को आरोप पत्र समर्पित किया गया था। जबकि 1 अगस्त 2022 को कोर्ट में आरोप गठन हुआ था। इसके बाद शुरू हुई गवाही के दौरान पुलिस अवर निरीक्षक छोटन कुमार, सुमन कुमार मिश्र, सर्वेंद्र कुमार सिंहा, अश्विनी कुमार तिवारी, वीरेंद्र कुमार सिंह, अभिषेक कुमार और राजेश कुमार सहित कुल सात गवाहों की गवाही हुई।

## जोगबनी से टुंडला महाकुंभ के लिए मिली स्पेशल ट्रेन एमपी ने पीएम और रेल मंत्री के प्रति जताया आभार




एजेंसी

**अररिया** : जोगबनी से आनंद विहार जाने वाली सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन में महाकुंभ को लेकर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और लगातार इस ट्रेन में तोड़फोड़ को लेकर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने महाकुंभ के लिए एक स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के द्वारा जोगबनी-टुंडला-जोगबनी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है ।05718 जोगबनी-टुंडला शुक्रवार को 18:40 में जोगबनी से खुलेगी और फारबिसगंज, अररिया, अररिया कोर्ट, पूर्णिया, कटिहार, नवगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, पाटलिपुत्र, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, मिजार्पुर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा होते हुए शनिवार को टुंडला 19:00 बजे पहुंचेगी। फिर यही ट्रेन 05717 टुंडला से रविवार को 21:40 में खुलकर जोगबनी मंगलवार को 2:20 मिनट में पहुंचेगी।22 आईसीएफ कोच वाले इस ट्रेन का परिचालन महाकुंभ मेले के दौरान अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए परिचालित की गई है। ट्रेन का परिचालन केवल एक फेरे के लिए है।

## भारत गौरव ट्रेन से ज्योतिर्लिंग दर्शन के साथ दक्षिण भारत यात्रा का सुनहरा अवसर

एजेंसी

**सहरसा** : मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिङ्ग के लिए बिहार से पहली बार भारत गौरव ट्रेन खुल रही है ।भारतीय रेलवे की शाखा, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड भारत सरकार का उधम मिनीरत्न की क्षेत्रीय कार्यालय पटना से देखो अपना देश के तहत ₹भारत गौरव ट्रेन की शुरूआत करने जा रही है। भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33% रियायत प्रदान कर रहा है ।यह पर्यटक ट्रेन 27 मार्च को बेतिया से खुलेगी जो सगौली, रक्सौल, बैरगिनिया, सीतामढी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्रा, आरा, बक्सर एवं पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन स्टेशन पर तीर्थ यात्रियो को ट्रेन में सवार होने के लिए रुकेगी और तीर्थ स्थलों जैसे की तिरुपति श्री बालाजी दर्शन, रामेश्वरम श्री रामनाथस्वामी मंदिर, मदुरै मीनाक्षी अम्मन मंदिरककन्याकुमारी कन्याकुमारी मंदिर एवं विवेकानंद रॉक एवं श्रीशैलम मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराते हुए 07 अप्रैल को वापस लौटेगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि भारतीय रेल द्वारा संचालित, भारत गौरव ट्रेन में दो श्रेणी रखी गयी है। इकॉनमी जिसमे स्लीपर क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 22520/- प्रति व्यक्ति निर्धारित है ।वही कम्फर्ट जिसमे 03 एसी क्लास से यात्रा होगी। इसका शुल्क रु. 38310/- प्रति व्यक्ति है ।वही श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल मे रात्री विश्राम ।शाकाहारी भोजन सुबह, दोपहर और रात का भोजन, सुबह शाम चाय, साथ ही प्रत्येक दिन 1 बोतल पानी ।घूमने के लिए श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित बस की व्यवस्था। कोच मे सुरक्षागार्ड, सफाईकर्मी और टूर एस्कॉर्ट उपलब्ध रहेंगे ।उन्होंने बताया कि इच्छुक पर्यटक यात्रा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एवं बुकिंग के लिए क्म्ळ्ळउ, बिस्कोमान टावर चौथा तल्ला, पश्चिमी गाँधी मैदान, पटना-१ या दूरभाष संख्या 8595937731, 8595937732 से प्राप्त कर सकते है, या IRCTC के वेबसाइट www.irctc-tourism.com पर जाकर बुकिंग कर सकते है, या IRCTC के अधिकृत एजेंट से भी बुकिंग करा सकते है। विस्तृत यात्रा विवरणिका कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। उन्होंने बताया कि सहरसा के यात्रियों के लिए खास आफर 10 या 10 से अधिक यात्री अगर एक साथ बुकिंग कराते है तो प्रति व्यक्ति 750/जरुपये की छूट दी जाएगी।

## गोला प्रखंड के बाबलोंग गांव में ईंधन के रूप में ग्रामीण कर रहे हैं गोबर गैस का उपयोग

- आर्थिक बचत, समय की बचत के साथ सुरक्षा की दृष्टि से पूर्ण रूप से सटीक
- पर्यावरण संरक्षण को लेकर किये जा रहे इस तरह के कार्य
- चार हजार परिवारों को मिलेगा इसका लाभ
- सिद्धा सोशल इनीसिएटीव थ्रू डेवलपमेंट एंड ह्यूमनटेरियन एक्शन संस्था द्वारा कराया गया है निर्माण





**सुजीत सिन्हा की रिपोर्ट**

**गोला (रामगढ़)** : गोला प्रखंड क्षेत्र से महज 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित संग्रामपुर पंचायत के बाबलोंग गांव में रांची के सिद्धा सोशल इनीसिएटीव थ्रू डेवलपमेंट एंड ह्यूमनटेरियन एक्शन संस्था के द्वारा सन- 2019- 20 में करीब 150 घरों में गोबर गैस के द्वारा खाना बनाने के लिए टैंक का निर्माण कराया गया है जिसका उपयोग खाना बनाने के लिए किया जा रहा है। उसके लिए अलग चूल्हे का इस्तेमाल किया जाता है, जिसे उन्नत चूल्हा के नाम से जानते हैं। प्रयोग में यह अन्य रसोई गैस की तुलना में अच्छा है और उसकी ज्वलनशीलता भी अच्छी है, लिहाजा विशेष चूल्हे से गोबर गैस के माध्यम से खाना बनाया जाता है। इसके इस्तेमाल से बने भोजन में किसी भी तरह की दुर्गंध या स्वाद में परिवर्तन नहीं होता है। निर्माणकर्ता संस्था की कोशिश की जितनी तारीफ की जाए वो कम है। इस संस्था के द्वारा सर्वप्रथम नाबार्ड और वनविभाग के साथ मिलकर एक प्रोग्राम कराया गया था जिसके बाद 2018-19 में जलछाजन का काम किया गया जो 2023 तक चला जिसके तहत गाँव में छोटे छोटे कई तालाब का निर्माण किया गया जिसमें ग्रामीणों को आजीविका के लिए मछली के बीज छोड़े गए तथा बतख भी दिए गए। इसके अलावा पंचायत अंतर्गत 7 हेक्टेयर जमीन पर आम बागवानी के लिए आम के पेड़ लगाए गए। लोगों के बीच 10- 10 मुर्गी शेड का निर्माण कराया गया। ये मुर्गी झाबुआ(मध्यप्रदेश) की ₹कड़कनाथ₹ नस्ल है। महंगे गैस के मार से बचाने के लिए यह एक सफल प्रयास साबित हो रहा है।

**गोबर गैस प्लांट से ग्रामीण हैं काफी उत्साहित**

**लाभार्थी** महिलाओं में गाँव के अंजू देवी व वैशाखी देवी का कहना है कि इससे सिलेंडर के खर्च की बचत होती है। पूर्व में ग्रामीण महिलाएं जंगल से जलावन हेतु लकडियाँ लाती थी तथा उसी से भोजन बनाई जाती थी। इस प्रक्रिया में काफी जोखिम था। आये दिन जंगल हाथियों की दहशत, खाना बनाने के क्रम में धूएँ से आँखों को नुकसान तथा समय की बबार्दी होती थी। इस प्लांट से मिल रहे फायदे को देखते हुए गाँव में छोटे-छोटे कई निजी गोबर गैस चैम्बर लगाए गए हैं जिससे गाँव के लोग अब उसी से खाना बना रहे हैं। इस गैस को पाइप के माध्यम से चूल्हे तक लाया जाता है फिर गैस जलाकर भोजन बनाने में उपयोग किया जाता है। टैंक से बाहर निकलने वाली गोबर के अवशेष को उर्वरक खाद के रूप में उपयोग कर ग्रामीण काफी लाभान्वित हो रहे हैं। यह खाद मिट्टी की उपज क्षमता को बढ़ा देती है। पूरी तरह से प्राकृतिक होने की वजह से इस खाद से पर्यावरण को भी किसी तरह का नुकसान नहीं होता है। इस पोषणकारी तत्व से मुफ़्त का प्राकृतिक खाद भी मिल जाता है।

**प्रक्रिया भी काफी आसान है**

**गैस** का निर्माण करने के लिए सबसे पहले घर पर गोबर गैस का प्लांट बनाना पड़ता है। गोबर गैस प्लांट एक ऐसा प्लांट है जिसके माध्यम से हमें भोजन पकाने के लिए ईंधन, खेतों के लिए जैविक खाद प्राप्त की जा सकती है। यह ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बहुत उपयुक्त है, इससे हमें और हमारे पर्यावरण को किसी भी प्रकार का नुकसान नहीं होता। यह हमारे लिए अत्यंत ही लाभदायक है।

गोबर से गैस बनने की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया गोबर डालने से पहले गोबर टैंक का प्रवेश पाइप बन्द करना पड़ता है। फिर गोबर को टैंक में डाल कर आवश्यकतानुसार पानी डालकर टैंक में उपस्थित गोबर को 2-3 मिनट घोलना पड़ता है। तीन-चार घंटे बाद टैंक के प्रवेश पाइप को खोलकर गोबर को अंदर प्रवेश कराना पड़ता है। सबसे पहले घर पर गोबर गैस का प्लांट बनाना पड़ता है। गोबर गैस प्लांट एक ऐसा प्लांट है जिसके माध्यम से हमें भोजन पकाने के लिए ईंधन, खेतों के लिए जैविक खाद प्राप्त की जा सकती है ।इससे ग्रामीणों को खाना बनाने के लिए लकड़ी की जरूरत समाप्त हो गयी ।वहीं, गोबर गैस से निकलने वाली स्लरी का उपयोग किचन गार्डेन में होने लगा। इससे खेत में रसायनिक खाद की जरूरत समाप्त हो गयी। सब्जी खाने से शारीरिक क्षमता भी बढ़ी।

**कड़कनाथ मुर्गी से ग्रामीण हैं उत्साहित व लाभान्वित ग्रामीणों को कड़कनाथ के चूजे दिये गये**

**यहां** के ग्रामीणों को कड़कनाथ का चूजा दिया गया ।शर्त थी कि मुर्गी या मुर्गा नहीं, केवल अंडा खा सकते हैं। इससे यहाँ रहनेवाले लोगों का पोषण की कमी दूर होने लगी ।धीरे-धीरे यहाँ के लोगों ने खुद से भी कई जानवर खरीदे तथा सरकार के द्वारा पशुपालन विभाग से मिलकर जानवर खरीदने की जानकारियाँ दी गई है। इससे गांव में जलावन से होनेवाला प्रदूषण समाप्त हो रहा है वहीं खाना बनाने के लिए ग्रामीणों को उन्नत किस्म का स्टोव भी दिये गये। गाँव में इस तरह से एलपीजी की खपत भी बहुत कम हो गई है। साथ ही संस्था के द्वारा अमृत जल बनाने की जानकारी दी जा रही है जिसका छिड़काव खेती बाड़ी में उपयोग में ला सकते हैं। औराडीह गाँव में बीज बैंक का निर्माण संस्था के द्वारा किया जाएगा। गोबर गैस के द्वारा खाना बनाने के लिए गाँव के लोगों को चूल्हे के लिए राशि दी जा रही है जिसका भुगतान पी डब्लू सी ऑर्गेनाइजेशन के द्वारा राशि का भुगतान किया जा रहा है। मौके पर संस्था के सचिव हेमंत कुमार एवं कार्यक्रम प्रमुख मनीष कुमार के अलावा गाँव के रूपलाल मांझी, तीर्थनाथ मांझी, जयनंदन मांझी, जगेश्वर मांझी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## एक झलक

### तब बेहद डर गये थे शोएब अख्तर

**लाहौर :** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज और रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से चर्चित रहे शोएब अख्तर अपने रवैये के कारण कई बार विवादों में रहे हैं। शोएब के हालांकि भारतीय खिलाड़ियों से अच्छे संबंध रहे हैं। वहीं अब शोएब ने बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से जुड़ी एक मजेदार घटना का खुलासा किया है। इसका एक वीडियो भी आया है। शोएब ने इसमें बताया कि अवॉर्ड फंक्शन के के बाद उन्होंने सचिन को उठाने की कोशिश की लेकिन सही से संतुलन नहीं बना पाए। इससे सचिन जमीन पर गिर गए। तब हुए काफी डरे हुए थे। उन्हें लगा कि अगर सचिन को कुछ हुआ तो लोग उनको छोड़ेंगे नहीं। शोएब ने इस वीडियो में कहा, पाकिस्तान के बाद अगर कोई एक देश है जहां मुझे बहुत प्यार मिला है, तो वह भारत है। भारत की मेरी यात्राओं से मेरी कई अच्छी यादें जुड़ी हैं। साल. 2007 के दौरे के दौरान एक अवॉर्ड फंक्शन था। इसके बाद हुए एक कार्यक्रम में मैं कुछ अलग करना चाहता था। इसलिए मैंने मजे के लिए सचिन को उठाने की कोशिश की पर वह मेरे हाथों से फिसल गये थे पर उसे समय में काफी डर गया था।

### इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में सुमित ढेकाले का शानदार प्रदर्शन


**नयी दिल्ली :** चेन्नई सिंघम्स के कप्तान सुमित ढेकाले ने टेनिस बॉल से खेले जाने वाले 10-10 ओवर के इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल ) में शानदार प्रदर्शन किया है। इस टूनार्मेंट में कई उभरते खिलाड़ी उतरते हैं। सुमित के अच्छे प्रदर्शन के बाद भी उनकी टीम को माझी मुंबई ने 24 रनों से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। मुंबई ने 10 ओवर्स में तीन विकेट पर 122 रन का विशाल स्कोर बनाया पर सिंघम्स 6 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। अब क्वालीफायर-1 में मुंबई का सामना फाल्कन राइजर्स हैदराबाद से होगा। सुमित ने 0 मैच में सबसे अधिक 185 रन बनाये हैं। वह सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। 36 साल के सुमित के बारे में खास बात ये है कि उन्होंने पृथ्वी शॉ, यशस्वी जायसवाल, प्रवीण तांबे, स्वप्निल साल्वी, विक्रांत औटी और साईराज पाटिल जैसे खिलाड़ियों के साथ 2019 में मुंबई पैंथर्स के लिए टी-20 मुंबई में भी भाग लिया था।

### रोहित ने गांगुली का रिकार्ड तोड़ा

**अहमदाबाद :** भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे एकदिवसीय में भी इंग्लैंड को 142 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। इसी सीरीज में जीत से चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इस सीरीज में जीत के साथ पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का एक रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित को कप्तान के तौर पर अब तक 137 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में से 98 मैचों में जीत मिली है। इस प्रकार वह सबसे सफल कप्तानों की सूची में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं पूर्व कप्तान गांगुली की कप्तानी में भारतीय टीम ने 195 मैचों में 97 मुकाबल जीते थे। भारतीय टीम के सबसे सफल कप्तानों मे नंबर एक पर महेंद्र सिंह धोनी हैं। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने कुल 332 मैचों में से 178 मैच जीते। दूसरे नंबर पर विराट कोहली है।

# आरसीबी के नये कप्तान बने रजत पाटीदार

## कोहली बोले-आप इसके हकदार; 2021 से टीम के साथ, मुश्ताक अली ट्रॉफी में एमपी के कैप्टन रहे




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरूआत से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को अपने नये कप्तान की घोषणा कर दी है। फ्रेंचाइजी ने मध्यक्रम के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। पाटीदार से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस टीम की कमान संभाल रहे थे। पिछले साल मेगा नीलामी से पहले आरसीबी ने डु प्लेसिस को रिलीज कर दिया था। वह 2022 से 2024 तक टीम के कप्तान थे। 40 साल के डु प्लेसिस इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते नजर आएंगे। टीम के स्टार खिलाड़ी एवं पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रजत के कप्तान बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट वीडियो में कहोली ने कहा कि मैं आप सबको यह बात बताना चाहता हूं कि रजत पाटीदार अब आरसीबी के नए कप्तान होंगे। रजत, सबसे पहले मैं आपको बधाई एवं शुभकामनाएं देना चाहता हूं। जिस तरह से आप फ्रेंचाइजी में आगे बढ़े हैं और जिस तरह से आपने प्रदर्शन किया है, आपने वास्तव में पूरे भारत में आरसीबी के सभी प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। वे आपको खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित होते हैं। कोहली ने आगे कहा कि मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके पीछे खड़े होंगे और आपको हमारा पूरा समर्थन मिलेगा। रजत पाटीदार को किया था रिटेन-रजत पाटिदार मेगा निलामी से पहले आरसीबी के रिटेन किए गए खिलाड़ियों (विराट कोहली और यश दयाल) में शामिल थे। रजत को 11 करोड़ रुपये में रिटेन किया गया था।रजत को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी घरेलू टीम मध्य प्रदेश की अगुआई करने का भी अनुभव है। पाटीदार ने मध्य प्रदेश को मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024/25 के फाइनल तक पहुंचाया था लेकिन टीम मुंबई से 5 विकेट से खिताबी मुकाबला हार गई थी। आरसीबी के 8वें कप्तान बने- रजत पाटीदार आरसीबी के 8वें कप्तान बने हैं। इससे पहले राहुल द्रविड़, केविन पीटरसन, अनिल कुंबले, डेनियल वेटोरी, शेन वॉटसन, विराट कोहली और फाफ डु प्लेसिस कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। आईपीएल में 27 मैच खेले-31 साल के बल्लेबाज ने आईपीएल में 27 मैच खेले हैं। इसमें उन्होंने 34.74 की औसत से कुल 799 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 7 अर्धशतक और एक शतक देखने को मिला है। पाटीदार 2021 में आरसीबी से जुड़े-पाटीदार 2021 में आरसीबी से जुड़े हुए थे। फिर पाटीदार को आईपीएल 2021 सत्र के बाद रिलीज कर दिया गया था, लेकिन 2022 में वह रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के तौर पर टीम से जुड़े थे। पाटीदार ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर मुकाबले में नाबाद 112 रनों की पारी खेली थी। वह आईपीएल इतिहास के पहले अनकैप्ड बल्लेबाज बने थे जिन्होंने प्लेऑफ मैच में शतक लगाया था। पाटीदार ने 2024 सीजन में आरसीबी के लिए 15 मैच खेले और 395 रन बनाए।

## हरियाणा के खेल मंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया दौरा, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



एजेंसी

**देहरादून :** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा से भाग ले रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल मंत्री ने विभिन्न खेल स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें भागीरथी हॉल भी शामिल था, जहां जिम्नास्टिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों से बातचीत कर उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। हरियाणा सरकार खिलाड़ियों को दे रही हर संभव सहायता गौतम ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा के खिलाड़ी पहले से ही शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय खेलों में भी बेहतरीन खेल दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हमारी खेल नीति ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। सरकार उन्हें वित्तीय सहायता और रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि वे सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत प्रबल दावेदार : गेल




एजेंसी

**नयी दिल्ली :** वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्रिस गेल ने कहा है कि रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदार है। गेल ने कहा कह उन्होंने भारतीय टीम का समर्थन इसीलिए किया है क्योंकि उसके पास अच्छी टीम है। इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि भारत के पास हमेशा एक अच्छी टीम होती है, चाहे वे कोई भी टीम चुनें। इसलिये उनकी जीत की संभावना ज्यादा होती है। गेल को लीजेंड्स लीग क्रिकेट टेन (एलएलसी10) टूर्नामेंट में बैद्यनाथ बुंदेलखंड ब्लास्टर्स टीम का संरक्षक नामित किया गया था। इसमें भारत भर के खिलाड़ियों के साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों की 12 टीमें टेनिस बॉल टेन ओवर टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। गेल ने कहा कि एलएलसी10 जैसे सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट एक अच्छा कदम है क्योंकि वे नए टूर्नामेंट लाने में मदद करेंगे। हम सभी ने स्थानीय स्ट्रीट सॉफ्ट बॉल क्रिकेट खेला है और अपना करियर शुरू किया है। गेल ने कहा कि खिलाड़ियों को मेरी सलाह है कि उन्हें क्रिकेट को एक खेल के रूप में गंभीरता से खेलना चाहिए जो बाद में आजीविका बन सकता है। वहीं गेल ने पिछले साल भारत दौरे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई मुलाकात को भी याद किया। गेल पिछले साल जमैका के प्रधानमंत्री एंड्रयू होल्नेस की भारत की आधिकारिक यात्रा के दौरान उनके आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। गेल ने कहा कि उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। मैं लगातार भारत आता रहा हूं और अपने इसी दौरानप प्रधानमंत्री के साथ मिलने का मौका मिलना शानदार था। गेल ने इस मुलाकात के क्षणों को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी साझा किया था।

## 71वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेनेवाली झारखंड टीम की घोषणा




एजेंसी

**रांची :** करनाल, हरियाणा में 15 से 18 फरवरी 2025 तक आयोजित होने वाली 71वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली झारखंड टीम की घोषणा कर दी गयी। टीम का चयन विगत महीने डाल्टनगंज, पलामू में संपन्न 17वीं सीनियर झारखण्ड राज्य महिला कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। टीम का कप्तान राष्ट्रीय महिला कबड्डी खिलाड़ी रेशम तारा को बनाया गया है, जबकि टीम का प्रशिक्षक उपेंद्र कुमार एवं प्रबंधक निधि उपाध्याय को बनाया गया है। उक्त की जानकारी कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए दी। टीम के चयनित खिलाडियों को शुभकामना देने वालों में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के मानद चेयरमैन बिपिन कुमार सिंह, राजीव रंजन मिश्रा, मदन मोहन पांडेय, तेजनारायण, महासचिव मुकेश सिंह, रेफरी बोर्ड के चेयरमैन जगदीश कुमार, आलोक कुमार, नवनीत सोनू, प्रवीण सिंह, मदन राय आदि शामिल है।

### 38वें राष्ट्रीय खेल का अंतिम मैच

## हॉकी झारखंड ने महाराष्ट्र को 2-1 से हराया



एजेंसी

**रांची :** 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक देवभूमि हरिद्वार, उतराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड महिला हॉकी टीम आज अपने अंतिम मैच में हॉकी महाराष्ट्र को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 2-1 से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त की। झारखंड टीम की ओर से पहले क्वार्टर में मैच के 12 वे मिनट में प्रमोदानी लकड़ा ने फिल्ड गोल कर झारखंड की 1-0 से बढ़त दी तत्पश्चात दूसरे क्वार्टर सुरू होते ही मैच के 17वें मिनट में झारखंड की अलबेला रानी टोप्पो ने पेनाल्टी कॉर्नर में गोल कर झारखंड के बढ़त को 2-0 कर दी, मध्यांतर के बाद महाराष्ट्र की टीम ने 39 वे मिनट में एक गोल कर वापसी करने का प्रयास किया, परंतु झारखंड के खिलाड़ियों ने उन्हें और कोई मौका नहीं दिया और मैच अपने नाम करते हुए 2-1 से जीत दर्ज कर कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया। झारखंड टीम के कांस्य पदक जीतने पर खेल मंत्री सुदीप्य कुमार सोनू, मनोज कुमार, सचिव पर्यटन, कला संस्कृति खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग झारखंड, संदीप कुमार, निदेशक खेलकूद एवम युवा कार्य विभाग, भोलानाथ सिंह, महासचिव हॉकी इंडिया, मधुकांत पाठक, महासचिव झारखंड ओलंपिक संघ, विजय शंकर सिंह, शिवेंद्र दुबे, मनोज कोनबेगी, असरिता लकड़ा, असुंता लकड़ा, सहित खेल विभाग झारखंड सरकार, झारखंड ओलंपिक संघ एवम हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने पूरी टीम और कोच, मैनेजर को बधाई दी है।

## कोहली के एशिया में 16 हजार रन पूरे

### इंग्लैंड के खिलाफ टॉप इंडियन स्कोरर बने, भारत लगातार 10वें वनडे में टॉस हारा



एजेंसी

**अहमदाबाद :** भारत ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया। टीम ने अहमदाबाद का दूसरा हाईएस्ट टोटल 356 का स्कोर बनाया। शुभमन गिल ने 112 रन की पारी खेली। इंग्लैंड टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ऑलआउट हो गई। बुधवार को रिकॉर्ड्स में विराट और गिल का नाम रहा। एशिया में विराट के 16 हजार रन पूरे हो गए। वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर भी बने। इसके अलावा, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

**1. एशिया में विराट के 16 हजार रन पूरे**

**स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली के एशिया में 16 हजार रन पूरे हो गए। उन्होंने बुधवार को 52 रन की पारी खेली। इसके साथ ही एशिया में खेले 312 मैचों में कोहली 16,025 रन बना चुके हैं। रिकॉर्ड में पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 411 मैच में 21,471 रन बनाए हैं। कोहली इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं, लेकिन औसत और पारियों की संख्या के लिहाज से वे अव्वल हैं।

**2. कोहली इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनानेवाले भारतीय**

**विराट** कोहली इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। वे 87 मैच में 4036 रन बना चुके हैं।

**3. शुभमन ने 2022 से 13 इंटरनेशनल शतक लगाये**

**ओपनर** शुभमन गिल ने 2022 के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट में 13 शतक लगाए हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के जो रूट की बराबरी कर ली। विराट कोहली भी 2022 के बाद 11 इंटरनेशनल शतक लगा चुके हैं।

## 2034 फीफा विश्व कप : सऊदी अरब में शराब पर प्रतिबंध, राजदूत ने की पुष्टि



एजेंसी

**लंदन :** सऊदी अरब में 2034 फीफा विश्व कप के दौरान शराब की अनुमति नहीं दी जाएगी। ब्रिटेन में सऊदी राजदूत प्रिंस खालिद बिन बंदर अल सऊद ने बुधवार को इस बात की पुष्टि की। एलबीसी रेडियो स्टेशन को दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि सऊदी अरब में कहीं भी शराब नहीं बेची जाएगी। यह फैसला 2022 कतर विश्व कप से अलग है, जहां विशेष प्रशंसक क्षेत्रों और पांच सितारा होटलों में ऊंची कीमतों पर शराब उपलब्ध थी। प्रिंस खालिद ने कहा, फिलहाल, हम शराब की अनुमति नहीं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सऊदी अरब अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का सम्मान करते हुए विश्व कप की मेजबानी करेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा, हर किसी की अपनी संस्कृति होती है। हम अपनी संस्कृति की सीमाओं के भीतर लोगों को समायोजित करने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम किसी और के लिए अपनी संस्कृति को बदलना नहीं चाहते। राजदूत ने यह भी स्पष्ट किया कि विश्व कप सिर्फ सऊदी अरब का नहीं, बल्कि एक वैश्विक आयोजन है।

## इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने से उत्साहित हैं रोहित



एजेंसी

**अहमदाबाद :** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम एकदिवसीय में मिली 142 रनों की जीत पर खुशी जतायी है। रोहित ने कहा कि भारतीय टीम ने इस सीरीज में आक्रामक अंदाज में खेला क्योंकि सभी खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलने की आजादी मिली हुई थी। साथ ही कहा कि प्रबंधन ने इस दौरान असफलताओं को लेकर किसी भी प्रकार की चिन्ता नहीं की। भारतीय टीम ने जि प्रकार से तीन मैचों की सीरीज 3-0 से जीती है। उससे टीम का आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मनोबल बढ़ा है। भारतीय टीम ने इस मैच में अपनी दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने इससे पहले साल 2008 में राजकोट में 158 रनों से जीत हासिल की थी। रोहित ने कहा कि टीम में अपने तरीके से खेलने की थोड़ी आजादी है। साथ ही कहा कि हम ऐसा करना जारी रखना चाहते हैं। इस दौरान कभी-कभी असफलता भी मिलेगी पर उससे टीम पर प्रभाव नहीं पड़ेगा। रोहित टीम के सामूहिक प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ये सीरीज आगे बढ़ी उससे मैं बहुत खुश हूं। हमें पता था कि हमारे सामने चुनौतियां होंगी। रोहित ने कहा कि उनकी टीम 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियन्स ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए अपने खेल में और सुधार करती रहेगी। टीम में निरंतरता बनाए रखना भी हमारा काम है और इसे लेकर संवाद स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि जाहिर है कि एक चैंपियन टीम हर मैच के साथ बेहतर होना चाहती है और वहां से आगे बढ़ना चाहती है।

## भारतीय कोच गौतम गम्भीर ने युवा खिलाड़ियों को समर्थन देने पर दिया जोर



एजेंसी

**अहमदाबाद :** भारतीय क्रिकेट टीम ने बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 142 रनों की शानदार जीत दर्ज की। इस जीत में युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के शतक ने अहम भूमिका निभाई। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच के बाद गिल की जमकर तारीफ की और युवा खिलाड़ियों को निरंतर समर्थन देने की जरूरत पर जोर दिया। गिल की शानदार वापसी गिल ने ऑस्ट्रेलिया दौरे की खराब फॉर्म को पीछे छोड़ते हुए इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में जबरदस्त वापसी की। उन्होंने तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी उपयोगिता साबित की। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच पारियों में मात्र 93 रन बनाने वाले गिल ने अहमदाबाद में अपने शतक से आलोचकों को करारा जवाब दिया। गंभीर ने गिल की प्रशंसा करते हुए कहा, वह अभी भी युवा बल्लेबाज है और उसमें सभी प्रारूपों में सफल होने की क्षमता है। टेस्ट क्रिकेट कठिन होता है, लेकिन उसने वहां भी अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें हर पारी के बाद किसी युवा खिलाड़ी का मूल्यांकन करने की बजाय उन्हें निरंतर समर्थन देना चाहिए।

# टोरेंट ग्रुप ने खरीदी गुजरात टाइटंस की 67% हिस्सेदारी

## आईपीएल फ्रेंचाइजी ने कन्फर्म किया; बीसीसीआई की भी मिली मंजूरी




एजेंसी

**अहमदाबाद :** गुजरात टाइटंस 2022 में अपने पहले ही सीजन में आईपीएल चैंपियन बनी थी। अहमदाबाद का टोरेंट ग्रुप आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस का मेजर शेयरहोल्डर बन गया है। PTI की रिपोर्ट के अनुसार- ग्रुप ने गुजरात टाइटंस 67% शेयर CVC कैपिटल से खरीदे हैं। उश्उ कैपिटल गुजरात टाइटंस की ओनरशिप वाली कंपनी है। गुजरात टाइटंस ने पर बुधवार को पोस्ट करके इसका ऐलान किया। हालांकि फ्रेंचाइजी ने डील की डिटेल जारी नहीं की है। इस डील को इउउक की IPL की गवर्निंग काउंसिल ने मंजूरी दे दी है। ग्लोबल प्राइवेट इक्विटी फंड कंपनी CVC ने GT को 5625 करोड़ रुपए में खरीदा था। गुजरात टाइटंस टीम ने 2022 के अपने पहले सीजन में ही IPL खिताब जीता था और 2023 में रनर अप रहे थे। गुजरात की कप्तानी शुभमन गिल कर रहे हैं।

हम 2021 में भी गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी खरीदने की दौड़ में थे। 4,653 करोड़ रु. की बोली लगाई थी, लेकिन तब चूक गए। इस बार सीवीसी ग्रुप और टोरेंट के बीच फ्रेंडली डील हो चुकी है। फरवरी में लॉक इन पीरियड खत्म होते ही ऑफिशियल डील साइन हो जाएगी।

**सीवीसी ने क्यों बेची हिस्सेदारी**

**लग्जमबर्ग** का सीवीसी ग्रुप शेयर मार्केट के पैटर्न पर पूरी रणनीति बनाकर चल रहा है। यानी मुनाफा हो गया तो प्रॉफिट बुक करो और निकलो। टोरेंट ने 2021 में भी बोली लगाई थी। 2021 में जब 2 नयी IPL टीमों के लिए बोली लगाई जा रही थी। तब टोरेंट ग्रुप ने भी गुजरात की नीलामी में बोली लगाई थी। उस समय ग्रुप ने अहमदाबाद के लिए 4653 करोड़ और लखनऊ के लिए 4356 करोड़ रुपए की बोली लगाई थी, हालांकि तब टोरेंट ग्रुप टीम नहीं खरीद सका था। टोरेंट ने विमेंस प्रीमियर लीग में भी टीम खरीदने के लिए बोली लगाई थी। 2018 में जब दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) के कुछ शेयर बिक रहे थे, टोरेंट समूह ने दिल्ली डेयरडेविल्स को भी खरीदीने की कोशिश की थी।

**टोरेंट एनर्जी सेक्टर की कंपनी**

**टोरेंट** पावर लिमिटेड एनर्जी सेक्टर की भारतीय कंपनी है। यह इलेक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन, डिस्ट्रीब्यूट और इलेक्ट्रिक केबल मैन्यूफैक्चरिंग का काम करती है। कंपनी हर साल 4328 मेगावाट बिजली बनाती है। कंपनी 400 KV डबल सर्किट प्रसारण लाइनें संचालित करती है, जो सुगेन और डीजेन प्लांट से अलग-अलग ऑफ-टेक सेंटर्स तक बिजली पहुंचाती हैं। टोरेंट गुजरात, दादर और नगर हवेली, दमन, दीव, मुंद्रा, आगरा और कालवा में बिजली डिस्ट्रीब्यूट करती है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 33,520 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था। वित्त वर्ष 2023 में यह 5,141 करोड़ रुपए रहा था। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का नेट प्रॉफिट 2,171 करोड़ था। टोरेंट का मार्केट कैप 1.04 लाख करोड़ रुपए है।



दोहा में कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में चेक गणराज्य की लिंडा नोसकावा एकल मैच में खेलती हुई।

## एक झलक

### ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर पुतिन से की बात

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की से भी फोन पर बात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन युद्ध और शांति की संभावनाओं पर बातचीत की। जेलेंस्की ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि उन्होंने ट्रंप के साथ एक सार्थक बातचीत की और शांति स्थापित करने के तरीकों पर चर्चा की। जेलेंस्की ने बताया कि इस बातचीत में टीम स्तर पर साथ काम करने की तत्परता, ड्रोन और अन्य उन्नत तकनीकी क्षमताओं पर चर्चा की गई। उन्होंने ट्रंप को धन्यवाद दिया और कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने इस प्रयास में दिलचस्पी दिखाई है। इसके अलावा, सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और संसाधन साझेदारी पर एक नए समझौते की तैयारी भी चर्चा का हिस्सा रही। जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप ने पुतिन से बातचीत की जानकारी साझा की और इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन के लोग शांति चाहते हैं।

### नेपाल का बिजली आयात निर्बाध करने का भारत से आग्रह

**काठमांडू** : नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने भारत के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर नेपाल में बिजली आयात की व्यवस्था को निर्बाध करने का आग्रह किया है। भारत ऊर्जा सप्ताह (11-14 फरवरी) सम्मेलन में भाग लेने नई दिल्ली पहुंचे ऊर्जा मंत्री खड़का ने अपने भारतीय समकक्ष मनोहर लाल से भारत द्वारा किए जा रहे 1000 मेगावाट बिजली के निर्यात को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देने का आग्रह किया है। इस मुलाकात के बारे में ऊर्जा मंत्री खड़का ने बताया कि दिसंबर से मार्च तक सर्दी के मौसम के कारण नेपाल में बिजली का उत्पादन कम होता है। इसके कारण इन चार महीनों में भारत से बिजली का आयात किया जाता है। इस समय भारत की तरफ से भेजे जा रहे एक हजार मेगावाट बिजली को पिक आवर में भी निर्बाध रूप से चालू रखने का आग्रह किया गया है।

### चाबहार पोर्ट पर ईरान के साथ खड़ा है भारत

**वॉशिंगटन** : अमेरिका में डोनाल्ड् ट्रंप प्रशासन के ताजा आदेश से ईरान के चाबहार पोर्ट में भारत के निवेश पर खतरा बढ़ गया है। अमेरिका ने भारत को चाबहार पोर्ट पर ट्रंप प्रशासन के पहले दौर में छूट दी थी लेकिन अब इस छूट को खत्म करने का आदेश दिया है। भारत ने अमेरिका के एक्शन पर प्रतिक्रिया देकर कहा कि चाबहार पोर्ट के लिए उसकी प्रतिबद्धता बरकरार रहेगी। भारत ने कहा कि चाबहार पोर्ट ने अफगान और मध्य एशिया के देशों के साथ संपर्क बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। चाबहार पोर्ट को लेकर चल रहे तनाव के बीच पीएम मोदी अमेरिका पहुंचे हैं और राष्ट्रापति डोनाल्डा ट्रंप संग उनकी अहम बैठक होनी है। माना जा रहा है कि बैठक में भारत फिर से अमेरिका से चाबहार पोर्ट को लेकर छूट देने की मांग कर सकता है। अमेरिका के विल्सरन सेंटर में दक्षिण एशियाई मामलों के विशेषज्ञ माइकल कुगलमैन ने लिखा, पीएम मोदी अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रंप की ईरान के खिलाफ अधिकतम दबाव की नीति से भारत चाबहार पोर्ट के विकास पर पड़ने वाले असर पर सफाई मांग सकते हैं।

# राष्ट्रपति ने युवा प्रोबेशनर्स से नागरिक-केंद्रित, कुशल व पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने का किया आग्रह

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को भारतीय सिविल लेखा सेवा सहित विभिन्न युवा प्रोबेशनर्स से खुद को उन्नत प्रौद्योगिकियों और कौशल से अवगत रखने और अधिक नागरिक-केंद्रित, कुशल और पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने का आग्रह किया। भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय डाक और दूरसंचार (वित्त और लेखा) सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय डाक सेवा के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि युवा अधिकारियों के पास अपने कामकाज के माध्यम से राष्ट्र के विकास और समृद्धि में सीधे योगदान करने का अवसर है, चाहे वह सार्वजनिक वित्त का प्रबंधन हो या पूरे देश में निर्बाध कनेक्टिविटी और संचार सुनिश्चित करना हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जैसे-जैसे भारत नवाचार और डिजिटल पहलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतत और समावेशी विकास की ओर बढ़ रहा है, आप जैसे युवा सिविल सेवकों के पास महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली अच्छे शासन की नींव है। आप जिन सेवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके पास एक सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन प्रणाली सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया भर में, देश और संस्थान सार्वजनिक सेवा



वितरण को बढ़ाने के लिए एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित कर रहे हैं, साथ ही लेखांकन, लेखा परीक्षा और बजट के लिए वैश्विक मानक भी स्थापित कर रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि युवा प्रोबेशनर्स ऐसे समय में अपनी सेवा में शामिल हुए हैं जब देश डिजिटल परिवर्तन का अनुभव कर रहा है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, ई-बिल और डिजिटल ऑडिट सहित सरकार की प्रमुख पहलों ने शासन प्रणाली में प्रभावशीलता को काफी हद तक बढ़ाया है। ये पहल डिजिटल रूप से समावेशी वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दशार्ती हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि लोगों में सेवा वितरण में अधिक गति और दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि की अपेक्षा लगातार बढ़ रही है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सरकारी विभागों के लिए उभरती हुई प्रौद्योगिकियों का सर्वोत्तम उपयोग करके अपने सिस्टम को आधुनिक और डिजिटल बनाना आवश्यक है। ऐसी प्रौद्योगिकियों में मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल हैं। उन्होंने युवा अधिकारियों से खुद को उन्नत प्रौद्योगिकियों और कौशल से अवगत रखने और अधिक नागरिक-केंद्रित, कुशल और पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रोवशनर्स न केवल अपने व्यक्तिगत करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए बल्कि भारत के लोगों को सरकारी सेवाओं के प्रभावी वितरण में योगदान देने के लिए भी हर संभव प्रयास करेंगे।

# वर्चुअल टूर से मिलेगी मप्र के इतिहास व संस्कृति की जानकारी : डॉ. मोहन

■ फिनलैंड की संस्था वी रियल बनायेगी मप्र के पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों पर वर्चुअल टूर, एमपी टूरिज्म बोर्ड के बीच हुआ एमओयू

एजेंसी

**भोपाल** : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में गुरुवार को एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवंत अनुभूति देने वाले इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता का शॉल और पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संस्कृति को प्रदर्शित करती कॉफी टेबल बुक भेंट की। पर्यटन और संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि फिनलैंड की कंपनी वी-रियल द्वारा इतिहास, संस्कृति, और धरोहर का उन्नत तकनीक के माध्यम से वीडियो निर्माण कर संरक्षित और पुनर्जीवित किया जाता है।



## महाशिवरात्रि पर्व से आरंभ होगा विक्रमोत्सव-2025

**मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी से विक्रमोत्सव-2025 का आरंभ होगा। सृष्टिकर्ता महादेव के महोत्सव से सृष्टि के आरंभ दिवस वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च तक चलने वाला विक्रमोत्सव, सम्राट विक्रमादित्य के युग, भारत उत्कर्ष, नवजागरण और भारत विद्या पर केंद्रित रहेगा। इसके अंतर्गत साहित्यिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही ज्योतिर्विज्ञान, विचार गोष्ठियाँ, इतिहास और विज्ञान समागम, विक्रम व्यापार मेला, लोक एवं जनजातीय संस्कृति पर आधारित गतिविधियाँ संचालित होंगी। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ऐप के प्रवर्तन, हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन, वस्त्रोद्योग, हथकरघा उपकरणों की प्रदर्शनी के साथ क्षेत्रीय, पौराणिक फिल्मों के महोत्सव और श्रीकृष्ण पर केन्द्रित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रस्तुतियाँ भी विक्रमोत्सव का हिस्सा रहेंगे। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ ही शोधपरक पुस्तकों, ग्रन्थों का लोकार्पण और विक्रम पंचांग का प्रकाशन भी होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को अपने निवास कार्यालय समत्व भवन में विक्रमोत्सव-2025 की आयोजन समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को समाहित किए विरासत से विकास का यह विक्रमोत्सव अपने आप में अनूठा है। इस अवसर पर उन्होंने विक्रमोत्सव के कैलेंडर का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विक्रमोत्सव का आयोजन, सम्राट विक्रमादित्य के बहुआयामी व्यक्तित्व की गरिमा के अनुरूप हो। कार्यक्रम का प्रारंभ अत्यंत निकट है। अतः सभी विभाग, समन्वयपूर्वक निर्धारित समय से पहले ही सभी तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। आयोजन के सहभागी बनने वाले सभी विद्वतजन, कलाकारों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों का स्वागत और व्यवस्था 'अतिथि देवो भवः' के भाव से की जाए।

# तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा और भाजपा सांसद संबित पात्रा को जेड श्रेणी की सुरक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने सुरक्षा खतरों के मद्देनजर तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा और भाजपा के मणिपुर प्रभारी सांसद संबित पात्रा को जेड श्रेणी का सशस्त्र सुरक्षा कवर प्रदान किया है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा को दलाई लामा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया कि दलाई लामा को देश के सभी हिस्सों में सीआरपीएफ कमांडो के जेड श्रेणी के सुरक्षा कवर द्वारा सुरक्षित रखा जाएगा।

दलाई लामा को अभी तक हिमाचल प्रदेश पुलिस का एक छोटा सुरक्षा कवर प्राप्त था। ऐसे में वह जब



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली अथवा किसी अन्य स्थान पर जाते थे तो स्थानीय पुलिस उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करती थी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की समीक्षा के बाद सरकार ने अब उन्हें एक समान सुरक्षा कवर प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि दलाई लामा की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के करीब 30 कमांडो की टीम शिफ्ट में काम करेगी।

सूत्रों ने बताया कि इसी तरह गृह मंत्रालय ने मणिपुर में भाजपा नेता संबित पात्रा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। पुरी से लोकसभा सांसद संबित पात्रा मणिपुर में भाजपा के प्रभारी भी हैं। मणिपुर में जातीय हिंसा के मद्देनजर उन्हें सुरक्षा प्रदान की गई है।

### केजरीवाल से मिले आदित्य बोले-रिश्ते चलते रहते हैं

**नयी दिल्ली** : शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे समेत पार्टी के सांसदों और नेताओं ने गुरुवार को दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आआपा) संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। मुलाकात के बाद आदित्य ठाकरे ने कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन रिश्ते चलते रहते हैं। आदित्य ठाकरे ने संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर विपक्षी गठबंधन के अगले कदम के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा कि देश के हित और जनता की आवाज उठते रहेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि आरोप लगाया कि आज चुनाव निष्पक्ष नहीं हो रहे हैं।

## डॉ. पीबी सलीम सीईओ ऑफ द ईयर से सम्मानित




एजेंसी

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (WBPDCL) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, डॉ. पी बी सलीम, आईएएस को ASSOCHAM द्वारा ऊर्जा उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 में सीईओ ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार डॉ. सलीम के नेतृत्व में WBPDCL की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देता है। डॉ. सलीम के नेतृत्व में, WBPDCL ने ऊर्जा क्षेत्र में एक उल्लेखनीय यात्रा शुरू की है। उन्होंने जून 2019 से WBPD-CL का नेतृत्व किया है और इस दौरान कम्पनी ने उत्कृष्टता के नये मानक स्थापित किये हैं।

## परीक्षा पे चर्चा का तीसरा एपिसोड

# उपकरण के रूप में उपयोग करें एआई लेकिन तकनीक से परे जीवन का भी लें आनंद



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी)-2025 के तीसरे एपिसोड में गुरुवार को टेक्नीकल गुरुजी के नाम से मशहूर गौरव चौधरी और एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में एआई को एक उपकरण के रूप उपयोग करने का सुझाव दिया। साथ ही चेताया कि यदि हर चीज के लिए हम उस पर निर्भर हो जाएंगे तो हमारी क्रिएटिविटी प्रभावित होगी। इसलिए तकनीक से परे जीवन का आनंद भी लें। इस मौके पर टेक्नीकल गुरुजी ने छात्रों को तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने को लेकर मार्गदर्शन किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह उनकी पढ़ाई में बाधा बनने के बजाय उनकी सबसे बड़ी ताकत बने। उन्होंने स्मार्ट स्टडी ऐप्स, डिजिटल नोट्स और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म के लाभों पर प्रकाश डाला, जिससे छात्रों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में तकनीक को एकीकृत करने में मदद मिली।

### सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए जम्मू में बैठक

**जम्मू** : कश्मीर में उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक के एक दिन बाद क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने गुरुवार को एक बैठक बुलाई है, जिसकी अध्यक्षता वे खुद कर रहे हैं। बैठक में जम्मू कशमीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारी और विभिन्न अन्य सुरक्षा एजेंसियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बैठक का फोकस कानून-व्यवस्था, सुरक्षा स्थिति, नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ सहित अन्य मुद्दों का आकलन करना है। बुधवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कश्मीर क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए श्रीनगर के पुलिस नियंत्रण कक्ष में इसी तरह की सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की थी।

# रकुल ने पोस्ट शेयर कर बतायी कंफर्ट जोन की बात



**मुम्बई** : अभिनेत्री ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस पोस्ट में रकुल ने लिखा, 'हर कोई हमेशा अपने कम्फर्ट जोन को लेकर अच्छा महसूस करता है, लेकिन कम्फर्ट जोन हमें कभी आगे नहीं बढ़ने देता।' अभिनेत्री ने आगे कहा, 'आपका कम्फर्ट जोन ही आपका दुश्मन है। इसकी वजह से आप कभी आगे नहीं बढ़ सकते।' रकुल प्रीत सिंह अक्सर चर्चा में रहती हैं, चाहे वो उनकी फिल्मों, फिटनेस रूटीन, फैशन सेंस, या फिर उनके व्यक्तिगत जीवन से जुड़ी खबरें हों। इसके अलावा वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं, जिससे वो अपने फैंस के साथ लगातार जुड़ी रहती हैं। फिलहाल रकुल प्रीत सिंह अपनी आगामी फिल्म 'कबीर सिंह' में व्यस्त हैं। फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के कारण सुर्खियों में आई हैं। रकुल के साथ इस फिल्म में अभिनेता अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर सहित कई दमदार स्टार कलाकार नजर आएंगे। इस बीच दर्शक फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'मेरे हसबैंड की बीवी' कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर है। फिल्म का निर्माण जैकी भगनानी और वासु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट ने किया है। यह फिल्म 21 फरवरी को पूरे भारत में रिलीज होगी।

# बौद्धिक व मूल्यों की शिक्षा के समन्वय से ही भारतीय शिक्षा का हो सकता है उत्थान : वी नारायण

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : मनुष्यता को प्राचीन भारत की देन अद्भुत है, सभी क्षेत्रों में भारत के योगदान को कभी नकारा नहीं जा सकता। भारत के इस अद्भुत ज्ञान का परिचय आज की युवा पीढ़ी से कराना बहुत आवश्यक है। यह कहना है इसरो के अध्यक्ष वी नारायण का। श्री नारायण ने ज्ञान महाकुंभ 2018 के समापन अवसर पर कहा कि हमारे पास अनेक साक्ष्य हैं कि भारत में अनेक देशों के छात्र शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते थे। हमारे यहाँ के आयुर्वेद ने सभी सीमाओं को पार कर वैश्विक मान्यता प्राप्त की थी। श्री नारायण ने कहा कि अंग्रेजों के आने के बाद भारत में शिक्षा का स्तर बढ़ा, इस कथन को मैं सिरे से नकारता हूँ। उनका कहना था कि भारतीय ज्ञान और संस्कृति उत्कृष्ट थी और इसे आक्रांताओं ने आहत किया। लेकिन आज हम सभी का कर्तव्य बनता है कि देश के प्राचीन ज्ञान और संस्कृति के आधार पर इसे विकसित राष्ट्र बनाएँ। भारत आज सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है।

ज्ञान महाकुंभ के समापन सत्र के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह माननीय दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत में समस्याओं की कमी नहीं है, लेकिन समस्याओं की ही चर्चा करते रहे तो देश आगे बढ़ ही नहीं सकता। यही कारण है कि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने अपना जो ध्येय वाक्य रखा है, उसमें प्रमुख है कि समस्या नहीं समाधान की चर्चा करें। श्री होसबाले ने कहा कि देश के शिक्षा क्षेत्र में ऐसा बदलाव चाहिए, जिससे भारत में भविष्य



निमार्ता, विद्यार्थियों में ज्ञान और जीवन मूल्य को स्थापित कर सके। श्री होसबाले के अनुसार, भारतीय दृष्टि से क्या होना चाहिए, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने इसकी न तो केवल सरकार से अपेक्षा रखी, बल्कि ऐसी मांग ही नहीं की। परंतु न्यास ने समाज में प्रबोधन का कार्य भी किया है। श्री होसबाले ने कहा कि न्यास द्वारा भारत के शिक्षाविदों, चिंतकों, विद्वत-जनों को एक मंच पर लाकर इस

■ आत्मनिर्भर छात्र से ही आत्मनिर्भर राष्ट्र हो सकता है : दत्तात्रेय होसबाले

■ हमें समाज में एक बार फिर भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना का जागरण करना होगा : डॉ कृष्ण गोपाल

विषय के समाधान को लेकर समय-समय पर मंथन किया है। इसके साथ ही न्यास ने शिक्षण संस्था संचालित करने वालों को भी आवश्यक परिवर्तन की भूमिका से परिचित कराया और इस दृष्टि से शैक्षिक संस्थान चलाने के लिए प्रेरित किया। श्री होसबाले ने आगे कहा कि भारतीय मूल्यों के लिहाज से संस्कार देने वाली शिक्षा के साथ ही चरित्र निर्माण को लेकर भी न्यास ने कार्यक्रम चलाए। इसके साथ ही पर्यावरण, भारतीय भाषा जैसे अनेक आयामों पर कार्यक्रम करते हुए और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालयों में संघर्ष के साथ ही आवश्यक होने पर शासन के सामने विचार रखते हुए न्यास ने ना केवल योग्य वातावरण बनाने का प्रयत्न किया है, बल्कि विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, संचालकों, शिक्षाविदों के लिए शैक्षिक परिवर्तन के राष्ट्रव्यापी आंदोलन में उनकी सहभागिता और भूमिका को लेकर जागृति लाने का भी प्रशंसनीय कार्य किया है।

ज्ञातव्य है कि 'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते' अर्थात दुनिया में ज्ञान के समान पवित्र और कुछ नहीं है। श्रीमद्भगवद् गीता की इस पंक्ति की सार्थकता को व्यापक रूप देने को लेकर प्रयागराज में 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' ने ज्ञान महाकुंभ - 2081 का आयोजन किया, जो 10 जनवरी से शुरू होकर 10 फरवरी तक चला। जिसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने किया था।

इस ज्ञान महाकुंभ में 01 फरवरी 2025 को भारत को इंडिया कहे जाने की सार्थकता को लेकर मंथन हुआ। इस विशिष्ट कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि 'इंडिया' शब्द सिर्फ.नाम तक सीमित है, जबकि 'भारत' हमारे लिए भावना है, हमारे पूर्वजों की विरासत है।